स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बृहस्पतिवार
28 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 276 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल का रिकॉर्ड



## प्री-मानसून बारिश कल से पांच जून तक संभव

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 मिमी बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।

- 90 प्रतिशत भारत कवर करेगी
- केरल में नमी कम होने से अटका मानसून



मौसम विभाग ने 26 मई को मानसून पहुंचने का अनुमान लगाया था, लेकिन यहां नमी कमजोर होने से मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। वहीं, दक्षिण-मध्य अरब सागर में चक्रवाती सर्कुलेशन से भी बादल कमजोर हुए हैं। यूरोप की मौसम एजेंसी यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स ने सैटेलाइट, समुद्री और वायुमंडलीय डेटा को मिलाकर भारत में 15 दिनों की बारिश का पूर्वानुमान निकाला है। इसमें अगले 8 दिनों में दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर और बंगाल की खाड़ी के इलाकों में ज्यादा बारिश के संकेत हैं। 29 मई के पूर्वानुमान के अनुसार बिहार, पश्चिम बंगाल, यूपी, पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में 50-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कुछ जगह हल्की बारिश की संभावना है।

### बढ़ती गर्मी के बीच पीएम नरेंद्र मोदी की देशवासियों से अपील

## बढ़ते तापमान पर अधिकतम सावधानी बरतें

**नई दिल्ली।** भारत में बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से अधिकतम सावधानी बरतने का आग्रह किया है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील करते कहा, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, बाहर निकलते समय अपने साथ पानी रखें, दूसरों को भी पानी पिलाएं; ऐसी नेक भावना का बहुत महत्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग भीषण गर्मी में खास तौर से असुरक्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी से होने वाली थकावट के लक्षणों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

- बोले- पशु-पक्षियों का भी रखें ख्याल
- दिए हीटवेव से बचाव के टिप्स

**नागरिकों को नेकी करने की भी दी सलाह**

उन्होंने कहा, ऐसे मौसम में आपकी संवेदनशीलता भी बहुत बड़ा सहारा बन जाती है। अगर संभव हो, तो किसी प्यासे व्यक्ति को एक गिलास पानी अवश्य दें। मैं ऐसे लोगों की सराहना भी करूंगा जो अपने घरों के और दुकानों के बाहर मटके में जल रखते हैं ताकि कोई भी उनसे पानी पी सके। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, जब भी संभव हो, अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और अन्य प्रियजनों को फोन कर उनका हालचाल अवश्य पूछें। उन्हें पर्याप्त पानी पीने, दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलने और जितना हो सके, आराम करने की सलाह दें। पीएम मोदी ने आगे लिखा, इस प्रचंड गर्मी में हमें अपने आसपास के पशु-पक्षियों को भी नहीं भूलना चाहिए। अपने घर, बालकनी, छत, दुकान या ऑफिस के बाहर पानी से भरा एक छोटा-सा बर्तन रखना भी किसी प्यासे पक्षी के लिए जीवनदान बन सकता है।



### पीएम मोदी ने लोगों से की भरपूर मात्रा में पानी पीने की अपील

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही दैनिक जीवन में गर्मी से होने वाली कई कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि जितनी अधिक सावधानी बरत सकें, अवश्य बरतें। कृपया स्वयं को हाइड्रेटेड रखें, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखें।

### शुभकामनाएं

'ईद-उल-अज़हा' पर्व के शुभ अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरक बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

इस अवसर पर स्वतंत्र भारत प्रेस व कार्यालय में दिनांक 28-05-2026 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 30-05-2026 को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

## 'एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस साल की शुरुआत में 29 जनवरी को लंबी सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था और बुधवार को अपना फैसला सुनाया। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कराना चुनाव आयोग का अधिकार है। एसआईआर प्रक्रिया सांविधानिक है। पीठ ने कहा, चुनाव आयोग ने शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया और न ही एसआईआर के दौरान नियमों के खिलाफ जाकर मतदाताओं के नाम काटे गए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324, प्रतिनिधि कानून, 1950 के तहत एसआईआर कराने की शक्ति दी गई है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि ये नहीं कहा जा सकता कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के जरिए अपनी वैधानिक शक्तियों के परे जाकर काम किया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की उस दलील को भी खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया कि एसआईआर लाल बाबू हुसैन मामले में दिए गए फैसले का उल्लंघन करती है। अदालत ने फैसले में कहा कि चुनाव आयोग के पास शक्ति है कि वे मतदाता सूची के उद्देश्य के लिए नागरिकता की भी जांच कर सकता है। हालांकि चुनाव आयोग ये तय नहीं कर सकता कि कौन भारतीय नागरिक है या नहीं, लेकिन मतदाता सूची के संबंध में नागरिकता संबंधी सवालों की जांच करना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में है। अदालत ने कहा प्रतिनिधि कानून की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग के पास इसका वैधानिक अधिकार है। अदालत ने ये भी साफ किया कि अगर आयोग को लगता है कि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने की वैधानिक शर्तें पूरी नहीं करता है तो आयोग उस व्यक्ति को सक्षम प्राधिकारी के पास भेज सकता है।

- मतदाता सूची पुनरीक्षण की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर



### चुनाव आयोग मानता है एसआईआर को जरूरी

एसआईआर के खिलाफ अधिकांश याचिकाएं पिछले साल जून में दाखिल की गई थीं, जब चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर अभियान शुरू करने का फैसला लिया था। इसके बाद यह प्रक्रिया पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु समेत कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक बढ़ा दी गई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाए रखने तथा फर्जी या अयोग्य मतदाताओं को हटाने के लिए यह अभियान जरूरी है।

### याचिका में उठाए गए थे ये सवाल

याचिकाओं में चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर अभियान की वैधता पर सवाल उठाए गए थे। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और उससे जुड़े नियमों के तहत चुनाव आयोग को मिले अधिकारों के तहत नहीं आती है। विवाद का मुख्य मुद्दा चुनाव आयोग की वह शर्त है, जिसके तहत जिन मतदाताओं का नाम 2002 या कुछ राज्यों में 2003 की मतदाता सूची में नहीं था, उन्हें ऐसे व्यक्ति से पारिवारिक संबंध साबित करना होगा, जिसका नाम उन सूचियों में दर्ज था।

## केरल में ईडी की कार्रवाई पर बवाल

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम में पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास के बाहर उस वक्त भारी हंगामा मच गया, जब सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों की गाड़ी पर हमला कर दिया। ये कार्यकर्ता केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) मामले में केरल के 10 ठिकानों पर एजेंसी द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया था।

## 'अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार'

### एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू होगी!

**तेहरान।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। रॉयटर्स के मुताबिक ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है। ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा।

दूसरी तरफ अमेरिका ने इस रिपोर्ट को फर्जी बताया है। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा कि ईरानी मीडिया में चल रही रिपोर्ट पूरी तरह झूठ और मनगढ़ंत है।




अमेरिकी ड्रोन गिराया- ईरान ने दावा किया कि उसकी फोर्स ने अमेरिकी MQ-9B और RQ-4 ड्रोन को निशाना बनाया। साथ ही ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसे F-35 लड़ाकू विमान पर भी फायरिंग की गई।

88 दिन बाद इंटरनेट बहाल- ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं।

नेतन्याहू की अधिकारियों के साथ बैठक- इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रक्षा अधिकारियों के साथ सुरक्षा बैठक की। इसमें उत्तरी सीमा और लेबनान के हालात पर चर्चा हुई, जबकि हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले तेज किए गए। ईरानी बोट्स पर हमला- अमेरिका ने सीजफायर पर बातचीत के बीच होर्मुज स्ट्रेट के पास बारूदी सुरंग बिछा रही बोट्स और बंदर अब्बास के मिसाइल ठिकानों पर हमला किया।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधुनिक बनाएगा केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राशन दुकानों को समर्थन देने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को आधुनिक बनाने के लिए 25,530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना मार्च 2031 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार के इस बड़े कदम का सीधा और सकारात्मक असर देश के उन 80 करोड़ नागरिकों पर पड़ेगा जो अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए सरकार के खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर निर्भर हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, आज मंत्रिमंडल ने एक ऐसा निर्णय लिया है जो देश के 80 करोड़ नागरिकों को प्रभावित करेगा। जैसा कि आप सभी जानते हैं, भारत वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम चला रहा है।

- कैबिनेट ने मंजूर किए 25530 करोड़ रुपये

## हिंद महासागर में भारतीय नौसेना ने दिखाया पराक्रम

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने एक बार फिर हिंद महासागर में अपने दबदबे का नमूना पेश किया और एक व्यापारिक जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाया। दरअसल नौसेना को सूचना मिली कि पश्चिमी हिंद महासागर इलाके में एक व्यापारिक जहाज एमवी माशाअल्लाह पर समुद्री लुटेरों ने हमला किया है। सूचना मिलते ही नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की और अपने युद्धक जहाज आईएनएस कोलकाता को रवाना किया। आईएनएस कोलकाता ने मौके पर पहुंचकर समुद्री लुटेरों के हमले को नाकाम कर दिया। जिसके बाद समुद्री लुटेरे भागने को मजबूर हो गए। भारतीय नौसेना ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी। नौसेना ने कई तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें संदिग्ध समुद्री लुटेरों की नौका को दिखाया गया है, जिसे भारतीय नौसेना के जवानों से भरी नौका ने घेरा हुआ है। नौसेना ने पोस्ट में लिखा कि हिंद महासागर में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली सेना के रूप में भारतीय नौसेना व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा, समुद्री लुटेरों के खिलाफ अभियान चलाने और समुद्री आवागमन को मुक्त और सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

- समुद्री लुटेरों के चंगुल से जहाज को बचाया



## नीट पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें महाराष्ट्र के लातूर का एक डॉक्टर और पुणे के एक कोचिंग संस्थान का फिजिक्स शिक्षक शामिल है। एजेंसी का कहना है कि दोनों आरोपी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने और छात्रों तक पहुंचाने की साजिश में शामिल थे। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार डॉक्टर मनोज शिरुरे पर आरोप है कि उसने तीन छात्रों को नीट के केमिस्ट्री प्रश्न उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई। इनमें रेनुकाई करियर सेंटर (आरसीसी) के संस्थापक शिवराज मोटेगांवकर का बेटा भी शामिल था। जांच में सामने आया है कि यह प्रश्न नीट के पेपर सेटर पीवी कुलकर्णी से हासिल किए गए थे। इस मामले में आरसीसी संचालक शिवराज मोटेगांवकर को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पेपर लीक नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे और छात्रों तक प्रश्नपत्र किस तरह पहुंचाया गया।

- कोचिंग सेंटर और डॉक्टर की भूमिका जांच के घेरे में
- अब तक 13 गिरफ्तार

## समुद्र के रास्ते ड्रग्स तस्करी की कोशिश नाकाम

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुंद्रा तट के पास भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एक बड़े संयुक्त ऑपरेशन में करीब 1,150 करोड़ रुपये मूल्य की 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह कार्रवाई समुद्री रास्ते से हो रही ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह ऑपरेशन 25 और 26 मई की दरम्यानी रात को चलाया गया। गुजरात एटीएस को समुद्री मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी की विशेष खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर कार्रवाई की योजना बनाई गई।

जानकारी के मुताबिक, एटीएस कर्मियों को लेकर भारतीय तटरक्षक बल की इंटरसेप्टर नौकाओं ने मुंद्रा एंकरिज क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। इसी दौरान मुंद्रा तट से करीब पांच नॉटिकल मील दूर खड़े एक कंटेनर जहाज एमवी यूरोप पर संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं।

अंधेरे के दौरान संयुक्त टीम ने देखा कि जहाज से कुछ बैग समुद्र में फेंके जा रहे हैं। इसके तुरंत बाद आईसीजी और एटीएस की टीम मौके पर पहुंची और कम दृश्यता के बावजूद समुद्र से पांच बैग बरामद कर लिए। जब इन बैगों की जांच की गई तो उनमें सफेद रंग का पाउडर मिला। अधिकारियों के मुताबिक, कुल 115 पैकेट बरामद हुए, जिनका वजन लगभग एक-एक किलोग्राम था। शुरुआती जांच में इस पदार्थ की पहचान कोकीन के रूप में हुई। बरामद की गई कुल कोकीन का वजन करीब 115 किलोग्राम बताया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,150 करोड़ रुपये आंकी गई है।

- मुंद्रा तट पर 1150 करोड़ की 115 किलो कोकीन जब्त

## बायजू के संस्थापक को बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** भारत की कभी सबसे सफल मानी जाने वाली एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटनाक्रम में सिंगापुर की एक अदालत ने उन्हें अदालत की अवमानना का दोषी मानते हुए छह महीने जेल की सजा सुनाई है। यह फैसला रवींद्रन के लिए एक बहुत बड़ा झटका है, जो पहले से ही भारी आर्थिक संकट और विदेशी निवेशकों के कानूनी दावों का सामना कर रहे हैं। यह पूरा मामला रवींद्रन की संपत्तियों और अदालती आदेशों की अनदेखी से जुड़ा हुआ है। सिंगापुर की अदालत ने स्पष्ट किया है कि रवींद्रन ने अप्रैल 2024 से अपनी संपत्तियों से संबंधित कई अदालती आदेशों की जानबूझकर अवहेलना की है।

## यूपी के दो जिलों में 10 घंटे बंद रहेंगे पेट्रोल पम्प

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के संत कबीर नगर और महाराजगंज जिलों में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। बढ़ती मांग, कृत्रिम संकट और खेती के मौसम में डीजल की खपत को देखते हुए पेट्रोल पंपों के संचालन समय के साथ-साथ वाहनों को मिलने वाले तेल की मात्रा भी सीमित कर दी गई है। संत कबीर नगर में जिला प्रशासन ने सभी पेट्रोल पंपों को प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक ही संचालित करने का निर्देश दिया है। यानी पंप 14 घंटे खुलेंगे और 10 घंटे बंद रहेंगे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि तेल संकट की स्थिति को नियंत्रित करने और अनावश्यक भंडारण रोकने के लिए वाहनों के अनुसार पेट्रोल-डीजल की अधिकतम सीमा तय की गई है।

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया का इस्तीफा आज!

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी उनकी जगह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सीएम बना सकती है। दोनों नेताओं की मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ 6 घंटे तक बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में राहुल गांधी ने सिद्धारमैया से सीएम पद से इस्तीफा देने का कहा और उन्हें राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया। साथ ही उन्हें दिल्ली में बड़ी राष्ट्रीय भूमिका निभाने को कहा है। कुछ समर्थकों से चर्चा के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि वे हाईकमान का फैसला मानेंगे। उन्होंने गुरुवार सुबह मंत्रियों को ब्रेकफास्ट मीटिंग के लिए बुलाया है।

**चिंताजनक** — जंगलों की आग से हर साल हवा में घुल रहा 14.3 करोड़ टन जहर

## दुनिया भर में गंभीर बीमारियों का खतरा और बढ़ा रहा प्रदूषण

**नई दिल्ली।** जर्नल एनवायरमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रकाशित इस नए अध्ययन के मुताबिक दुनिया भर में जंगलों, घास के मैदानों और पीटलैंड में लगने वाली आग पहले के अनुमानों से कहीं ज्यादा मात्रा में हानिकारक गैसें और कार्बनिक यौगिक वातावरण में छोड़ रही है। शोधकर्ताओं ने 1997 से 2023 के बीच जली वनस्पतियों के वैश्विक आंकड़ों का विश्लेषण किया और पाया कि आग से निकलने वाला प्रदूषण वायु गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं में सिर्फ कार्बन डाइऑक्साइड ही नहीं, बल्कि कई ऐसे कार्बनिक यौगिक भी होते हैं जो ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। इनमें इंटरमीडिएट और सेमी-वोलाटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड्स शामिल हैं, जो गर्मी में उड़कर गैस बनते हैं और हवा में जाकर बेहद महीन कणों का रूप ले लेते हैं।

गंगा के मैदान से अमेजन तक असर विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में माना है कि गंगा के मैदानों की धुंध और अमेजन के जंगलों की आग से उठने वाला धुआं वायु प्रदूषण को लगातार बढ़ा रहा है। इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य, कृषि और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में अमेजन में लगी आग से निकला धुआं हजारों किलोमीटर दूर बसे शहरों तक पहुंचा और वहां की हवा को भी गंभीर रूप से प्रदूषित कर दिया। अमेजन, कनाडा और साइबेरिया जैसे क्षेत्रों में लगी आग ने प्रदूषण के महीन कणों, खासकर पीएम2.5, के स्तर को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।



**2001 के बाद 60 प्रतिशत बढ़ा सीओ2 उत्सर्जन**

जर्नल साइंस में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के मुताबिक, 2001 के बाद से जंगलों की आग से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में करीब 60 फीसदी की वृद्धि हुई है। जलवायु के प्रति अत्यधिक संवेदनशील उत्तरी बोरियल वनों में यह उत्सर्जन लगभग तीन गुना तक बढ़ गया है। रिसर्च से यह भी पता चला है कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर मौजूद जंगलों में भी सीओ2 उत्सर्जन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इन क्षेत्रों से हर साल करीब 50 करोड़ टन अतिरिक्त सीओ2 वातावरण में जा रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि उत्सर्जन का केंद्र धीरे-धीरे उष्णकटिबंधीय जंगलों से बाहर के क्षेत्रों की ओर खिसक रहा है। तस्मानिया विश्वविद्यालय के एक अध्ययन ने आग के बढ़ते मौसम की ओर भी ध्यान दिलाया है।

## जनगणना के साथ शिक्षा जागरूकता अभियान, घर-घर पहुंच रहे शिक्षक

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- भीषण गर्मी के बीच चल रही जनगणना में लगे प्रगणक और सुपरवाइजर बनाए गए शिक्षक अपने कार्य को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रख रहे, बल्कि शिक्षा जागरूकता का संदेश भी घर-घर पहुंचा रहे हैं। जनगणना के दौरान शिक्षक ग्रामीणों को आगामी 16 जून से खुलने वाले परिषदीय विद्यालयों में अपने बच्चों का प्रवेश कराने और नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# फ्रिज से भरा ट्रक लापता, चालक लहूलुहान हालत में मिला

**आशाखेड़ा गोदाम से कानपुर जा रहा था ट्रक, जीपीएस लोकेशन टोल प्लाजा पर हुई बंद**

**स्वतं भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव ।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र में फ्रिज से लदा ट्रक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया, जबकि उसका चालक हाईवे किनारे गंभीर हालत में लहूलुहान पड़ा मिला। घटना के बाद ट्रांसपोर्ट कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ट्रक, उसमें लदे माल और घटना के पीछे के आरोपियों की तलाश में जुट गई है ।

कानपुर के यशोदा नगर निवासी ट्रक मालिक राजेश गुप्ता का ट्रक सोमवार रात करीब 10 बजे सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा गांव स्थित एक गोदाम से फ्रिज लोड कर कानपुर के लिए रवाना हुआ था। ट्रक चालक नीरज, जो फतेहपुर जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्रके घनश्यामपुर गांव का निवासी है, वाहन लेकर निकला था। ट्रक मालिक ने बताया कि वाहन में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ था। रात करीब 11 बजे तक ट्रक की लोकेशन उन्नाव के बन्थर क्षेत्र में दिखाई दी। इसके कुछ देर बाद जीपीएस पर ट्रक की दिशा अचानक बदलकर वापस लखनऊ की ओर जाती दिखाई देने लगी। इस पर उन्हें शक हुआ। उन्होंने कई बार चालक नीरज से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। स्थिति संदिग्ध लगने पर ट्रक मालिक खुद कार लेकर जीपीएस लोकेशन के आधार पर ट्रक की तलाश में निकल पड़े। तलाश के दौरान उन्हें टोल प्लाजा के पास एक ढाबे के सामने ट्रक की सीट खून से सनी मिली। वहीं तक जीपीएस सिग्नल भी मिल रहा था। इसके बाद ट्रक और उसमें लदा माल पूरी तरह गायब मिला। यह देख ट्रक मालिक के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। घटना के बाद जब ट्रक मालिक वापस कानपुर लौट रहे थे, तभी चमरौली गांव के सामने कानपुर-लखनऊ हाईवे पर भीड़ लगी दिखाई दी। पास जाकर देखा तो उनका चालक नीरज गंभीर रूप से घायल हालत में सड़क किनारे पड़ा था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि चालक के साथ मारपीट कर ट्रक और उसमें लदा माल लूट लिया गया। हालांकि पुलिस अभी सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। ट्रक मालिक राजेश गुप्ता ने बताया कि जिस पार्टी का माल ट्रक में लोड था, उसकी ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। वहीं, सोहरामऊ थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने कहा कि अभी तक लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। सूचना के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, महिलाओं समेत छह घायल चार जिला अस्पताल रेफर

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव।**अजगैन कोतवाली क्षेत्र के केवाना गांव में मंगलवार शाम दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। गोबर खाद बेचने को लेकर हुए इस विवाद में लाठी-डंडे भी चले, जिसमें महिलाओं समेत कुल छह लोग घायल हो गए। घायलों में से चार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।केवाना गांव निवासी मालती पत्नी मथुरा प्रसाद ने बताया कि उनके घर के सामने पड़े घूरे की एक ट्रॉली पांस (गोबर खाद) उनके जेठ शोभालाल पुत्र नंदी ने बिना बताए बेच दी थी। मंगलवार शाम 5 बजे जब वह इस बात का उलाहना देने शोभालाल के घर गईं, तो उन्हें गाली-गलौज का सामना करना पड़ा।

मालती का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो जेठ शोभालाल, उनकी पत्नी सुशीला और बेटे राजन ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में मालती के साथ उनके पतिमथुरा प्रसाद और बेटा अमित घायल हो गए।वहीं, दूसरे पक्ष से सुशीला ने बताया कि यह झगड़ा रास्ता बंद करने को लेकर हुआ था। इस मारपीट में सुशीला, उनके पति शोभालाल और बेटा राजन भी घायल हुए हैं।

सूचना मिलने पर अजगैन पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गई। डॉक्टरों ने राजन, शोभालाल, अमित और मालती को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# बकरीद को लेकर हाई अलर्ट, आईजी ने किया पैदल गश्त



**सड़क पर नमाज और खुले में कुर्बानी पर सख्ती**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव-** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। बुधवार शाम आईजी किरण एस उन्नाव पहुंचीं और पुलिस अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से शांति, भाईचारा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

आईजी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बकरीद पर्व को लेकर विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पिकेटिंग के साथ सेक्टर मोबाइल और क्लस्टर मोबाइल टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। आईजी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि छोटी से छोटी घटनाओं पर भी गंभीरता से नजर रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने न दें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बकरीद के दौरान सड़क पर नमाज अदा करने के मुद्दे पर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। आईजी ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार नमाज केवल चिन्हित और निर्धारित स्थानों पर ही अदा की जाएगी। किसी भी स्थिति में सड़क पर नमाज नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी स्थान पर भीड़ अधिक होती है, तो वहां दो या अधिक शिफ्टों में नमाज अदा कराने की व्यवस्था की जाएगी।

कुर्बानी को लेकर भी प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आईजी ने कहा कि खुले में जानवरों की कुर्बानी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। शासन की एसओपी के अनुसार केवल अधिकृत बूचड़खानों अथवा पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी की अनुमति होगी।उन्होंने लोगों से अपील की कि कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्ट को खुले में न फेंका जाए, क्योंकि इससे गंदगी और बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ता है। प्रशासन की ओर से साफ-सफाई और कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था की गई है। आईजी ने बताया कि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमें लगातार गश्त करेंगी। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों तथा ड्रोन से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना है ।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर चेकिंग के दौरान तमंचे संग युवक गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- बेहटा मुजावर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। थाना बेहटा मुजावर के उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह बुधवार को हमराह पुलिसकर्मियों के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपनी पहचान बच्चन उर्फ दरोगा पुत्र रज्जू निवासी ग्राम गाजीखेड़ा मजरा शेरपुर कलां, थाना बेहटा मुजावर के रूप में बताई। पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में लेकर थाने लाई और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। थाना पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया।

## खराब हैंडपंपों से बढ़ी पेयजल समस्या, सभासदों ने उठाई आवाज



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव ।** नगर के सण्डीला रोड सहित विभिन्न मोहल्लों में खराब पड़े हैंडपंपों के कारण लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या को लेकर नगरवासियों की बढ़ती परेशानियों के बीच नगरपालिका के नामित सभासद बब्लू पटेल और सावित्री देवी ने अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता को पत्र सौंपकर खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

सभासदों ने अपने पत्र में कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ नगर क्षेत्र में पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। कई मोहल्लों में हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिसके चलते लोगों को दूर-दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि यदि नगर पालिका समय रहते खराब हैंडपंपों को ठीक करवा दे तो लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। सभासद बब्लू पटेल ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं सभासद सावित्री देवी ने कहा कि जिन स्थानों पर हैंडपंप पूरी तरह खराब हो चुके हैं और मरम्मत योग्य नहीं हैं, वहां नए हैंडपंप लगाए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में लोगों को पानी के संकट से जूझना न पड़े।

मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने सभासदों को आश्वासन दिया कि नगर क्षेत्र में खराब पड़े हैंडपंपों का सर्वे कराया जाएगा और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा। आवश्यकता वाले स्थानों पर नए हैंडपंप लगाने पर भी विचार किया जाएगा। नगरवासियों ने भी पालिका प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए

# आपत्तिजनक होर्डिंग विवाद पर सपा का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

**संदेश लिखी साड़ी पहनकर पहुंचीं सपा नेत्री, भाजपा पर महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का आरोप**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** शहर में लगाए गए कथित आपत्तिजनक होर्डिंगों का मामला बुधवार को राजनीतिक रंग ले गया। समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर मामले में कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सपा की पूर्व प्रत्याशी डॉ. आंचल वर्मा अपने अनोखे विरोध प्रदर्शन को लेकर चर्चा में रहीं।

डॉ. आंचल वर्मा सफेद साड़ी पहनकर अधिकारियों से मिलने पहुंचीं। उनकी साड़ी पर काले अक्षरों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों और भाजपा सरकार पर आरोपों से जुड़े संदेश लिखे हुए थे । इस प्रतीकात्मक विरोध ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

डॉ. आंचल वर्मा ने कहा कि उनकी साड़ी महिलाओं पर हुए अत्याचारों का प्रतीक है। उन्होंने उन्नाव, हाथरस और लखीमपुर खीरी



की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन दर्दनाक घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

उन्होंने कहा कि उन्नाव की उस पीड़िता की पीड़ा आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है, जिसे सरेराह जिंदा जलाने की घटना ने देशभर को स्तब्ध कर दिया था। डॉ. वर्मा ने आरोप लगाया कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध सरकार की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

सपा नेता ने भाजपा पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को महिला विरोधी बताने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों की भयावह स्थिति को उजागर करते हैं।

डॉ. वर्मा ने महंगाई, रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और किसानों की समस्याओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव और पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने आरोप लगाया कि जिले समेत कई जनपदों में लगाए गए होर्डिंग भाजपा प्रायोजित हैं। उन्होंने कहा कि यह सब जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी और अन्य ज्वलंत मुद्दों से हटाने की कोशिश है।सपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर डीजल-पेट्रोल की कीमतों को नियंत्रित करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया। पार्टी नेताओं ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर लगे आपत्तिजनक होर्डिंग हटाए भी हैं।

## ईदुलजुहा की नमाज गुरुवार सुबह 7:30 बजे ईदगाह में होगी अदा

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- ईदुलजुहा पर्व को लेकर काजी-ए-शहर एवं इमाम-ए-ईदगाह सैयद जिया-उल-आरफीन ने प्रेस नोट जारी कर नमाज का समय घोषित किया है। उन्होंने बताया कि ईदुलजुहा की नमाज गुरुवार सुबह ठीक 7:30 बजे ईदगाह में अदा की जाएगी। साथ ही सभी अकीदतमंदों से समय से पहले ईदगाह पहुंचने की अपील की गई है। काजी साहब ने कहा कि ईदुलजुहा त्याग, कुर्बानी और भाईचारे का पर्व है, जिसे आपसी सौहार्द और शांति के वातावरण में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अमन-चैन बनाए रखने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कुर्बानी केवल बंद स्थानों पर ही की जाए और उसके अवशेषों का उचित ढंग से निस्तारण किया जाए। साथ ही सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने की भी हिदायत दी, ताकि कहीं भी गंदगी या अव्यवस्था की स्थिति न उत्पन्न हो। काजी-ए-शहर ने कहा कि ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।

# कानपुर देहात समाचार

## दो ट्रकों में 50 मवेशी बरामद चार आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज

**कोतवाल शिव नारायन सिंह के मजबूत मुखबिर तंत्र के कारण 50 बेजुबान पशुओं की जान बची, जनता ने पुलिस कार्यवाही की सराहना की**



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** थाना रसूलाबाद पुलिस ने पशुओं के साथ क्रूरता किए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो ट्रकों से 50 पड्डे एवं पड़िया बरामद कर चार आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक गत दिवस को असालतगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक केशव देव द्वारा दी गई फर्द बरामदगी के आधार पर थाना रसूलाबाद में पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त डल्ले पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम पहाड़ीपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात सुलेमान पुत्र कमरुद्दीन निवासी याकूबपुर थाना बेला जनपद औरैया मिथुन पुत्र शीतल निवासी ग्राम पहाड़ीपुर थाना रसूलाबाद तथा अरमान अली पुत्र कमरुद्दीन निवासी ग्राम पहाड़ीपुर थाना रसूलाबाद के कब्जे से दो डीसीएम में 50 पड्डे एवं पड़िया बरामद किए गए। आरोप है कि सभी पशुओं को भूख.प्यास की हालत में निर्दयतापूर्वक रस्सियों से बांधकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। कोतवाल शिव नारायन सिंह ने बताया बरामद पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजने की व्यवस्था की गई है।

## श्रद्धा भाव से जिले में मनाई गई बाबू बालेश्वर राव की पुण्यतिथि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को संगठन के संस्थापक स्व0 बाबू बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर तहसील परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। ग्रामीण पत्रकार के एसोसिएशन जिलाध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि 1986 में संस्था की स्थापना हुई थी। ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को संगठित करने में इनके योगदान को नहीं भुलाया जा सकता मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी हनुमान गुप्ता ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इनके पद चिह्नों पर चलना हम सब की जिम्मेदारी है। वरिष्ठ पत्रकार जयकुमार मिश्रा द्वारा कहा गया कि आज के दौर में कलाम के सिपाही जिस समर्पण भाव से कम कर रहे हैं उसका उन्हें कोई फल नहीं मिल रहा है उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है जब संगठन की शक्ति सभी को समझनी होगी राम औतार दीक्षित राघव अग्निहोत्री कोषाध्यक्ष ने भी पत्रकारों से संगठित रहकर काम करने की अपील की।पत्रकार राम नरेश तिवारी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबू बालेश्वर जैसे पुरोधा कभी कभी जन्म लेते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अंजनी पांडेय ने कहा कि आज की विपरीत परिस्थितियों में पत्रकारों को अपनी सीमा रेखा तय करनी होगी। संगठन ही बुरे समय मे काम आता है। योगेंद्र यादव अमन तिवारी राजन सिंहसंजय राजपूत सुशील बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# पीएफ न जमा होने के साथ वेतन में बढ़ोतरी न होने से खफा सफाई कर्मी आंदोलन की राह पर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**रनिया कानपुर देहात।** भ्रष्टाचार का प्रमुख केंद्र साबित होने वाली जिले की रनिया नगर पंचायत में अब सफाई कर्मियों का भी धैर्य जवाब दे गया है तानाशाही के विरुद्ध आंदोलन की राह पर चलने को विवश हुए सफाई कर्मियों द्वारा कहा गया कि लगातार काम लेने के बाद भी ना तो उनके वेतन में किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी हुई है और ना ही डेढ़ साल से पीएफ जमा किया गया है उल्टा आंदोलन समाप्त करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी अनेकों प्रकार से दबाव बना रहे हैं पांच दर्जन से भी अधिक सफाई कर्मियों ने पूरी तरह काम ठप्प कर रखा है जिससे क्षेत्र में गंदगी का साम्राज्य कायम हो गया है सफाई कर्मियों द्वारा साफ तौर से कहा गया कि जब तक उनके अधिकारों पर किए जा रहे कुठाराघात को बंद नहीं किया जाएगा वे धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे। लगभग चार दिनों से रनिया नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने पूरी तरह हड़ताल कर रखी है कर्मियों का आरोप है कि पिछले डेढ़ वर्षो से उनका पीएफ नहीं जमा किया गया है और दिन.रात काम करने के बावजूद उनके वेतन में किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है सफाई कर्मियों द्वारा कहा गया की समस्या के समाधान की मांग कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी से वे कर चुके हैं लेकिन उनकी समस्याओं पर आज तक किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया गया कर्मचारियों ने साफ तौर से कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा वह धरना प्रदर्शन की राह से कतई पीछे नहीं हटेंगे इस दौरान लगभग पांच दर्जन सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजकीय हाईस्कूल जोत के प्रधानाचार्य देशराज दिवाकर की पदोन्नति पर क्षेत्र में खुशी की लहर



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** राजकीय हाई स्कूल जोत में कार्यरत प्रधानाचार्य देशराज दिवाकर को उण्प्रण् शैक्षिक ;सामान्य शिक्षा संवर्गद्ध सेवा समूह ख के उच्चतर वेतनमान पर पदोन्नति मिलने की घोषणा से विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। यह पदोन्नति लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश प्रयागराज की विभागीय चयन समिति की सिफारिश और राज्यपाल की मंजूरी के बाद स्वीकृत की गई है।विस्तृत जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश शैक्षिक अध्यापन अधीनस्थ के शिक्षण पुरुष शाखा एवं निरीक्षण शाखा के पदों पर कार्यरत अधिकारियों के लिए संपन्न चयन प्रक्रिया के आधार पर यह पदोन्नति प्रदान की गई। देशराज दिवाकर अब अधीनस्थ राजपत्रित अधिकारी से उत्तर प्रदेश समूह ख शैक्षिक राजपत्रित सामान्य शिक्षा संवर्ग सेवा के उच्चतर पद पर आसीन होंगे। प्रदेश के शैक्षिक प्रशासन व विद्यालय स्तर पर बेहतर कार्यनिष्पादन व समर्पित सेवाओं के चलते प्रधानाचार्य दिवाकर की इस पदोन्नति को विद्यालय तथा स्थानीय लोगों ने उनकी कार्यकुशलता और नेतृत्व का प्रतिफल माना है। विद्यालय के शिक्षक.शिक्षिकाओं ने उनकी मेहनत और छात्रों के शैक्षिक उन्नयन में योगदान की प्रशंसा की। विद्यालय के छात्र.छात्राओं अभिभावकों व क्षेत्रीय लोगों ने पदोन्नति की खबर पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें भविष्य के कार्यों के लिए शुभकामनाएँ दीं। कई अभिभावकों ने कहा कि दिवाकर के नेतृत्व में विद्यालय की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आए हैं और आगे भी इसी तरह शिक्षा को बेहतर बनाने की आशा है। देशराज दिवाकर की पदोन्नति से न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि साकार हुई है बल्कि क्षेत्रीय शिक्षा में नई उम्मीदें भी जगी हैं। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में और भी सुधार व शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ाने का संकल्प जताया है।



## जनता दरबार में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं अकबरपुर.रनिया सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने बुधवार को अकबरपुर स्थित मालती गेस्ट हाउस में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने निजी एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जनता दर्शन के दौरान सड़क बिजली पेयजल आवास पेंशन राजस्व पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही रमेशचंद्र ने बताया कि उनकी अंत्योदय राशन कार्ड की समस्या को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा गंभीरता से सुनते हुए जिलापूर्ति अधिकारी को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए जिससे उन्हें काफी राहत मिली है। वहीं ग्राम कुईतखेड़ा निवासी गीता देवी ने कहा कि जनता दरबार में उनकी आवास की समस्या का त्वरित समाधान कराया गया। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला आम लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका निराकरण कराती हैं। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना ही सरकार का उद्देश्य है। इस दौरान बउवा पांडेय ब्लाक प्रमुख आशीष मिश्रा मण्डल अध्यक्ष आशीष दीक्षित नरेंद्र तिवारी हरिओम द्विवेदी महेश राजावत शिवा पांडेय शुभम शुक्ला विपिन शर्मा संध्या अग्निहोत्री गगन दुबे रमेशचंद्र शिखा देवी रुद्ररानी रामप्यारी अंजनी कुमार तिवारी शिवराम मंजूषा देवी जुगल किशोर शोभा देवी आकांक्षा बाजपेई वंदना देवी उर्मिला देवी आदि मौजूद रही।

# सेंट्रल पर बढ़ेगी ट्रेनों की संख्या, वाशिंग व मरम्मत व्यवस्था होगी मजबूत



- एनसीआर के जीएम ने किया सेंट्रल, जीएमसी व गोविन्दपुर स्टेशनों का निरीक्षण
- रेलवे कानपुर सेंट्रल स्टेशन के लिए तैयार कर रहा है बड़ा प्लान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने बुधवार को कानपुर सेंट्रल, जीएमसी यार्ड और गोविंदपुरी स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीएमसी यार्ड पहुंचकर तमाम संभावनाएं तलाशी है। रेलवे कानपुर सेंट्रल स्टेशन के लिए बड़ा प्लान तैयार कर रहा है। कानपुर रेलवे को विस्तार देने की तैयारी की जा रही है। यहां से और ज्यादा ट्रेनों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। वॉशिंग और मरम्मत व्यवस्था मजबूत की जाएगी। इस दौरान उन्होंने स्टेशनों पर रीडेवलपिंग व इंटरलॉकिंग कार्यों का जायजा लिया। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर सिटी साइड बन रही बिल्डिंग में कार्य की हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट को भेजने के निर्देश दिये। इसके साथ मंधना से अनवरगंज के बीच एलीवेटेड रेलवे लाइन के कामों का भी जायजा लिया। महाप्रबंधक ने बताया कि भविष्य को देखते हुए कानपुर से आवागमन करने वाली ट्रेनों की संख्या और अधिक बढ़ेगी। इसलिए उनके मेंटेनेंस एवं वॉशिंग के कार्य को भी विस्तार देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आज से 10-15 साल पहले कानपुर से होकर निकलने वाली ट्रेनों की संख्या बहुत ज्यादा 150 हुआ करती थी, लेकिन वर्तमान में करीब 300 ट्रेनों का आवागमन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में ट्रेनों की संख्या और अधिक बढ़ने की पूरी संभावना है। इस लिहाज से कौन-कौन से कार्य की जरूरत है, उनके संबंध में अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रेनों के संचालन के साथ-साथ उनके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी हमारी है। इसलिए जीएमसी वार्ड में ट्रेनों की मरम्मत और वॉशिंग के इंतजामों में क्षमता वृद्धि करने की जरूरत है।

### रीडेवलपमेंट कार्यों की प्रगति रिपोर्ट कराई जाए उपलब्ध

महाप्रबंधक ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चल रहे रीडेवलपमेंट कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए और हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान संरक्षा, परिचालन दक्षता और यात्री सुविधाओं को और मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बढ़ते रेल यातायात और कोचिंग ट्रेनों की संख्या को देखते हुए रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने फोकस दिया। इस मौके पर प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक शरद चंद्रायन, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल, उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर आकांशु गोविल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ शिवम शर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## ईद-उल-अजहा की नमाज आज, तैयारियां पूरी



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। बड़ी ईदगाह बेनाझावर में बकरीद की नमाज को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहरकाजी व मुस्लिम धर्मगुरुओं ने लोगों से मस्जिद और ईदगाह के भीतर नमाज पढ़ने की अपील की है। ईदगाह में लगभग एक लाख लोग बकरीद की नमाज अदा करेंगे।बकरीद की नमाज के लिए प्रशासन ने इंतजाम कर दिए हैं। बिजली, पानी और साफ-सफाई करा दी गई है। इसके अलावा ईदगाह कमेटी ने भी पुताई, बिजली और पंखों का इंतजाम ईदगाह के भीतर करा दिया है। ईदगाह के भीतर ही सुबह 7.30 बजे नमाज शुरू होगी। ईदगाह कमेटी के जिम्मेदार शारिक नवाब ने बताया कि इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। प्रशासन की तरफ से भी इंतजाम करा दिए गए हैं। कैंप लगाने की जगह भी तय कर दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि सरकार की गाइडलाइन का पालन करें। कहीं भी सड़क पर, रास्तों में नमाज न अदा करें। मस्जिद व ईदगाह के भीतर ही नमाज अदा करें।

# जीआरपी ने 80 लाख के गांजे के दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**-उड़ीसा से अलीगढ़ व मथूरा ले जाने के फिराक में थे आरोपी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** जीआरपी ने सेंट्रल स्टेशन से 80 लाख रुपये के गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 74 किलो गांजा बरामद किया। तस्कर उड़ीसा से ट्रेन के जरिए मथुरा और अलीगढ़ के लिए गांजा ले जाने के लिए ऑटो को तलाश में थे।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि रेलवे पुलिस द्वारा बुधवार सुबह सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सर्कुलेटिंग एरिया कैंट साइड गेट नंबर-2 के पास बने सार्वजनिक शौचालय के पीछे संदिग्ध हालत में दो युवकों को दिखे। पुलिस टीम ने संदिग्धों से पूछताछ की तो सहीं जवाब नहीं दे सके। तलाशी के दौरान उनके बैगों से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए तस्कर प्रेम कुमार निवासी हसनपुर तहसील मांट थाना नौहझील जिला मथुरा और सुभाष निवासी मानपुर तहसील खैरए थाना टप्पल जिला अलीगढ़ के हैं। तस्करों के पास से एक ट्रॉली बैग और तीन पिट्ठू बैग बरामद किए गए। इनमें कुल 74 किलो 230 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे की कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर अलीगढ़ और मथुरा की ओर ले जाने की तैयारी में थे। जीआरपी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में पूछताछ कर जेल भेजा गया है।

## सपा के पूर्व विधायक पर मारपीट, धमकी व रंगदारी मांगने का आरोप

-हलीम ग्राउण्ड में बकरा बाजारा कमेटी के पदाधिकारियों ने किया हंगामा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार देर रात चमनगंज स्थित हलीम ग्राउंड में लगने वाले बकरा बाजार कमेटी के पदाधिकारी से मारपीट, गाली गलौज और धमकाने के मामले में पदाधिकारी ने पूर्व विधायक व उनके साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं पूर्व विधायक के गनर की ओर से भी बकरा मंडी कमेटी के पदाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चमनगंज थाना पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

पटकापुर निवासी वफा अब्बास ने बताया कि हलीम ग्राउंड में कई सालों से बकरा बाजार का संचालन उनकी ओर से किया जाता है। त्योहार के मद्देनजर मंगलवार रात बाजार में भारी भीड़ थी। तभी पूर्व विधायक इरफान सोलंकी अपने कुछ साथियों व गनर के साथ बाजार आए और उनका नाम लेकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि पूर्व विधायक के पास पहुंचे, तो गनर ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया कि इस दौरान पूर्व विधायक ने मंडी लगाने के नाम पर उनसे 3 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। वहीं मामले में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी ने बताया कि हलीम मुस्लिम हंटर कॉलेज में बकरों की वर्षों पुरानी दुकान लगती है, जहां आने वाले ग्राहकों और कारोबारियों से वसूली की शिकायत मिल रही थी। इस पर वह सपा विधायक नसीम सोलंकी के साथ पहुंचे थे। विधायक ने वसूली का विरोध किया तो फैज अब्बास, सैम और उनके साथी भड़क गए और हमलावर हो गए। गनर ने बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ हाथापाई करने लगे और कार्बाइन छीनने का भी प्रयास किया। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पूर्व विधायक ने बताया कि गनर की ओर से आरोपियों के खिलाफतहरीर दी गई है। मामले को लेकर वह पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करेंगे। वहीं उनके गनर अजीम अहमद ने वफा अब्बास और मंडी में उनके साथी फहद और इमरान व अन्य लोगों पर मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। विवाद की सूचना पर चमनगंज थाना प्रभारी संजय राय मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया। जिसके बाद गनर अजीम अहमद और वफा अब्बास की ओर से आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। एक पक्ष से पूर्व विधायक व उनके सहयोगियों व दूसरे पक्ष से वफा अब्बास फहद व इमरान समेत उनके साथियों के खिलाफरिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

**लापरवाही बरतने पर विधायक का गनर सस्पेंड**

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने विधायक नसीम सोलंकी के गनर अजीम अहमद को सस्पेंड कर दिया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अजीम को विधायक की सुरक्षा में लगाया गया था। अगर कॉन्स्टेबल को विधायक की सुरक्षा में खतरे की संभावना थी, तो उसे उनके साथ रहना चाहिए था, ना कि मंडी परिसर में जाना चाहिए था। कॉन्स्टेबल ने विधायक की सुरक्षा में लापरवाही बरती है, जिस कारण उस पर कार्रवाई की गई है।

## भाजपा नेता पर अश्लील फोटो के जरिए मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** चकेरी में एक युवती ने भाजपा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पर अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि करीब दो साल पहले भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामजी तिवारी से उसकी जान-पहचान हुई थी। जिसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। आरोप है कि भाजपा नेता ने रिश्ते का फायदा उठाते हुए उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो अपने पास रख लिए। बाद में उन्हीं के जरिए उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि आरोपी भाजपा नेता होने और बड़े नेताओं से संपर्क होने का दबाव बनाता था। इसी कारण पहले की गई दो शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उस पर जबरन संबंध बनाए रखने का दबाव डाल रहा था। विरोध करने पर वह अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। आरोपी उसका पीछा करता था और कई बार रास्ते में रोककर धमकाता था। पीड़िता ने बताया कि 23 मई को वह अपनी मां के लिए दवा लेने मेडिकल स्टोर जा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसका रास्ता रोक लिया। जब उसने विरोध किया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी ने स्कूटी से टक्कर मार दी। हादसे में युवती घायल हो गई और उसे चोटें आईं। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि युवती की तहरीर पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध- पुष्पेन्द्र जयसवाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** शास्त्री नगर स्थित केएस पैलेस गेस्ट हाउस में बाल श्रम कानून पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शास्त्री नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी, क्षेत्रीय पार्षद विनोद गुप्ता व श्रम विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी में व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र जयसवाल ने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध है। 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों को किसी भी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में काम पर लगाने पर भी सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। वहीं श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम कराए जाने पर 6 महीने से 2 साल तक की सजा तथा 20 हजार से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों दंड एक साथ हो सकते हैं। बैठक में मौजूद लोगों से अपील की गई कि यदि उनके आसपास किसी घर, दुकान या प्रतिष्ठान में नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा हो या उनका शोषण हो रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें, ताकि बच्चों को मुक्त कराकर उनका भविष्य सुरक्षित किया जा सके। गोष्ठी में संजीव खत्री, वेद शुक्ला, वकील जेपी यादव, कालीचरण वर्मा, अजय वर्मा, मोनू श्रीवास्तव, पवन जग्गी, पंकज वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, अमित मिश्रा, सूर्यभान सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फर्जी वेबसाइट बना ठगी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** ऑनलाइन नामी कंपनी की फर्जी वेबसाइट बना क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं सरगना फरार हो गया है। साइबर टीम गिरोह का कन्केशन कंबोडिया और मलेशिया से होने की आशंका जता जांच कर रही है।



डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गीता नगर निवासी स्नातक की पढ़ाई करने वाले वरुण सोनकर ने मंगलवार को ठगी का मुकदमा साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। गिरोह ने उसे झांसे में लेकर खाते से लगभग 13 लाख रूपए ट्रांसफर करा लिए थे। जिसके बाद साइबर टीम जांच में जुट गई थी। पुलिस ने काकादेव निवासी बी-फार्मा छात्र साहिल यादव, प्रशांत गुप्ता, आकाश सरोज और कौशांबी निवासी मोहम्मद मेराज उर्फ कैफ को गिरफ्तार किया है। आरोपी गीता नगर स्थित महज 9 हजार रुपये महीने के किराए के फ्लैट से पूरा साइबर फ्रॉड नेटवर्क चला रहे थे। डीसीपी ने बताया कि गिरोह सोशल मीडिया और इंटरनेट पर फर्जी ई-कॉमर्स वेबसाइट बनाकर लोगों को आकर्षक आफर का लालच देता था। इन वेबसाइटों में पे यू कैश फ्री जैसे पेमेंट गेटवे लिंक जोड़कर लोगों से बैंक डिटेल, ओटीपी और सीवीवी जैसी संवेदनशील जानकारी हासिल की जाती थी।

जांच में सामने आया कि आरोपी बेरोजगार और भोले-भाले लोगों को ऑनलाइन नौकरी, कमीशन और अतिरिक्त कमाई का झांसा देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और पासबुक किराए पर ले लेते थे। बाद में इन्हीं खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर करने में किया जाता था।

गिरोह चोरी की बैंकिंग डिटेल्स के जरिए पीड़ितों के खातों से रकम निकालकर डिजिटल वॉलेट में भेजता था और फिर उसे अलग-अलग खातों में बांट देता था, ताकि ट्रांजैक्शन ट्रैक न हो सके। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित के शिकायत के बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से साहिल यादव को शिव नारायण टंडन सेतु के नीचे से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर गीता नगर स्थित फ्लैट से तीन अन्य आरोपियों को भी पकड़ लिया गया। इस गिरोह का एक अन्य सदस्य उन्नाव निवासी शुभम ठाकुर अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस गिरोह के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क और अन्य बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

## पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को अर्पित की पुष्पांजलि



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने घंटाघर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने देश निर्माण, लोकतंत्र की मजबूती और आधुनिक भारत की नींव रखने में दिए गए योगदान के लिए उनको याद किया। नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश को वैज्ञानिक सोच, शिक्षा, उद्योग और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत दिशा दी। सभी ने पं नेहरू के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, विजय बाजपेई, संजय शाह, राम स्वरूप तिवारी, पदम मोहन मिश्रा, राकेश साहू, उपेंद्र यादव, अवनीश सलूजा, राजकुमार दुबे, लक्ष्मी कांत तिवारी, अमिताभ दत्त मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अतिक्रमणकारियों के आगे झुका नगर निगम, नहीं बन पाया यूरिनल

-यूरिनल का निर्माण न हुआ तो व्यापारियों ने दी आन्दोलन की चेतावनी



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। नंदलाल चौराहे पर सार्वजनिक यूरिनल निर्माण का मामला अब नगर निगम की कार्यशैली और अतिक्रमणकारियों के बढ़ते हौसलों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। वर्षों से यूरिनल न होने के कारण स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों और विशेषकर महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर सका है। क्षेत्रीय व्यापारियों और गोबिन्द नगर व्यापार मंडल द्वारा नगर विकास मंत्री से शिकायत की गईं। बुधवार को नगर निगम की टीम जोन-5 जलकल कार्यालय के बाहर यूरिनल निर्माण की तैयारी के लिए पहुंची, लेकिन अतिक्रमणकारियों के विरोध के आगे पूरी कार्रवाई ठप हो गई। नगर निगम के सुपरवाइजर कमलेश ने जलकल विभाग की बाउंड्री के बाहर अवैध रूप से कूलर स्टैंड रखकर अतिक्रमण किए लोगों को दुकान हटाने को कहा, तो अवैध कब्जेदारों ने हंगामा करने लगे।

जिस पर नगर निगम की टीम सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने की बजाए वापस लौट गई। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गोबिन्द नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब नगर विकास मंत्री तक मामले में निर्देश दे चुके हैं, उसके बाद भी यदि नगर निगम अपनी जमीन कब्जामुक्त नहीं करा पा रहा, तो यह प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पहले बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए, तभी वहां सार्वजनिक यूरिनल का निर्माण संभव हो सकेगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम लगातार वित्तीय संसाधनों का बहाना बनाकर मामले को टालता रहा, जबकि असली बाधा अब अतिक्रमण और प्रशासनिक ढिलाई बन चुकी है। क्षेत्रीय व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# सरकारी स्कूल के बच्चे सीख रहे डेटा माइनिगम और रोबोटिक्स

**-आईआईटी के सहयोग आयोजित हुआ ग्रीष्मकालीन विज्ञान शिविर**

**-24 जून तक चलेंगी विज्ञान और तकनीक से जुड़ी गतिविधियां**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** गर्मी की छुट्टियों में माध्यमिक शिक्षा परिषद के 30 मेधावी छात्र इन दिनों आईआईटी के सहयोग से आयोजित ग्रीष्मकालीन विज्ञान शिविर-2026 में विज्ञान को किताबों से निकालकर सीधे प्रयोगों और तकनीकी गतिविधियों के जरिए समझ रहे हैं। 26 मई से शुरू हुआ यह शिविर 24 जून तक चलेगा। बुधवार को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह भी विज्ञान शिविर पहुंचे और बच्चों से उनके प्रोजेक्ट्स तथा सीखने के अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूलों की छुट्टियों के दौरान आयोजित किए जा रहे इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक और व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस पहल में उत्तर प्रदेश सरकार तथा आईआईटी का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस विशेष शिविर तक पहुंचने का रास्ता भी आसान नहीं था। विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिताओं और शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को पहले शॉर्टलिस्ट किया गया। इसके बाद इंटरव्यू के माध्यम से उनकी वैज्ञानिक समझ, तार्किक क्षमता और विषय के प्रति रुचि को परखा गया। चयन प्रक्रिया के बाद कक्षा 9 से 11 तक के 30 विद्यार्थियों को इस शिविर के लिए चुना गया है। इनमें अधिकांश छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। रंजीत सिंह रोजी शिक्षा केंद्र में चल रहे इस कैंप का माहौल पारंपरिक क्लासरूम से अलग नजर आता है। यहां बच्चे केवल नोट्स नहीं बना रहे, बल्कि छोटे-छोटे मॉडल तैयार कर रहे हैं, सवाल पूछ रहे हैं और प्रयोगों के जरिए विज्ञान की बुनियादी अवधारणाओं को समझ रहे हैं। कोई स्केलेबल वेटिंग बैलेंस तैयार कर रहा है तो कोई डेटा माइनिंग की प्रक्रिया को समझने में जुटा है। आईआईटी कानपुर के प्रो संदीप संगल इस समर साइंस कैंप और आरएसके-आईआईटीके पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ प्रो आदित्य केलकर, प्रो जे रामकुमार, प्रभाकर और प्रो सुधांशु सिंह विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक की व्यवहारिक समझ विकसित करा रहे हैं। पीईओ रीता सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान विद्यार्थियों को पायथन प्रोग्रामिंग, डेटा माइनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, हाइड्रोपावर और सोलर तकनीक से जुड़े प्रोजेक्ट्स कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही एस्ट्रोनॉमी गतिविधियों के अंतर्गत नाइट स्काई वाचिंग भी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को आईआईटी कानपुर परिसर की विभिन्न प्रयोगशालाओं और तकनीकी इकाइयों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। डीएम ने कहा कि बच्चों को विज्ञान प्रयोगों, हैंड्स-ऑन गतिविधियों और रियल फील्ड एक्सपीरियंस के जरिए व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनमें विज्ञान और नवाचार के प्रति रुचि विकसित हो सके।

# लिवर ट्रीटमेंट बना अधिक सुलभ, दो मरीजों का हुआ सफल ट्रांसप्लांट

**-ओपीडी के माध्यम से मरीजों को मिल रही विशेषज्ञ लिवर केयर तक बेहतर पहुंच**




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** हाल ही में दो मरीजों का लिवर ट्रांसप्लांट सफलता पूर्वक किया गया, जबकि शहर का ही एक और मरीज का लिवर ट्रांसप्लांट भी जल्द प्रस्तावित है, जिसमें उनकी पत्नी डोनर होंगी। इन सफल ट्रांसप्लांट्स के पीछे अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा कानपुर स्थित द गैस्ट्रो लिवर हॉस्पिटल में शुरू की गई विशेषज्ञ लिवर ओपीडी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान अपोलोमेडिक्स हॉस्टिपटल के सीनियर डायरेक्टर डॉ अभिषेक यादव व द गैस्ट्रो लिवर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ वी.के. मिश्रा ने दी।

डॉ अभिषेक यादव ने बताया कि हाल ही में कानपुर निवासी 63 वर्षीय मरीज का सफल लिवर ट्रांसप्लांट उनके पुत्र द्वारा लिवर के हिस्से का दान करने के बाद किया गया। इसके अलावा मैनपुरी निवासी 56 वर्षीय मरीज का सफल लिवर ट्रांसप्लांट किया गया, जिसके लिए उनकी पत्नी ने अपने लिवर का हिस्सा दान किया। वहीं कानपुर के ही एक और मरीज का लिवर ट्रांसप्लांट भी जल्द प्रस्तावित है, जिसमें उनकी पत्नी डोनर होंगी। द गैस्ट्रो लिवर हॉस्पिटल के चेयरमैन और वरिष्ठ गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ वीके मिश्रा ने कहा मरीज समय रहते हमारे पास पहुंचे, जिससे उनका सही समय पर निदान हो सका और बिना अनावश्यक देरी के लिवर ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया शुरू की जा सकी। यही वजह रही कि दोनों मरीजों का ट्रांसप्लांट सफल रहा और उनकी रिकवरी भी अपेक्षाकृत तेज हुई। यदि लीवर रोगों का शुरुआती चरण में पता चल जाए और मरीज को उचित मार्गदर्शन मिले, तो गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले प्रभावी इलाज संभव हो जाता है। डॉ मिश्रा ने कहा कि कानपुर ओपीडी के माध्यम से मरीजों को अपने शहर में ही विशेषज्ञ परामर्श, नियमित मॉनिटरिंग और ट्रांसप्लांट से जुड़ी सम्पूर्ण चिकित्सा सहायता मिल रही है, जिससे उपचार प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुगम बनी है। डॉ यादव प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को द गैस्ट्रो लिवर हॉस्पिटल में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मरीजों को परामर्श देते हैं। इस उपलब्धि पर बात करते हुए डॉ अभिषेक यादव ने कहा भारत में हर साल 2.5 से 3 लाख लोग लीवर रोग और लीवर सिरोसिस के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। ऐसे समय में कानपुर के मरीजों के दो सफल लिवर ट्रांसप्लांट इस बात का उदाहरण हैं कि सही समय पर विशेषज्ञ देखभाल और समन्वित उपचार व्यवस्था से गंभीर मरीजों को नया जीवन दिया जा सकता है। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ में हम वयस्कों के साथ-साथ बच्चों व नवजातों के लिवर ट्रांसप्लांट भी कर रहे हैं।

## केडीए ने 31 बीघे में हो रही प्लाटिंग पर चलाया बुल्डोजर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** केडीए ने जोन-4 में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को केडीए टीम ने करीब 31 बीघे में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। वहीं 71.5 बीघे में की जा रही चार अन्य प्लाटिंग को नोटिस जारी किया गया है। अवैध प्लॉटिंग में कार्रवाई के दौरान आदर्श विहार सोसाएटी का ऑफिस भी गिरा दिया गया। विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन डॉ रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में सनिगवां स्थित आदर्श विहार सोसाइटी में अभियान चलाया गया। यहां अजब सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा, हिमांशु समेत अन्य लोगों की ओर से बिना मानचित्र स्वीकृति के लगभग 31 बीघे में प्लॉटिंग की जा रही थी। तीन घंटे चले अभियान में दो जेसीबी की मदद से अवैध रूप से बनाई गई सड़कें, नाले, बाउंड्रीवॉल, बिजली के खंभे, पिलर, एंट्री गेट, सीवर लाइन व कई निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा अहिरवां और नगवां क्षेत्र में करीब 71.5 बीघे में विकसित की जा रही चार अन्य अवैध प्लॉटिंग को भी चिन्हित किया गया है। इनमें शामिल निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी कर स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। निर्धारित समय में जवाब न मिलने पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। डॉ रवि प्रताप सिंह ने लोगों से अपील की कि प्लॉट खरीदने से पहले केडीए से ले-आउट स्वीकृति की जानकारी जरूर प्राप्त करें और मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण कराएं, ताकि भविष्य में आर्थिक और मानसिक नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माणों के खिलाफअभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### जहरखुरान को साढ़े तीन साल की कैद

फतेहपुर। खागा थाना क्षेत्र से जुड़े एक पुराने जहरखुरानी और चोरी के मामले में एडीजे-04 न्यायालय ने आरोपी को साढ़े तीन वर्ष के कठोर कारावास और 500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2018 का है जब कौशाम्बी जिले के करारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर निवासी मो. सद्दाम पुत्र मो. सलीम ने जहरखुरानी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस की वैज्ञानिक विवेचना और एडीजीसी रविदत्त द्विवेदी की प्रभावी दलीलों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया।

# गोमाता भारतीय संस्कृति की आधारशिला, पशु मानने वाली सरकारें हमारी दुश्मन-अविमुक्तेश्वरानंद

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सनातन धर्म और गोरक्षा के जागरण का संदेश लेकर निकले पूज्य पीठाधीश्वर ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज की पावन शगविष्ठ यात्राश् का बुधवार को जनपद में आगमन हुआ। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के बहुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुजानपुर से लेकर विजयीपुर तक यात्रा के पहुंचते ही पूरा क्षेत्र जय गोमाता और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। गांव की गलियों से लेकर कार्यक्रम स्थल तक श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

सुजानपुर बारातशाला परिसर में आयोजित मुख्य स्वागत समारोह की स्वागताध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान तथा गुलाबी गैंग (लोकतांत्रिक) की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में शंकराचार्य का अत्यंत प्रभावी ढंग से स्वागत किया गया। इस दौरान हेमलता पटेल ने सपरिवार भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा भेंट कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधाकर अवस्थी, गविष्ठ यात्रा के जिला प्रभारी शिवकांत तिवारी, और राजेश चैधरी आदि कांग्रेसियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

शंकराचार्य ने गोवंश की रक्षा पर बल देते हुए ग्राम प्रधान हेमलता पटेल को संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में गोरक्षा मिशन को आगे बढ़ाने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। शंकराचार्य ने सर्वसहयोग से क्षेत्र में एक भव्य गौधाम निर्माण करने, गोरक्षा के पावन संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और आम लोगों को इस अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ने का अहम दायित्व दिया। इस अवसर पर उदित अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार, मोहित वर्मा, सत्यम, सुमन, रानी, मधु, शनि, संयोगिता, पिंकी, रेखा, सुधा, राजरानी, दाताराम, शिवम, मुकुल, उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।

इसके पश्चात गविष्ठ यात्रा जिले के विजयीपुर चैराहे पर पहुंची। शंकराचार्य यहां करीब 4 घंटे की देरी से पहुंचे, लेकिन इसके बावजूद धूप और तपिश के बीच भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष उनके दर्शन के लिए डटे रहे। महाराज श्री के आगमन के तुरंत बाद स्थानीय महिलाओं ने फूल-मालाओं और मंगल आरती के साथ उनका अत्यंत प्रभावी व भावपूर्ण स्वागत किया। क्षेत्र में एक तरफ जहां स्थानीय मंत्री का सियासी तूफान और विकास रथ चर्चा में था, वहीं दूसरी तरफ जगद्गुरु का धर्मध्वज और गोरक्षा ध्वज लहरा रहा था। धर्म और सत्ता के इस संतुलन के बीच पुलिस प्रशासन व्यवस्था संभालने की मुख्य धुरी बना रहा।



जनपद के विभिन्न स्थानों और मिश्रा स्वीट के समीप आयोजित कार्यक्रमों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम प्रकाश गिहार के नेतृत्व में भी जगतगुरु शंकराचार्य जी का फूल-मालाओं और वैदिक मंत्रोचार के साथ भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अरबिन्द्र सिंह, जयचंद्र सिंह गिहार, मीडिया प्रभारी जीतेंद्र राजपूत, धीरेंद्र सिंह, अखिलेश विश्वकर्मा, नत्थूपाल, संजय निषाद और भोला प्रजापति आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही राजेंद्र सिंह यादव, छल्लर विश्वकर्मा, अवधेश तिवारी, रानी देवी, राम करण, चंदे वाला रानी देवी और मुन्ना कोरी आदि ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

जनसमूह को संबोधित करते हुए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मौजूदा सरकार पर सीधा और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए अपने काफिले के साथ निकले हैं, जबकि मौजूदा सरकार इसे महज एक पशु के रूप में देख रही है। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि जो कोई भी गाय के प्रति उदार चिंता रखने के बजाय उसे सिर्फ एक पशु के रूप में देखता है, हम ऐसे लोगों को अपना दुश्मन मानते हैंकृचाहे वह कोई आम व्यक्ति हो या मौजूदा सरकार में बैठे कद्दावर मंत्रीगण ही क्यों न हों। शंकराचार्य ने देश में लगातार घटती गोवंश की संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति संपूर्ण समाज के लिए बेहद सोचने वाली है। उन्होंने वहां उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं से दोनों हाथ उठवाकर संकल्प दिलवाते हुए आह्वान किया कि इस बार आप सभी लोग दृढ़ संकल्प के साथ यह निश्चित उद्घोष करिए कि जो कोई हमारे देश में गोरक्षा की बात करेगा और गोवंश को बचाएगा, हम सिर्फ उसी के साथ खड़े रहेंगे।

दो दिन गूंजेगा सनातन व गोरक्षा जागरण का संदेश- दो दिवसीय गविष्ठ यात्रा आगे के लिए रवाना हो गई। यह यात्रा जनपद के गाजीपुर, जागेश्वर मंदिर और हरदो, सरकी होते हुए खागा एवं हुसैनगंज क्षेत्रों की ओर बढ़ गई, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने महाराज जी का जोरदार स्वागत किया।यह यात्रा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी और गोरक्षा व सनातन जागरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगी।

## कांग्रेसियों ने पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान नेहरू जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनकी दूरदर्शी सोच और देश के प्रति समर्पण को याद करते हुए नेताओं ने उन्हें भारत की मजबूती की बुनियाद बताया। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपना पूरा जीवन देश के विकास और भारत को विश्व पटल पर मजबूत पहचान दिलाने में लगा दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि नेहरू जी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज देश में स्थापित बड़े-बड़े संस्थान विकास की धुरी बने हुए हैं। सभा में पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, देवी प्रकाश दुबे, आदित्य श्रीवास्तव, राम नरेश महाराज, शहाब अली, राजीव लोचन निषाद, ओम प्रकाश कोरी, आरिफ खान, शकीला बानो, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, अकरम काले, राजीव श्रीवास्तव, अमीरउज्जमा खान, नजमी कमर, इंद्रजीत लोधी, वकील खान, धर्मेंद्र सिंह, नाजिम राइन आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



### ग्रामीण पत्रकार दिवस के रूप में मनाई बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई द्वारा संगठन के दूरदर्शी संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि को ग्रामीण पत्रकार दिवस के रूप में गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। बुधवार को शहर के खंभापुर स्थित श्रुद्र सदनश् में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष कुमुद तिवारी ने कार्यक्रम में पत्रकारों को सम्मानित किया। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह ने कहा कि स्व. बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकारिता को देश में एक नई पहचान और सम्मान दिलाया। चेतना विचारधारा के जिला प्रभारी अरुण द्विवेदी ने अपने बेबाक संबोधन में कहा कि ष्अक्सर देखा जाता है कि संकट के समय बड़े अखबार पत्रकार का साथ छोड़ देते हैं, ऐसी विपरीत परिस्थितियों में संगठन ही पत्रकार की असली ढाल बनता है। मंडल महामंत्र सुजान सिंह गौतम ने स्व. बालेश्वर लाल के योगदान को ग्रामीण पत्रकारों के लिए अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव, महेश त्रिपाठी, शेखर अवस्थी, जितेंद्र त्रिवेदी, सोमदत्त द्विवेदी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, मंडल मंत्री विमल सिंह, सत्यम सिंह, सुरेश पटेल, पंकज मौर्य, चेतन वाजपेयी, गोपी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## ईदुल अजहा को लेकर बाज़ारों में रौनक, सेवई और किराना दुकानों पर उमड़ी खरीदारों की भीड़

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की सुन्नत और याद में मनाया जाने वाला ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व जिले भर में अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। पर्व को लेकर बाज़ारों में गज़ब की चहल-पहल और रौनक दिखाई दी। विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में लोग त्योहार की अंतिम तैयारियों में व्यस्त रहे। बाज़ारों में सेवई, सूतफेनी, सूखे मेवे और किराना की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मान्यता के अनुसार, अल्लाह की रज़ा और हुक्म पर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अपने प्रिय पुत्र हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी पेश की थी। अल्लाह ने उनकी इस महान कुर्बानी व नीयत को कुबूल करते हुए छुरी के नीचे दुंबे (बकरे) को प्रतिस्थापित कर दिया था। तभी से हर वर्ष इस पर्व को ईदुल अजहा के तौर पर मनाया जाता है। बकरीद के इस मुकद्दस मौके पर तीन दिनों तक मवेशियों की कुर्बानी दी जाती है। बुधवार को शहर के लाला बाजार, चूड़ी वाली गली और चैक क्षेत्र के बाजारों में खरीदारों का तांता लगा रहा। सेवई और मेवे की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ के चलते पैर रखने की जगह नहीं थी। बाज़ार पर महंगाई का कोई खास असर नहीं देखा गया और लोगों ने दिल खोलकर खरीदारी की।

ईदगाह में सुबह 08 बजे अदा की जाएगी नमाज- ईदुल अजहा की मुख्य नमाज को लेकर शहर काजी शहीदुल इस्लाम उर्फ अब्दुल्ला की ओर से समय सारणी जारी की गई है। उनके बयान के मुताबिक, ईदगाह में सुबह ठीक 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे समय से ईदगाह परिसर पहुंचें ताकि निर्धारित समय पर नमाज की सफें दुरुस्त की जा सकें।

नमाज के बाद शुरू होगा कुर्बानी का दौर, गाइडलाइन का पालन अनिवार्य- ईदुल अजहा की नमाज संपन्न होने के बाद से ही तीन दिवसीय कुर्बानी का दौर शुरू हो जाएगा। इसके लिए शासन और प्रशासन की ओर से सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हिदायत दी गई है कि कुर्बानी किसी भी खुले स्थान पर नहीं की जाएगी। साथ ही कुर्बानी के फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर कतई वायरल न किए जाएं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है।

### मैरिको ने हेयर क्लींज़िंग सेगमेंट में प्रवेश किया

**कानपुर।** भारत की अग्रणी एफ.एम.सी.जी कंपनियों में से एक मैरिको लिमिटेड ने आज पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू लॉन्च किया, जिससे हेयर केयर के सेगमेंट में ब्रांड की पहुँच मजबूत हुई है। इस नए प्रोडक्ट के साथ कंपनी ने हेयर क्लींज़िंग श्रेणी में प्रवेश कर लिया है। यह नई प्रोटीन शैंपू रेंज हेयरकेयर में ब्रांड की स्थिति को और अधिक मजबूत करते हुए कोकोनट मिल्क और प्राकृतिक तत्वों के गुण प्रदान करती है। मैरिको लिमिटेड के सीईओ इंडिया कोर बिज़नेस आशीष गोपाल ने कहा मैरिको द्वारा यह लॉन्च पिछले कुछ सालों में कैटेगरी का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। यह प्रोडक्ट पैराशूट एडवांस्ड कोकोनट के गुणों को हेयर-क्लींज़िंग फॉर्मेट में लेकर आया है। शैंपू के क्षेत्र में पैराशूट एडवांस्ड का विस्तार एक रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य प्रकृति पर केंद्रित समाधानों की ओर ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। यह लॉन्च एक उद्देश्यपूर्ण और कोकोनट पर आधारित इनोवेशन के प्रति मैरिको की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे भारत के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते हुए पर्सनल केयर सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी, जो हर साल 9 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

## जनता दरबार में एसपी का सख्त रुख, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उन्हें त्वरित और पारदर्शी न्याय दिलाने की मंशा के साथ बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक पूरी तरह एक्शन मोड में दिखाई दिए। उन्होंने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के कड़े निर्देश जारी किए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक का सख्त और संवेदनशील दोनों रूप देखने को मिला। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि फरियादियों को थानों के चक्कर लगवाकर अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भटकाया जाए। हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समय सीमा के भीतर वैधानिक समाधान किया जाए। यदि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाई गई, तो संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के बाद घर फूंकने वाले तीन दोषियों को उम्रकैद, 45-45 हजार का जुर्माना

**- 15 वर्ष पुराने चर्चित हत्याकांड में कोर्ट का बड़ा फैसला**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हत्या व आगजनी के एक सनसनीखेज और पुराने मामले में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। करीब पंद्रह वर्ष पुराने इस चर्चित हत्याकांड में न्यायालय ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 45-45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस फैसले के बाद पीड़ित परिवार को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार न्याय मिला है।

यह मामला थाना गाजीपुर क्षेत्र के ग्राम चक गाजीपुर का है। वर्ष 2011 में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने वादिनी पक्ष के घर पर जानलेवा हमला बोल दिया था। आरोप के मुताबिक, आरोपियों ने घर पहुंचकर गाली-गलौज, मारपीट की और घर को आग के हवाले कर दिया था। इसघटना के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई थी। मामले में पीड़िता सूर्यकली पत्नी लालता (निवासी चक गाजीपुर) की तहरीर पर थाना गाजीपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस जांच और विवेचना के बाद कृष्णपाल उर्फ नेता पुत्र सुखदेव, सुरेश विश्वकर्मा पुत्र रामरतन (निवासीगण चक गाजीपुर) और राजेंद्र विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय रामसरन (निवासी मुस्तफापुर, थाना हुसैनगंज) को आरोपी बनाया गया था। इस मामले को शासन की प्राथमिकता वाले श्ऑपरेशन कन्विक्शनश् अभियान के तहत शामिल कर लगातार मॉनिटरिंग की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और एडीजीसी प्रमिल श्रीवास्तव द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। ठोस गवाहों, मजबूत साक्ष्यों और वैज्ञानिक विवेचना के आधार पर माननीय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय संख्या-2 ने तीनों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## ओवरब्रिज के नीचे अवैध कब्जा और मानक विहीन निर्माण, राजकीय शिक्षक संघ ने डीएम से की शिकायत

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। नगर के देवीगंज और हरिहरगंज क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण कार्यों, खुलेआम हो रहे अतिक्रमण और गंदगी को लेकर राजकीय शिक्षक संघ (उत्तर प्रदेश) ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर इन गंभीर समस्याओं की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायती पत्र में मुख्य रूप से पांच गंभीर बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है।

शिकायत के अनुसार, देवीगंज में नाले के ऊपर बने फुटपाथ पर पक्का निर्माण कराकर पैदल चलने का रास्ता पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा, ओवरब्रिज के नीचे सैकड़ों की तादाद में चार पहिया वाहन अवैध रूप से पार्क किए जा रहे हैं और गुमटियां रख ली गई हैं। इस अतिक्रमण के कारण स्कूली बसों और राहगीरों के आवागमन में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए पत्र में कहा गया है कि देवीगंज व हरिहरगंज ओवरब्रिज के नीचे पुल की रेलिंग में बिना ब्रिज कॉरपोरेशन या जिला प्रशासन की अनुमति के हैमर से छेद कर दिया गया है। निजी कंपनियों द्वारा इसमें करीब 4 इंची पाइप की लाइन डाल दी गई है, जिससे पुल के कमजोर होने और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका जताई गई है।

देवीगंज में नगर पालिका द्वारा बिना अतिक्रमण हटाए ही पुल के नीचे और पटरियों पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा द्वेष भावना के चलते जगत नारायण दुबे, जगदम्बा तिवारी, अखिलेश ज्वेलर्स और विनय होटल के सामने का हिस्सा छोड़ दिया गया, जबकि अन्य दुकानों जैसे जगदीश नारायण, राधिका साड़ी सेंटर, पंकज रेडीमेड और महिमा साड़ी सेंटर के सामने का कार्य पूर्ण करा दिया गया। इस अधूरे कार्य से स्कूली वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है। सड़क के किनारे बने नाले में राजू बर्तन भण्डार एवं लवकुश गुप्ता द्वारा कथित रूप से मानव-मल और मूत्र बहाया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर इससे भयंकर गंदगी फैल रही है और क्षेत्र में गंभीर बीमारियों के संक्रमण की संभावना बढ़ गई है।

देवीगंज में सड़क की पूर्वी दिशा की ओर बनाया गया नाला पूरी तरह मानक विहीन है। यह नाला मुख्य रोड से लगभग 04 फीट ऊंचा बना दिया गया है, जिसके कारण इसमें वर्षा का पानी भी नहीं निकल सकता। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजा सिंह कछवाह आदि लोग भी मुख्य रूप से मौजूद रहे और उन्होंने भी स्थानीय नागरिकों की इन जायज समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने तथा दोषियों पर नकेल कसने की बात कही। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायती पत्र नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पालिका के अधिशाषी अधिकारी आदि को भी सौंपा गया है। स्थानीय नागरिकों को अब इस मामले में जिला प्रशासन के कड़े रुख और जांच का इंतजार है।

## खबर एक नज़र

### ईदुल अजहा पर्व को लेकर ईदगाह परिसर चकाचक, चेयरमैन व सभासदों ने किया मुआयना

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे जनपद में पारंपरिक अकीदत और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। त्योहार के दृष्टिगत मुख्य नमाज को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य ईदगाह समेत मस्जिदों के आसपास के परिसरों को साफ-सफाई कर पूरी तरह चकाचक कर दिया गया है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और सभासदों ने ईदगाह पहुंचकर सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया और सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने सभासदों के साथ ईदुल अजहा पर्व के मद्देनजर नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होंने पनी मोहल्ले में छोटी ईदगाह के पास जाकर स्वयं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। चेयरमैन ने जलकल अभियंता को निर्देशित किया कि नमाजियों की सहूलियत के लिए आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर लगाना सुनिश्चित करें। इसके बाद उन्होंने बड़ी ईदगाह में भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वहां टेंट के साथ ही सोफा आदि हर वर्ष की तरह गरिमापूर्ण ढंग से लगाने के निर्देश दिए।

चेयरमैन ने सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजरों को सचेत कर दें कि मस्जिदों के आसपास मुकम्मल सफाई के साथ-साथ चूने का रेखांकन अनिवार्य रूप से कराया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। साथ ही, पशु अपशिष्ट को ढकी हुई गाड़ियों में ही ले जाकर निस्तारण कराने की हिदायत दी। इस मौके पर सभासद शादाब अहमद आदि मौजूद रहे।

### संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी उज्जैन सिंह का निधन

फतेहपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक और भारतीय किसान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी उज्जैन सिंह का बीमारी के चलते निधन हो गया। मूल रूप से लमेहटा (गाज़ीपुर) निवासी उज्जैन सिंह ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण और सरस्वती विद्या मंदिर जैसी शिक्षण संस्थाओं के विस्तार में समर्पित कर दिया। उनके निधन से भाजपा, संघ और विचार परिवार में शोक की लहर है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने उनके निधन को जिले के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उज्जैन सिंह जी एक सच्चे पथ-प्रदर्शक, मृदुभाषी और सहृदयी व्यक्ति थे, जिनका जाना संगठन और समाज के लिए एक बड़ा शून्य छोड़ गया है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला, 04 गिरफ्तार

फतेहपुर। थाना चांदपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चांदपुर पुलिस ने मु.अ.सं.-84/2026 धारा 108 बीएनएस के तहत कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में छोटू उर्फ अर्पित (निवासी निहुरापारा, थाना सजेती, कानपुर नगर), पिंकी, विजय और रिंकी (निवासीगण कुलखेड़ा, थाना चांदपुर, फतेहपुर) शामिल हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अविनाश कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल लवकेश कुमार व महिला कांस्टेबल ममता गौतम शामिल रहीं।

### शहीद की पत्नी ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

फतेहपुर। बिंदकी तहसील क्षेत्र के ग्राम पारन्दान निवासी एक शहीद सैनिक की पत्नी ने राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। शहीद रमेश चंद्र की पत्नी राजरानी ने बताया कि उनके पति ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ-राजौरी सेक्टर में आतंकवादियों के खिलाफ लोहा लेते हुए वीरगति प्राप्त की थी। वर्ष 2019 में राजकीय पॉलिटेक्निक बिंदकी के निर्माण के चलते उनकी गाटा संख्या 262 की भूमि का विनिमय करके प्रशासन द्वारा गाटा संख्या 263 आवंटित की गई थी। आरोप है कि विनिमय के इतने वर्ष बीतने के बाद भी राजस्व सरकारी अभिलेखों में उनका नाम दर्ज नहीं किया गया, जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से जांच कराकर नाम दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

### चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर सिद्धपीठ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

फतेहपुर। पत्थरकटा चैराहा स्थित सिद्धपीठ दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को श्री लक्ष्मी नारायण भगवान जी का चतुर्थ वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन, हवन, सुंदरकांड पाठ, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन माता शीतला देवी एवं पिता स्व. राजनारायण जायसवाल की स्मृति में स्वर्गीय रामचंद्र जायसवाल द्वारा निर्मित मंदिर में कराया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में जायसवाल परिवार और स्थानीय सहयोगियों की सराहनीय भूमिका रही।

नशे में फर्राटा भरने वाले चालकों पर यातायात पुलिस का शिकंजा

फतेहपुर। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग (नशे में वाहन चलाने वालों) के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसपी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव की टीम ने शहर के प्रमुख चैराहों पर बैरिकेडिंग कर जांच की। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में पुष्टि होने पर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे 10 वाहन चालकों को पकड़ा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल एक लाख का कोर्ट का चालान व जुर्माना किया।

### पॉक्सो आरोपी हथगाम पुलिस के हत्थे चढ़ा

फतेहपुर। महिला एवं बाल अपराधों के खिलाफ जारी सख्त अभियान के तहत थाना हथगाम पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। नाबालिग से दुष्कर्म के संगीन मामले में काफी समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी शोभित यादव पुत्र छोटेलाल (निवासी ग्राम खरहरा, हथगाम) को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज था।

### दहेज हत्या, सास को 10 वर्ष कारावास की सजा

फतेहपुर। दहेज हत्या के एक बहुचर्चित मामले में कोर्ट ने आरोपी सास को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला थाना किशनपुर के ग्राम थुरियानी का है, जहां वर्ष 2019 में अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर गला दबाकर मार दिया गया था। पुलिस ने मृतका की सास कल्ली देवी पत्नी बुद्धराज के खिलाफ मु.अ.सं.-127/19 दर्ज किया था। मॉनिटरिंग सेल के निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह और एडीजीसी रणधीर सिंह की प्रभावी पैरवी के चलते एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या-02 ने बुधवार को आरोपी महिला को दोषी पाते हुए सजा का ऐलान किया।

### रेडक्रॉस की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, फतेहपुर के नवनिर्वाचित चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव और उनकी पूरी कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी/अध्यक्ष (रेडक्रॉस सोसाइटी) श्रीमती निधि गुप्ता वत्स से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सोसाइटी के सेवाकार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह मानवीय सेवा जारी रखने के लिए पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया। कार्यकारिणी द्वारा जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी/अपर उपजिलाधिकारी श्री दुर्गेश यादव और उनके पेशकार सत्येंद्र सिंह का शाल व पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन डॉ. विवेक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मोहन ज्योति, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र अग्निहोत्री, प्रवीण अवस्थी सहित शैलेंद्र सिंह भदौरिया, सुरेश कुमार श्रीवास्तव और हिमांशु श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## विदेश यात्राएं

पिछले करीब तीन दशकों के दौरान भारतीयों का किसी न किसी वजह से विदेशों से संपर्क लगातार बढ़ता रहा है। चाहे वह विदेश यात्रा हो या वहां व्यापार और अध्ययन के सिलसिले में जाना रहा हो। इसके मुख्य कारण हैं कि विदेश यात्रा के दौरान पर्यटन का आनंद मिलता है, किफायती खर्च में स्तरीय पढ़ाई संभव हो पाती है, चिकित्सा संबंधी लाभ प्राप्त होता है, व्यापार के लिए अनेक संभावनाएं खुलती हैं और नये तौर तरीकों की जानकारी मिलती है तथा शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की जानकारी मिलती है। यह सिलसिला इतनी तेज था कि इस साल फरवरी में विदेश यात्राओं पर कुल खर्च 1.30 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन अब इसमें गिरावट का रुख आ गया और वर्तमान में यह 1.09 अरब डॉलर पर आ टिका है। माना यह जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और रुपए के लगातार अवमूल्यन की वजह से लोगों को अपनी विदेश यात्राओं पर खर्च कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिछले दिनों लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए विदेश यात्राएं कम करने की अपील कर चुके हैं। हालांकि यह भी नहीं कहा जा सकता कि इन सब बातों से विदेश यात्राओं के प्रति भारतीयों का मोहभंग हो चुका है। भले ही इसका सिलसिला थोड़ा धीमा पड़ा हो लेकिन न तो परी तरह बन्द हुआ है और न बन्द होने के आसपास ही है। इसका मतलब यह भी है कि भले ही परिस्थितिजन्य इनका क्रम कुछ धीमा पड़ा लेकिन संपर्क जारी है। उच्च, मध्य उच्च और मध्यम वर्ग इन हालात के बीच भी विदेशों में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने का आकांक्षी है। यही कारण है कि भारतीयों का विदेश जाने का क्रम अभी भी जारी है। उदाहरण के लिए पर्यटन के लिए इस समय विदेश जाना कुछ कम हो लेकिन अगर कुछ माता-पिता को लगता है कि अमुक देश में उनके बच्चों की पढ़ाई कम खर्च में ज्यादा अच्छे ढंग से हो जाएगी या किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को विदेश में अच्छा इलाज मिलने की उम्मीद है तो वहां जाने का कार्यक्रम बनना ही है। इस तरह कहा जा सकता है कि विदेश यात्रा भले ही फिजूलखर्ची मानी जाए लेकिन समझबूझ के साथ ऐसी यात्राएं की जाएं तो उनके अच्छे नतीजे भी निकलेंगे। बात केवल शौक और जरूरतें पूरी करने की है। सीमित आय वर्ग के लिए जरूरत सबसे अहम है जबकि इससे ऊपर के लोगों को सैर-सपाटा ही ज्यादा अच्छा लगेगा। वैसे प्रधानमंत्री की अपील पर ध्यान तो दिया ही जाना चाहिए।

## सराहनीय योजना

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार हमारी प्राचीन परंपराओं एवं कार्यों, जिन पर कई लोग अब गंभीरता से ध्यान नहीं देते, को पुनः व्यवहार में लाने तथा आधुनिक समय के साथ उनका सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में विशेष कदम उठा रही है। भारत का चिकित्सा शास्त्र तमाम खूबियों से युक्त है। जटिल रोगों से भी मुक्ति दिलाने में उसकी कई सफलताएं रही हैं। आधुनिकता के आकर्षण में फंसकर कई लोग इससे दूर होते गए और पश्चिम आधारित चिकित्सा प्रणालियों पर ज्यादा निर्भर होते गए। लेकिन इससे भारतीय प्रणालियों के गुण खत्म नहीं हो जाते। कुछ वर्ष पहले विभिन्न प्रणालियों को लेकर आयुष विभाग बनाया गया था। इसमें आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी मुख्य रूप से शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने आयुष विभाग के अंतर्गत इन सभी प्रणालियों को उन्नत रूप देने का निर्णय लिया है। इसके लिए सत्रह आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों में इक्यावन स्मार्ट क्लासरूम बनाने की योजना है। इनमें इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल, ऑडियो-वीडियो सिस्टम और सीखने के लिए डिजिटल उपकरण की व्यवस्था होगी ताकि ऑनलाइन शैक्षिक स्रोतों तक इनकी पहुंच बन सके। इसका मकसद पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को तकनीक से जोड़ना है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनसे परिचित होकर इनका लाभ उठा सकें। इसके पहले चरण के रूप में यह लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया जा रहा है। आज की आधुनिक चिकित्सा पद्धति की जटिलता और बेहद खर्चीली होने के दौर में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां उन आम लोगों के लिए ज्यादा उपयोगी तथा लाभप्रद सिद्ध हो सकती हैं जो आधुनिक चिकित्सा यानी एलोपैथी का खर्च व झंझट नहीं उठा सकते। इनके कुछ ऐसे विशिष्ट गुण हैं जो इन्हें विशिष्ट रूप से अलग बनाते हैं। तब इनको विकसित करके इनका दायरा ऑनलाइन बढ़ाने से केवल यूपी ही नहीं बल्कि दुनियाभर के लोगों को लाभान्वित किया जा सकेगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**चंबल क्षेत्र में अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**
ऐसी अक्षम भ्रष्ट सरकारों की क्या जरूरत है?

**बार्डर पर लगेंगे एंटी ड्रोन सिस्टम-अमित शाह**
हजारों किलो आरडीएक्स दिल्ली पहुंच गया?

**यूरोपीय देशों में दिख रहा भीषण लू का कहर**
हमारे नेता बेचारे गर्मियां बिताने कहां जायेंगे?

**इबोला वायरस के कहर से भारत अभी सुरक्षित**
इधर लोग सरकारी इलाज से मरे जा रहे हैं!

**कांग्रेस में अब दलितों की केंद्रीय भूमिका -राहुल**
एनआरएचएम के घोटालेबाजों पर मेहरबानी?

**आयुष्मान योजना गरीबों का बड़ा सहारा -योगी**
तभी तो हर पैसेवाला अस्पताल खोल रहा है!

♦♦♦

# क्यों उठती है कर्नाटक का सीएम बदलने की बात

स्पष्ट है कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा का मुख्य कारण मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के बीच 'सत्ता के बंटवारे' का अंदरूनी विवाद है। 2023 में कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद से ही डी.के। शिवकुमार खेमा ढाई-ढाई साल के रोटेशनल फॉर्मूले के तहत उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहा है।



- अशोक भाटिया

2023 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस आलाकमान ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और डी.के। शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया था। शिवकुमार खेमे का दावा है कि हाईकमान ने आधा कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री की कुर्सी उन्हें सौंपने का वादा किया था।

बीते महीनों में कई बार नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें सामने आईं। डीके समर्थक खुले तौर पर सत्ता हस्तांतरण की बात करते रहे, जबकि सिद्धारमैया खेमे ने इसे खारिज किया। इससे सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर असहज स्थिति बनी रही। विपक्षी भाजपा और जेडीएस भी लगातार कांग्रेस की अंदरूनी कलह को मुद्दा बनाते रहे। कांग्रेस हाईकमान की सबसे बड़ी चिंता यह थी कि यदि यह संघर्ष लंबा चला तो उसका असर 2028 के विधानसभा की तैयारी और दक्षिण भारत में पार्टी की स्थिरता पर पड़ सकता है। इसलिए अब पार्टी नेतृत्व एक स्पष्ट सत्ता परिवर्तन मॉडल की ओर बढ़ता दिख रहा है।

हालांकि, सूत्रों का कहना है कि चर्चा सिर्फ मुख्यमंत्री बदलने तक सीमित नहीं है। दरअसल राज्यसभा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवार तय करने पर भी मंथन हो रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे का नाम राज्यसभा के लिए प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है। इसके अलावा, विधान परिषद की तीन खाली सीटों पर भी चर्चा चल रही है। एक सीट पर सरकार के पास बहुमत है, बाकी को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। यानी 'पावर बैलेंस' और संगठनात्मक समीकरण को साधने की कोशिश जारी है।

पार्टी के अंदरूनी संकेत बताते हैं कि डीके शिवकुमार को संगठन और हाईकमान का मजबूत समर्थन मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने कर्नाटक में पार्टी को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि सत्ता और संगठन के बीच संतुलन बनाने के लिए नेतृत्व परिवर्तन पर गंभीरता से विचार हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाय कमान की बैठक में सीएम की कुर्सी ट्रांसफर करने के लिए कांग्रेस ने बीजेपी का बिहार फॉर्मूला निकाल सकता है। जिस तरह बिहार में नीतीश कुमार को राज्यसभा और उनके बेटे को सम्राट चौधरी कैबिनेट में जगह दी गई है, उसी तरह सिद्धारमैया को ऑफर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, मैराथन मीटिंग के बाद हाईकमान ने सिद्धारमैया को सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया है। साथ ही उनके बेटे में डीके शिवकुमार के कैबिनेट में जगह दी जाएगी।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने छह घंटे से अधिक समय तक कांग्रेस हाई कमान मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और राज्य प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के साथ बिताए। उसी दिन राहुल ने एक एकांत बैठक के दौरान सिद्धारमैया से पार्टी में राष्ट्रीय भूमिका निभाने पर विचार करने को कहा। उनसे एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा गया। बहरहाल वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में नेतृत्व परिवर्तन पर चर्चा की बातों को अटकलें बताकर हालांकि खारिज कर किया है। उन्होंने कहा कि बैठकें आगामी राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों तक ही सीमित थीं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि सिद्धारमैया ने राहुल से कहा कि उनकी राष्ट्रीय राजनीति में आने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं है, लेकिन राहुल ने जोर दिया कि वह कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए इस अनुभवी OBC नेता को अपनी टीम में चाहते हैं। राहुल अब तक सिद्धारमैया को बदलने के विचार का विरोध करते रहे थे, जबकि पार्टी के शीर्ष पदों पर बैठे अन्य लोगों का मानना था कि नेतृत्व में बदलाव से कांग्रेस को मदद मिल सकती है। सिद्धारमैया जी भले ही इस घटनाक्रम से इंकार करें धुंवा तभी निकलता है जब कोई चिंगारी निकलती है ।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार सिद्धारमैया ने कोई भी फैसला लेने से पहले अपने वफादारों से सलाह-मशविरा करने के लिए समय मांगा। चर्चाओं के दौरान, उन्होंने संकेत दिया कि वह राहुल का सामना करने के बजाय पद छोड़ना पसंद करेंगे। राहुल ने ही अपने करियर में दो बार उन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन दिया था, भले ही कांग्रेस के भीतर उन्हें एक बाहरी व्यक्ति के तौर पर देखा जाता रहा हो। राहुल के इस पुनर्विचार का क्षण वही है जिसका शिवकुमार पिछले छह महीनों से इंतजार कर रहे थे। वह शुरू से ही यह कहते आ रहे थे कि सरकार गठन के समय उनसे बारी-बारी से कार्यकाल (रोटेशनल टेन्योर) का वादा किया गया था। जब 2023 में कांग्रेस ने भाजपा को हराकर राज्य चुनाव जीता था, तब



शिवकुमार ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। सूत्रों ने बताया कि सिद्धारमैया के खेमे में इस बात पर चर्चा हुई कि उन्हें अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए। इसके लिए वह इस्तीफा देने से इनकार करें या पद छोड़कर और किसी भी राष्ट्रीय भूमिका को ठुकराकर। अगर सिद्धारमैया राज्यसभा में जाने के लिए राज़ी हो जाते हैं, तो इससे विपक्ष के नेता के पद में बदलाव की ज़रूरत पड़ सकती है, जो अभी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पास है। कई लोगों का मानना है कि राज्यसभा में सिद्धारमैया विपक्ष के नेता (LoP) के लिए एक मज़बूत दावेदार हो सकते हैं, जिससे कांग्रेस को OBC वोट बैंक में मदद मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, राहुल की टीम ने बातचीत के दौरान सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र के लिए कैबिनेट में संभावित जगह देने पर भी चर्चा की। जून में कर्नाटक से राज्यसभा की चार सीटों के लिए होने वाले चुनावों से पहले, 77 साल के इस नेता को राज्यसभा में भेजने की संभावना तेज़ हो गई है। कांग्रेस को कम से कम तीन सीटें जीतने का भरोसा है। यह देखना बाकी है कि क्या मुख्यमंत्री चुपचाप डीके शिवकुमारको अपनी जगह लेने देते हैं, या इसका विरोध करते हैं, जिससे किसी तीसरे उम्मीदवार के लिए समझौते का रास्ता खुल सकता है। सिद्धारमैया खेमे का कहना है कि वह अभी भी विधायक दल की पहली पसंद हैं, और उन्होंने अपनी अहमियत साबित करने के लिए 108 विधायकों के दस्तखत वाली एक लिस्ट सौंपी है। AICC की चर्चाओं के बाद, सिद्धारमैया ने अपने करीबी मंत्रियों और विधायकों से अपने वरिष्ठ मंत्री के।जी। जॉर्ज के दिल्ली स्थित घर पर मुलाक़ात की। उम्मीद है कि वह अपने आगे के कदम तय करने से पहले बुधवार को बेंगलुरु में एक और दौर की बातचीत करेंगे। राजनीतिक दृष्टि से यह खीचतान कांग्रेस के लिए फायदे और जोखिम दोनों लेकर आती है। फायदा यह है कि पार्टी डीके शिवकुमार को पूरी तरह संतुष्ट कर सकती है। लंबे समय से इंतजार कर रहे डीके को मुख्यमंत्री बनाने से संगठन में उनका प्रभाव और बढ़ेगा तथा वे 2028 के विधानसभा चुनाव तक अपनी टीम तैयार कर पाएंगे। दूसरी ओर, सिद्दारमैया को राज्यसभा भेजकर कांग्रेस उनके अनुभव का इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर पर करना चाहती है। दक्षिण भारत में भाजपा के खिलाफ विपक्षी रणनीति तैयार करने, सामाजिक न्याय के मुद्दों को उठाने और ओबीसी राजनीति को मजबूती देने में उनकी भूमिका अहम हो सकती है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

हे देवेश ! हे जगन्निवास ! आप प्रसन्न हों।

अमी च त्वां धृतराष्ट्रस्य पुत्राः
गाड सर्वे सहैवावनिपालसङ्घैः ।
भीष्मो द्रोणः सूतपुत्रस्तथासौ
सहास्मदीयैरपि योधमुख्यैः ।। 26।।

वे सब ही धृतराष्ट्र के पुत्र राजाओं के समुदायसहित आपमें प्रवेश कर रहे हैं और भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य तथा वह कर्ण (जिससे अर्जुन बहुत अयभीत था, वह कर्ण) एवं हमारी ओर के भी प्रधान योद्धाओं सहित सब-के-सब-

वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशन्ति दंष्ट्राकरालानि भयानकानि ।
केचिद्विलग्ना दशनान्तरेषु सन्दृश्यन्ते चूर्णितैरुत्तमाङ्गैः ।।27।।

बड़े वेग से आपके विकराल दाढ़ोंवाले भयानक मुखों में प्रवेश कर रहे हैं तथा उनमें से कितने ही चूर्ण हुए सिरोंसहित आपके दाँतों के बीच में लगे हुए दिखायी पड़ रहे हैं। वे किस वेग से प्रवेश कर रहे हैं? अब उनका वेग देखें-

यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति। तथा तवामी नरलोकवीरा
विशन्ति वक्त्राण्यभिविज्वलन्ति ।। 28 ।।

जैसे नदियों के बहुत-से जल-प्रवाह (अपने में विकराल होते हुए भी) समुद्र की ओर दौड़ते हैं, समुद्र में प्रवेश करते हैं, ठीक उसी प्रकार वे शूरवीर मनुष्यों के समुदाय आपके प्रज्वलित मुखों में प्रवेश कर रहे हैं। अर्थात् वे अपने में शूरवीर तो हैं; किन्तु आप समुद्रवत् हैं। आपके समक्ष उनका बल अत्यल्प है। वे किसलिये और किस प्रकार प्रवेश कर रहे हैं? इसके लिये उदाहरण प्रस्तुत है-

यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गा रविशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः।
तथैव नाशाय विशन्ति लोका-स्तवापि वक्त्राणि समृद्धवेगाः ।।29।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**कःकालः कानि मित्राणि को देशः कौ व्ययागमौ।**
**कश्चाहं का च मे शक्तिरचि चिन्त्यं मुहुर्मुहुः।।**

बुद्धिमान् व्यक्ति को निरन्तर यह विचार करते रहना चाहिए कि मेरा समय कैसा चल रहा है, मेरे मित्र कितने हैं और कौन-कौन हैं, मेरा निवासस्थान कैसा है, मेरी आय और व्यय कितना है, मैं कौन हूं तथा मेरी शक्ति कितनी है?

♦♦♦

# शातिर सत्ताधीशों की सियासत का शिकार गोवंश

भाजपा शासित राजस्थान में जैसलमेर में घटी एक अत्यंत संवेदनशील घटना ने देश के गौ भक्त समाज को झकझोर कर रख दिया। यहां के डंपिंग यार्ड में 500 से अधिक गायों के सड़े-



-निर्मल रानी

गले शव और हड्डियां खुले में बिखरे हुए मिले पाये गये। इस जगह का दृश्य इतना भयावह व भीषण दुर्गंध पूर्ण था कि स्थानीय लोग और गौ-प्रेमी स्वभाविक रूप से इसे देखकर क्रोधित व विचलित हो गए। बताया जाता है कि इनमें से कई गायों की मौत ज़हरीला कचरा या पॉलीथिन खाने से हुई। जबकि इनमें बड़ी संख्या में ऐसी गायों के शव भी थे जिन्हें मृत पशुओं का निस्तारण करने वाले ठेकेदार ने इसी डंपिंग यार्ड में लाकर फेंक दिया था। भाजपा शासित राजस्थान में घटी इस दर्दनाक व शर्मनाक घटना ने सरकार व निजी गौ रक्ष संगठनों के गौ-रक्षा के दावों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्योंकि यह केवल किसी की लापरवाही मात्र का नहीं बल्कि मानवता और हिन्दू आस्था दोनों के ही अपमान से जुड़ा मामला है।

ग़ौरतलब है कि पिछले एक दशक से देश में मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों को गौरक्षा के नाम पर मारा जा चुका है। मुहम्मद अख़लाक़ और पहलू ख़ान जैसे अनेक लोगों की हत्या की ख़बरें देश विदेश के मीडिया में प्रसारित होकर देश की बदनामी का कारण भी बन चुकी है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2016-17 में इन्हीं कथित गौरक्षकों के संदर्भ में यह कह भी चुके हैं कि ÷गोरक्षा के नाम पर गुंडागर्दी करने वाले 70-80 प्रतिशत लोग फ़र्ज़ी हैं, जो रात में ग़ैर-क़ानूनी काम करते हैं और दिन में गोरक्षक का चोला पहन लेते हैं।÷ मोदी ने कहा था कि उन्हें उन लोगों पर बहुत गुस्सा आता है जो गोरक्षा के नाम पर अपनी 'दुकानें' खोलकर बैठ गए हैं। उन्होंने राज्य सरकारों से ऐसे लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करने और उनका डोज़ियर तैयार करने को भी कहा था। उस समय मोदी ने गोरक्षा के नाम पर हो रही हत्याओं की कड़ी निंदा भी की थी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि 'गौ भक्ति के नाम पर लोगों की हत्या स्वीकार्य नहीं है। किसी को भी क़ानून अपने हाथ में लेने का हक़ नहीं है।' उन्होंने असली गोरक्षकों को सलाह दी थी कि 'उन्हें गायों को प्लास्टिक खाने से बचाने के लिए काम करना चाहिए, क्योंकि कटने से ज़्यादा गायें प्लास्टिक और कचरा खाने से मरती हैं'।

गाय को लेकर बने देश के इसी तनावपूर्ण वातावरण में देश के मुस्लिम समाज ने उच्च स्तर पर कहीं फ़तवों से तो कहीं दिशा निर्देश जारी कर भारत के मुसलमानों को यह हिदायत जारी की है कि वे गाय की हत्या व गोमांस भक्षण यदि कहीं किया जा रहा है तो उससे पूरी तरह बाज़ आयें। यहाँ तक कि देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर अनेक प्रमुख मुस्लिम उलेमाओं और संगठनों ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की वकालत की है। इनके अनुसार ऐसा करने से देश में नफ़रत और मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी, और बहुसंख्यक समाज की आस्था का सम्मान होगा। कई इस्लामी विद्वानों और मौलानाओं का तो स्पष्ट मत है कि इस्लाम में गौ मांस खाने को सख़्ती से मना किया गया है। पैग़ंबर मोहम्मद साहब के कथनों का हवाला देते हुए मौलानाओं द्वारा यह बताया गया है कि गाय के मांस में बीमारी है और उसके दूध में शिफ़ा अर्थात राहत है। अनेक मुस्लिम संगठनों ने भी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाई है, ताकि गाय को लेकर होने वाली सांप्रदायिक राजनीति पर पूर्ण विराम लग सके। परन्तु हिंदूवादी संगठनों द्वारा गौ हत्या को लेकर केवल मुसलमानों पर निशाना साधने वालों को इसी सिक्के के दूसरे पहलू को समझना भी ज़रूरी है। इस सन्दर्भ में पिछले दिनों हुए असम चुनावों के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का वह बयान क़ाबिल -ए -ग़ौर है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार लोगों के घर के अंदर गोमांस खाने अर्थात निजी खान-पान पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाती। उन्हें इसे खाने से कोई मनाही नहीं है, लेकिन इसे सार्वजनिक तौर पर खाने के बजाय अपने घरों के अंदर खाना चाहिए। लेकिन सार्वजनिक रूप से या धार्मिक स्थलों के आसपास इसका सेवन क़ानूनन और सामाजिक भावनाओं के ख़िलाफ़ है। सवाल यह है कि जब गोवध होगा तभी तो गोमांस घरों में भी खाया जा सकेगा ? दूसरे यह कि केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि अन्य धर्मों व जातियों के लोगों द्वारा भी बड़ी संख्या में गौमांस भक्षण किया जाता है तभी वोट बैंक के मद्देनज़र यह बयान मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया। इसी तरह अप्रैल 2017 में केरल के मल्लापुरम लोकसभा उपचुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार एन. श्रीप्रकाश ने मतदाताओं से वादा किया था कि यदि वे चुनाव जीतते हैं तो क्षेत्र में 'अच्छी गुणवत्ता वाले बीफ़' की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे और साफ़-सुथरे बूचड़ख़ाने खुलवाएंगे। जबकि अभी पिछले दिनों बंगाल में सत्ता में आई भाजपा सरकार की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में क़ानूनन केवल उसी गोवंश (गाय) का वध नहीं किया जा सकता जिसकी उम्र 14 वर्ष से कम हो। इस कुतर्क के अनुसार क्या 14 वर्ष से ऊपर की गाय 'गौ माता' की श्रेणी से बाहर हो जाती है ? भारत सरकार में संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का 2015 में दिया गया वह बयान पूरे देश को याद ही होगा जिसमें उन्होंने कहा था कि 'मैं अरुणाचल प्रदेश से हूँ और गोमांस खाता हूँ। क्या कोई मुझे ऐसा करने से रोक सकता है?' उनका तर्क था कि भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है। पूर्वोत्तर के राज्यों में बहुत से लोग बीफ़ खाते हैं और किसी के खान-पान की आदतों या जीवनशैली को उन पर थोपा नहीं जा सकता।

साथ ही उसी समय उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि भारत विविधताओं का देश है। जहां हिंदू बहुसंख्यक हैं, वहां उनकी आस्था और भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। गोरक्षा पर राजनीति करने वाली सरकार किरेन रिजिजू जैसे गौ मांस भक्षक को मंत्री बनाकर किस आधार पर गोरक्षा की बात कर सकती है ? उधर यही भारतीय जनता पार्टी इलेक्टोरल बांड के ज़रिए भारत की सबसे बड़ी बीफ़ निर्यातक कंपनियों से लगभग प्रत्येक चुनावों में करोड़ों का चंदा वसूलती है। इसी सत्ता संरक्षण की वजह से 2014 के बाद यानी भाजपा के शासनकाल में भारत का कुल बीफ़ निर्यात काफ़ी बढ़ चुका है। परन्तु स्वयंभू गोरक्षकों को गोहत्या को बढ़ावा देने व इसके पक्ष में तर्क देने वालों से कोई शिकायत नहीं है बल्कि आश्चर्य है कि इनकी सारी दुश्मनी व शिकायत केवल मुसलमानों से ही है ? समझा जा सकता है कि गोवंश की सुरक्षा किसी धर्म जाति से जुड़ा विषय नहीं बल्कि वास्तव में गोवंश शातिर सत्ताधीशों की सियासत का शिकार है।

## प्रेरक प्रसंग

### जीवन की कुंजी

एक राजा था। बड़ा पुरुषार्थी था। अपने पुरुषार्थ से उसने राज्य को दूर-दूर तक फैला दिया। उसकी प्रजा बड़ी सुखी थी।

धीरे-धीरे राजा पर बुढ़ापा छाने लगा। उसे चिन्ता होने लगी कि उसने राज्य को चलाने के लिए योग्य उत्तराधिकारी न हुआ तो उसके किये-कराये पर पानी फिर जायगा। उसके एक लड़का था। उसी को गद्दी पर बैठना था, लेकिन वह बड़ा प्रमादी था। हाथ-पैर हिलाना उसे पसंद न था। बहुत सोच-विचार के बाद राजा उसे लेकर एक साधु के पास गया और उन्हें सारी बात बताकर लड़के को आश्रम में छोड़ आया। साधु बड़े तेजस्वी थे। उन्होंने राजकुमार से कहा, वत्स, यहां से चार कोस पर एक जंगल है। तुम सवेरे ही वहां जाओ और फूलों के पौधे लाकर आश्रम के अहाते में लगाओ।''

राजकुमार को बड़ा बुरा लगा। अरे, यह काम तो नौकरों के करने का है, उसका नहीं, वह तो यहां राज्य-व्यवस्था के बारे में शिक्षा लेने आया है, लेकिन उसके पिता कह गये थे कि साधु जो कहें, वह करना।मन मारकर अगले दिन से वह उस काम में लग गया। उसने जंगल से लाकर पौधे लगाये, साधु के आदेश पर उन्हें सींचा और जानवरों से बचाने के लिए उनकी रात-दिन रखवाली की। फिर क्या था! कुछ ही दिनों में सारा आश्रम तरह-तरह के रंग-बिरंगे फूलों से लहलहा उठा। राजकुमार की खुशी का ठिकाना न रहा। साधु ने उसे शाबाशी दी। कहा, ''वत्स, लाखों की एक बात हमेशा याद रखना। जो सोता है, उसका भाग्य सोता है, जो बैठता है, उसका भाग्य बैठता है और जो चलता है, उसका भाग्य चलता है। इसलिए हमारे धर्मग्रंथों ने कहा है, चलते रहो, चलते रहो। देखो, सक्रियता से आश्रम का रूप ही बदल गया है।''

राजकुमार को शासन की ही नहीं, जीवन की भी कुंजी मिल गई।

## आपका पत्र मिला

### ईरान ने बुनियादी शर्तें पेश कीं

ईरान की शर्तें मानना अमेरिका के लिए अपनी हार स्वीकार करने जैसा होगा। ट्रंप ने इससे इनकार करते हुए प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया। मगर उसके दबाव में आने के बजाय ईरान ने जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिका/इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम लगभग भंग हो चुका है।

इसके टूटने की शुरुआत कब हुई और इसे किसने तोड़ा, इन प्रश्नों पर दोनों पक्षों की राय परस्पर विरोधी है। ईरान की दलील है कि आठ अप्रैल को लड़ाई ठहरने के बाद अमेरिका ने होरमुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी कर युद्धविराम को पहली बार भंग किया। फिर तीन मई डॉनल्ड ट्रंप ने होरमुज जलमार्ग को जबरन खुलवाने के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम का एलान कर जंग का नया दौर शुरू कर दिया। ट्रंप का दावा है कि इस कार्रवाई के तहत सात ईरानी नौकाओं को नष्ट किया गया। उधर ईरान ने जलमार्ग पार करने की कोशिश मे लगे यूएई और दक्षिण कोरिया के टैंकरों को निशाना बनाया।

लगे हाथ उसने संयुक्त अरब अमीरात के तेल ठिकाने फुजैरा और दुबई में कुछ स्थलों पर भी मिसाइलें दागीं। इस तरह जंग एक नए स्तर पर पहुंच गई है।ट्रंप ने ईरान पर दबाव बढ़ाने की कोशिश में प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया। मगर इसके दबाव में आने के बजाय ईरान ने जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। उनकी चोट फिलहाल यूएई और होरमुज स्थित टैंकरों पर पड़ी है, लेकिन इसका असर सारी दुनिया तक जाएगा।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# बकरीद के लिए बेस्ट हैं ये ट्रेंडी सूट डिजाइंस

बकरीद का त्योहार 26 या 27 मई को भारत में मनाया जा सकता है। हालांकि, चांद देखने के बाद ही तारीख तय होगी। इस त्योहार का मुस्लिम धर्म में खास महत्व है। ये दिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। इस दिन वो अपने लुक को खास बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। मेकअप से लेकर कपड़ों तक का पूरा ख्याल रखती हैं।
ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि इस बार बकरीद पर आपका लुक सबसे अलग दिखे तो हम आपको कुछ यूनिक डिजाइंस के सूट बताएंगे रहे हैं। अगर आप ये सूट बकरीद के मौके पर पहनेंगी तो आप वाकई कयामत ढाएंगी। आइए देखते हैं यूनिक डिजाइंस के कुछ सूट-

**ब्लू ब्रोकेड शरारा सूट-** अगर आप बकरीद पर एकदम रॉयल और रिच लुक चाहती हैं, तो हिना खान ने जो ये रॉयल ब्लू कलर का ब्रोकेड शरारा सूट पहना है, वो आप पर बहुत अच्छा लगेगा। इसका शाइनी बनारसी फैब्रिक और साथ में मैचिंग का नेट दुपट्टा आपको त्योहार पर सबसे अलग और खूबसूरत लुक देगा।

**सी-ग्रीन हैवी एम्ब्रॉयडरी शरारा सूट-** बकरीद के खास मौके पर आप इस तरह का हैवी सी-ग्रीन कलर का शरारा सूट पहन सकती हैं। ये आप पर बहुत अच्छा लगेगा। और इस पूरे सूट और शरारे पर गोल्डन जरी का हैवी वर्क किया गया हो। ऐसे में अगर आप इसे पहनेंगी तो आपको रॉयल लुक मिलेगा।

**वाइन कलर का वेलवेट स्ट्रेट सूट-** वाइन कलर का वेलवेट सूट, ये बकरीद के मौके पर पहनने के लिए बेस्ट है। इसके वी-नेक और दामन पर खूबसूरत कढ़ाई की गई है। साथ ही इसके दुपट्टे का कलर कॉम्बिनेशन भी जबरदस्त है। अगर आप इस तरह का सूट पहनेंगी तो आपका लुक जबरदस्त लगेगा।

**व्हाइट चिकनकारी प्लाजो सूट-** बकरीद पर पहनने के लिए इस तरह का चिकनकारी प्लाजो सूट भी बहुत प्यारा लगेगा। ऐसे में अगर आपको सिंपल लुक पसंद है तो आप इस तरह का सूट खरीद सकती हैं। इस सूट और प्लाजो पर बेहद खूबसूरती से थ्रेड वर्क किया गया है। जो आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

**मस्टर्ड येलो प्लाजो सूट-** बकरीद पर अगर आप कुछ अलग और ब्राइट कलर का पहनना चाहती हैं तो ये मस्टर्ड येलो कलर का प्लाजो सूट आप पर बहुत अच्छा लगेगा। इसके गले, स्लीव्स और किनारों पर व्हाइट थ्रेड का खूबसूरत कटवर्क डिजाइन बना हुआ हो। वहीं, नीचे लगे छोटे-छोटे लटकन इसकी खूबसूरती को बढ़ा रहे हो। तो अगर आप भी बकरीद के मौके पर सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो आप इस तरह के सूट पहन सकती हैं। इसमें आप बला की खूबसूरत लगेंगी।

**थ्रेड वर्क सूट-सलवार**
किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने के दौरान आप इस तरह के थ्रेड वर्क सूट-सलवार स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट में आपक लुक स्टाइलिश और सबसे अलग नजर आएगा। यह सूट आपको कई तरह के नैक और स्लीव्स ऑप्शन के साथ मिल और जाएंगे, और इसे आप 1,000 से 1,500 रुपये की कीमत में बाजार से खरीद सकती हैं। इसके साथ आप जूती और झुमके पहनकर स लुक को खूबसूरत बना सकती हैं।

**प्रिंटेड सूट-सलवार**
अगर आपकी हाइट लंबी है, तो आप इस तरह के लॉन्ग प्रिंटेड सूट का चुनाव कर सकती हैं। ऐसे सूट पहनकर आपका लुक स्टाइलिश और सुंदर दिखेगा।



# काजल को फैलने से ऐसे रोकें

काजल आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने के साथ-साथ हमारी पूरी लुक में भी चार चांद लगा देता है। महिलाओं के रूटीन मेकअप से लेकर पार्टी मेकअप तक का ये एक अहम् रोल निभाता है। लेकिन अक्सर इससे जुड़ी एक परेशानी हमेशा हर किसी को झेलनी पड़ती है और वो हे इसके फ़ैल जाने की। कई बार हमारा काजल फैल जाता है जिसकी वजह से पूरा चेहरा बुरी तरह से बिगड़ जाता है। ऐसे में हम आज आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताएंगे जिससे काजल लंबे समय तक टिकेगा और बिलकुल फैलेगा भी नहीं। कॉम्पैक्ट पाउडर की लें मदद : काजल लगाने से पहले आईलिड और आंखों के आसपास के हिस्से पर कॉम्पैक्ट पाउडर लगा लें। इसकी जगह आप सामान्य पाउडर या टैलकम पाउडर भी लगा सकती हैं। पाउडर आपकी त्वचा पर आए हुए अतिरिक्त तेल और नमी तो सुखा देता है, जिससे काजल लगाने के बाद काजल फैलता नहीं है। इसके लिए थोड़ा सा पाउडर लेकर इसे ब्रश से या कॉटन बॉल से लगाएं। वाटर प्रूफ काजल : बाज़ार में वाटर प्रूफ काजल आसानी से मिल जाते हैं। इन काजलों की खासियत यह होती है चेहरे पर पसीना आने या पानी लगने पर भी नहीं फैलते हैं। ये काजल लगाने में भी आसान होता है और ये लंबे समय तक स्किन पर टिका भी रहता है। अंदरूनी कॉर्नर पर लगाए काजल : कई लोग काजल लगाते समय इसे आंखों के अंदरूनी कार्नर से शुरू करते हुए बाहरी कार्नर तक लगाते हैं। इस सामान्य से गलती के कारण भी आंखों का काजल बाहरी किनारों पर फैल जाता है। फैलने से बचाने के लिए आपको काजल आंखों के बाहरी किनारे से लगाना शुरू करना चाहिए। आईलाइनर : आंखों के नीचे वाली त्वचा पर आप आईलाइनर लगा सकती हैं। पहले काजल लगाइये और फिर उसके नीचे से आईलाइनर लगा लीजिये।



# शादी पार्टी में जाने के लिए फुटवियर की इन लेटेस्ट डिजाइन्स को जरूर करें ट्राई

यह शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में महिलाएं अपने फुटवियर के चुनाव को लेकर काफी चिंतित रहती हैं। तो हम आपकी इस चिंता का हल लेकर आए हैं। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि सूट और साड़ी के साथ कौन सा फुटवियर अच्छा लगेगा और कौन से फुटवियर को आपको अपने कलेक्शन में जोड़ लेना चाहिए। आइए जानते हैं। लड़कियां हमेशा ही अपने लुक को ग्रेसफुल बनाने के लिए नए-नए एक्सपेरिमेंट करती हैं और अपने कपड़ों के साथ-साथ अपने फुटवियर का भी खास ख्याल रखती हैं। स्टाइलिश लुक पाने के लिए मेकअप और ड्रेस ही नहीं बल्कि सही फुटवियर का होना भी जरूरी है। फुटवियर लुक को मेक और ब्रेक दोनों कर सकता है। वहीं, ट्रेडिशनल लुक में स्टाइल और कंफर्ट का सही संतुलन पाने के लिए, आपके फुटवियर कलेक्शन में कुछ ट्रेंडी और वर्सेटाइल विकल्प होना आवश्यक है।
यह शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में महिलाएं अपने फुटवियर के चुनाव को लेकर काफी चिंतित रहती हैं। तो हम आपकी इस चिंता का हल लेकर आए हैं। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि सूट और साड़ी के साथ कौन सा फुटवियर अच्छा लगेगा और कौन से फुटवियर को आपको अपने कलेक्शन में जोड़ लेना चाहिए। आइए जा-ट्रेडिशनल और ग्रेसफुल लुक-
कोल्हापुरी चप्पलें क्लासिक और ट्रेडिशनल लुक के लिए बेहतरीन हैं। ये साड़ी और सूट दोनों के साथ शानदार लगती हैं। डेली वियर, फेस्टिवल्स या हल्के फंक्शन्स में यह बेहतरीन फुटवियर साबित होता है। गोल्डन, सिल्वर और बीडेड कोल्हापुरी चप्पलें आज-कल काफी ट्रेंड में हैं।

**मोजड़ी / जूती-ट्रेडिशनल एलिगेंस का परफेक्ट टच**
क राजस्थानी और पंजाबी स्टाइल की जूतियां किसी भी एथनिक आउटफिट के साथ खूबसूरत लगती हैं। इस आप शादी, फेस्टिवल, हल्दी-मेहंदी या ट्रेडिशनल फंक्शन्स में पहन सकती हैं। हैंड एंब्रायडरी, मिरर वर्क और मखमली मोजड़ी आज-कल ट्रेंड में है।

**ब्लॉक हील सैंडल कम्फर्ट और स्टाइल का परफेक्ट कॉम्बो**
ब्लॉक हील्स एथनिक वियर के साथ ग्रेसफुल लगती हैं और लंबे समय तक पहनने पर भी कंफर्टेबल रहती हैं। फॉर्मल इवेंट्स, वेडिंग रिसेप्शन या किसी भी ट्रेडिशनल गेट-टुगेदर में आप इसे वियर कर सकती हैं। गोल्डन, सिल्वर और न्यूड टोन ब्लॉक हील्स आज-कल काफी ट्रेंड में है।

**वेज हील्स-स्टाइल और बैलेंस का परफेक्ट मिक्स**
अगर आप हील्स पहनना पसंद करती हैं लेकिन कंफर्ट भी चाहती हैं, तो वेज हील्स बेस्ट ऑप्शन हैं। इसे आप फेस्टिवल्स, शादी-पार्टी या किसी ट्रेडिशनल इवेंट में पहन सकती हैं। आज-कल पेस्टल कलर्स, फ्लोरल डिजाइन और मिरर वर्क वाली वेज हील्स काफी ट्रेंड में है।

**स्ट्रैपी सैंडल - एथनिक वियर के लिए मिनिमल लेकिन स्टाइलिश**
स्ट्रैपी सैंडल साड़ी और सूट दोनों के साथ ये सिंपल लेकिन क्लासी लुक देती हैं। इसे आप फॉर्मल मीटिंग्स, डिनर पार्टी और हल्के ट्रेडिशनल इवेंट्स में पहन सकती हैं। गोल्डन, सिल्वर और एम्बेलिश्ड स्ट्रैपी सैंडल्स आज-कल लड़कियों का फेवरेट बना हुआ है।

# गर्मी में क्लासी लुक देंगी हैट

गर्मियों में धूप से बचाव के लिए हैट और कैप पहनना न केवल स्टाइलिश होता है, बल्कि स्किन की सुरक्षा के लिहाज़ से भी बेहद ज़रूरी है। तेज धूप से चेहरे को बचाने के लिए सही टोपी का चुनाव और उसे सही तरीके से पहनना आपको ङ किरणों से सुरक्षित र ख सकता है। आइए जानते हैं, गर्मी म ... इस कौन सी हैट्स बेस्ट हैं, और इसे कैसे स्टाइल का हिस्सा बना सकते हैं।



**वाइड ब्रिम हैट-** वाइड ब्रिम हैट गर्मियों के लिए सबसे बेहतरीन और स्टाइलिश विकल्पों में से एक है। यह न सिर्फ चेहरे को धूप से बचाती है, बल्कि गर्दन और कानों तक भी छाया देती है। समर आउटफिट्स के साथ यहबहुत सुंदर और एलीगेंट दिखती है। ... बीच, गार्डन पार्टी या वेकेशन पर पहना जा सकता है।

**बेसबॉल कैप-** यह आज के समय की सबसे पॉपुलर और स्टाइलिश हेडगियर में से एक है, जो आपके कैजुअल लुक को भी सुपर कूल बना देती है। यह लड़के और लड़कियों दोनों के लिए यूनिसेक्स ऑप्शन है। इसकी खास आत यह है कि ये जीन्स-टीशर्ट, कुर्ती, शर्ट, सभी के साथ सूट कर जाती है। रोज़ाना की आउटिंग या वॉक के लिए यह एकदम परफेक्ट है।

**बकेट हैट-**कॉटन, लिनन या नायलॉन से बनी यह हैट हल्की और सांस लेने लायक होती है। इसके चारों और ब्रिम होता है जो अच्छी तरह छाया देता है। कैजुअल आउटिंग्स, ट्रैवल, या समर वेकेशंस के लिए यह एक शानदार ऑप्शन है।

**सन हैट-** यह खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और बीच या आउटडोर एक्टिविटीज़ पसंद करने वालों के बीच बेहद पॉपुलर है। सन हैट एक एलिगेंट, रॉयल और वेकेशन वाइब देता है। हॉलिडे, ट्रेकिंग, हिल स्टेशन, बीच, फार्महाउस जैसी जगहों के लिए आप इसे कैरी कर सकते हैं।

**स्पोर्ट्स कैप-** यह हैट उन लोगों के लिए परफेक्ट है जो रनिंग, वॉकिंग, जिमिंग या किसी भी आउटडोर एक्टिविटी में रुचि रखते हैं। टी-शर्ट और ट्रैक पैंट के साथ स्पोर्ट्स हैट आपके लुक को फुर्तीला और फिटनेस-फ्रेंडली बना देगी। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो खुले बालों में वर्कआउट करते हैं।

# मई की धूप से डल होने लगी है स्किन तो ऐसे रखें इसका ध्यान



तेज धूप का प्रभाव सीधा अब लोगों की स्किन पर पड़ने लगा है। इसकी वजह से त्वचा न सिर्फ डल हो रही है, बल्कि त्वचा पर अजीब सा कालापन आने लगा है। ऐसे में यदि अभी से आप अपनी स्किन का ध्यान नहीं रखेंगे तो मई और जून के महीने में जब पारा और चढ़ेगा तो आपको काफी परेशानी होगी। यहां हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको गर्मियों में स्किन केयर करते समय रखना है। यदि आप इन टिप्स का ध्यान रखेंगे तो आपका चेहरा हमेशा ही खिला-खिला रहेगा।

**चेहरे को कवर करना जरूरी**
ये गलती से भी नहीं सोचें कि सनस्क्रीन लगाने के बाद अब आप ऐसे ही बाहर जा सकते हैं। सनस्क्रीन लगाने के बाद अपने चेहरे को कॉटन के स्टॉल से अच्छी तरह से कवर कर लें। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे दिक्कत बढ़ जाएगी। इसके अलावा हैट या छतरी का भी इस्तेमाल करें, ताकि आपकी त्वचा धूप से बची रहे।

**स्किनकेयर अपनाएं**
गर्मी के इस मौसम में ज्यादा हैवी स्किन केयर करने की आपको जरूरत नहीं है। इसके लिए घरेलू नुस्खे अपनाएं। गर्मी में एलोवेरा जेल, गुलाब जल और खीरे का इस्तेमाल स्किन केयर में करें। ये चीजें त्वचा को हाइड्रेट रखती हैं, जिस वजह से त्वचा खिली-खिली रहती है। स्किन केयर न करने से स्किन काफी डल होने लगती है।

**सही फेस पैक है जरूरी**
यदि आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा डल न दिखे तो घरेलू फेस पैक ट्राई करके देख लीजिए। इस फेस पैक में सिर्फ वही चीजों का इस्तेमाल करें, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन खिल उठे। जैसे कि एलोवेरा जेल और गुलाब जल का पैक त्वचा के ग्लो को बरकरार रखता है। इसके अलावा दही और बेसन त्वचा की टैनिंग को खत्म करता है।

# इन प्रोडक्ट्स से करें पूरा मेकअप

त्वचा की देखभाल और उसकी सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए बाजार में तरह-तरह के स्किन केयर और मेकअप प्रोडक्ट होते हैं। लोगों को उनके स्किन टाइप के मुताबिक स्किन केयर प्रोडक्ट और टोन के हिसाब से मेकअप प्रोडक्ट्स का उपयोग करना चाहिए। मेकअप पसंद करने वाली लड़कियों के पास कई तरह के मेकअप होते हैं लेकिन जो लड़कियां मेकअप करना तो चाहती हैं लेकिन उन्हें मेकअप को लेकर अधिक जानकारी नहीं होती, उन्हें अपने मेकअप किट में कुछ खास प्रोडक्ट्स को शामिल करना चाहिए।
हीं ये लेख उन लड़कियों के लिए भी है जो सफर के दौरान खूब सारा मेकअप का सामान अपने लगेज में पैक कर लेती हैं, हालांकि इस्तेमाल के नाम पर वह सिर्फ चार-पांच प्रोडक्ट्स का ही उपयोग करती हैं। अगर आप जल्दी और आसान मेकअप करना चाहती हैं तो केवल पांच मेकअप प्रोडक्ट्स की मदद से ही खूबसूरत और फ्रेश लुक पा सकती हैं। हर लड़की के मेकअप किट में ये पांच प्रोडक्ट्स होने चाहिए, जिसे वह आसानी से अपने हैंडबैग में भी कैरी कर सकती हैं। जरूरी मेकअप प्रोडक्ट्स और उसके इस्तेमाल के स्टेप्स दिए जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप आसानी से मेकअप कर सकती हैं।

**क्रीम या फाउंडेशन -** यह मेकअप का बेस होता है। चेहरे की टोन को समान करने और दाग-धब्बे छुपाने के लिए बीबी क्रीम या फाउंडेशन का उपयोग किया जाता है। अगर आपको रोजाना मेकअप करना होता है तो बीबी क्रीम लगा सकती हैं। इसे चेहरे पर लगाने का एक सही तरीका होता है। चेहरे पर छोटे-छोटे डॉट्स में बीबी क्रीम या फाउंडेशन लगाएं। फिर उंगलियों, ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर से अच्छे से ब्लेंड कर लें।

**काजल, आईलाइनर या मस्कारा-** आंखों को डिफाइन करने और उभारने के लिए काजल और आईलाइनर का इस्तेमाल करते हैं। खूबसूरत आंखें आपके चेहरे की सुंदरता को बढ़ा सकती हैं। इसे लगाने के लिए वॉटरलाइन काजल लगाएं या ऊपर पलकों पर आई लाइनर लगाकर आंखों को आकर्षक बना सकते हैं। मस्कारा पलकों को घना और लंबा दिखाने के लिए होता है। आप ऊपरी और निचली पलकों पर मस्कारा के दो कोट लगाएं। इससे आंखें बड़ी और ब्राइट दिखेंगी।

**लिपस्टिक या लिप टिंट-** मेकअप स्टेप का सबसे मुख्य पार्ट होता है होंठों की खूबसूरती को बढ़ाना। चेहरे की रंगत और फ्रेशनेस के लिए होंठ पर लिपस्टिक या लिप टिंट लगा सकते हैं। आप अपनी पसंद की कोई लिपस्टिक होंठ का शेप देते हुए लगाएं। लिप टिंट या ग्लॉस का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। **ब्लश-** हल्के गुलाबी गाल आपकी चेहरे पर अलग निखार लाते हैं। इसके लिए लिक्विड या पाउडर ब्लश को अपने मेकअप किट में शामिल करें। लिप टिंट के जरिए भी ब्लश लगा सकते हैं। गालों पर गुलाबी या हल्का लाल रंग लगा सकती हैं।

# पैरों के पीले नाखून दिखेंगे खूबसूरत, अपनाएं ये नुस्खे

क्या आप भी चाहते हैं कि आपके पैरों के नाखून सुंदर और आकर्षक दिखें? अगर हां, तो आप सही जगह पर आए हैं। पैरों के नाखूनों की देखभाल करना उतना ही जरूरी है जितना कि चेहरे की। गंदे और पीले नाखून आपको शर्मिंदा कर सकते हैं। इसलिए, आइए जानते हैं कुछ आसान टिप्स जिनकी मदद से आप अपने पैरों के नाखूनों को खूबसूरत बना सकती हैं।

**नाखूनों को करें साफ**
पैरों के नाखूनों को साफ रखना सबसे पहली आवश्यकता है। रोजाना नाखूनों को अच्छे से साफ करें। इसके लिए नींबू का इस्तेमाल करें। नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं, जो नाखूनों के पीलेपन को दूर करने में मदद कर सकते हैं। इसे एक कपड़े से रगड़ें या सीधे नाखूनों पर लगाएं, और कुछ समय बाद धो लें।

**नाखूनों को करें मॉइस्चराइज-**
जैसे चेहरे की त्वचा को मॉइस्चराइज करना जरूरी है, वैसे ही नाखूनों को भी। नहाने के बाद या रात को सोने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह मॉइस्चराइज करें। इसके लिए आप कोई अच्छी गुणवत्ता वाली नाइट क्रीम या नाखूनों के लिए विशेष रूप से बनाए गए ऑयल का उपयोग कर सकती हैं। यह नाखूनों को न सिर्फ मजबूत बनाएगा बल्कि उन्हें स्वस्थ और खूबसूरत भी दिखाएगा।



**नाखूनों को करें फाइलिंग और ट्रिमिंग**
नाखूनों को सही तरीके से ट्रिम और फाइल करना भी आवश्यक है। नियमित रूप से नाखूनों को ट्रिम करें ताकि वे टूटें नहीं। नाखूनों को एक ही दिशा में फाइल करें, ताकि वे ज्यादा समय तक खूबसूरत बने रहें।

**पैरों को रखें सूखा और साफ-**
पैरों को हमेशा सूखा और साफ रखना चाहिए। नहाने से पहले और बाद में अपने पैरों को अच्छे से पोंछें। अगर पैरों में नमी रह गई, तो इससे फंगस या अन्य समस्याएं हो सकती हैं, जो नाखूनों के पीलेपन का कारण बन सकती हैं।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**
पैरों की रोजाना सफाई करें। हफ्ते में 2 बार स्क्रब का इस्तेमाल करें। घरेलू चीजों से स्क्रब बनाएं, जैसे कि चीनी और जैतून का तेल। नहाने के बाद पैरों को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज करें। अगर संभव हो, तो हर महीने पैडिक्योर करवाएं।

**प्राकृतिक नाखून उपचार**
आप अपने नाखूनों की सेहत के लिए कुछ प्राकृतिक उपचार भी कर सकती हैं
1. नारियल का तेल, इसे नियमित रूप से लगाने से नाखून मजबूत होते हैं।
2. टी ट्री ऑइल, यह नाखूनों में से फंगस को खत्म करने में मदद करता है।
3. नाखूनों की चमक बढ़ाने के लिए इसे सीधे नाखूनों पर लगाएं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बृहस्पतिवार, 28 मई 2026**
श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत/ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, पंचमी तिथौ गुरु वासरे 07/52/ चित्रा नक्षत्रे 08/09/ वरीयान योग 27/55/ बालव करणे 07/58/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।
व्रत एवं त्यौहार- प्रदोष व्रत। ईदुज्जहा।

**मेष :** परिवारिक जीवन सूखमय होगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**वृष :** वस्त्र भोजन व शमन सुख उत्तम होगा। सेवावृत्ति वाले जनो को शुभ संदेश मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनेगा। यात्राएं चिंता बढ़ाएगी।

**मिथुन :** व्यक्तिगत कार्यबाधा रहेगी। गलत सलाह मानकर हानि पाएंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। धन लाभ अल्प होगा।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। कारोबार उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्राओं का लाभ होगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** नए संपर्कों से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दूर की यात्रा का योग बनेगा। सन्मार्ग पर चित्त रखने से लाभ होगा।

**मीन :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।

ग्रीष्मकालीन इन्टर्नषिप प्रोग्राम का आयोजन 1 से 30 जून तक

ललितपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीष/अध्यक्ष अषोक कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुपालन में 1 जून से 30 जून तक ग्रीश्मकालीन इन्टर्नषिप प्रोग्राम का आयोजन किया जाना है व उक्त के क्रम में जनपद के समस्त दैनिक समाचार पत्र, लॉ कॉलेजों व कलैक्ट्रेट, न्यायालय, बार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने तथा जनपद न्यायालय ललितपुर की वेबसाइट पर अपलोड किया जावे।

## खबर एक नज़र



### चैरासी गुंबद के पास जंगल में भीषण आग, कई एकड़ क्षेत्र में फैली लपटें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)।** चैरासी गुंबद के समीप हाईवे किनारे स्थित सुल्तानपुर के जंगल में मंगलवार को अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कई एकड़ क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों और धुएं के गुबार से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अज्ञात कारणों से लगी आग तेजी से जंगल के अंदर फैलती चली गई। आग की चपेट में आकर शीशम, नीम, आम, पीपल और बरगद समेत कई बड़े पेड़ जल गए। तेज गर्मी और सूखी झाड़ियों के कारण आग लगातार फैलती रही, जिससे वन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। हालांकि संसाधनों की कमी के कारण कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रभारी रेंजर संजय माथुर ने बताया कि विभागीय कर्मचारी झाड़ू और पेड़ों की टहनियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई थी, लेकिन वहां से बताया गया कि दमकल वाहन उपलब्ध नहीं है। इसके बाद उरई मुख्यालय को भी सूचना भेज दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग फिलहाल जंगल की सतह और सूखी घास में फैली है। उनके अनुसार बड़े पेड़ों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है और आग बुझाने का कार्य लगातार जारी है। विभागीय टीम आग को फैलने से रोकने के लिए आसपास के क्षेत्रों में निगरानी कर रही है। वह प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया गया तो जंगल के बड़े हिस्से को नुकसान हो सकता है। वहीं समय पर दमकल वाहन उपलब्ध न होने से फायर व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### जालौन मेडिकल कॉलेज को मिला नया प्राचार्य, डा. महेंद्र सिंह संभालेंगे कमान



डा. महेंद्र सिंह

स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)। उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एक बड़े प्रशासनिक फैसले के तहत डा. महेंद्र सिंह को राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन का नया प्राचार्य नियुक्त किया है। डा. सिंह वर्तमान में राजकीय मेडिकल कालेज कानपुर में पैथोलॉजी विभाग के आचार्य पद पर कार्यरत थे। शासन ने उन्हें अग्रिम आदेशों तक यह जिम्मेदारी सौंपते हुए तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में जूनियर डॉक्टरों और व्यापारिक नेताओं के बीच हुए तनावपूर्ण संघर्ष के बाद से ही पूर्व प्राचार्य डा. अरविंद त्रिवेदी के तबादले की चर्चाएं तेज हो गई थीं। इस घटना के लिए डा. त्रिवेदी की लापरवाही और मनमानी को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था। मेडिकल कॉलेज में असुरक्षा का माहौल बन गया था, जिसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जूनियर डॉक्टरों को समझा-बुझाकर उनका आंदोलन समाप्त करवाया था। शासन के इस ताजा आदेश के बाद से मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक सुधार की उम्मीदें जग गई हैं। मेडीकल कालेज जालौन के मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. प्रशांत निरंजन ने प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी के तबादले की पुष्टि की है।

### मामा के घर आई छात्रा ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत



किशोरी की फाइल फोटो

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)। कालपी कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ी गांव में गर्मियों की छुट्टियां बिताने आई एक किशोरी की जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

उरई शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी कक्षा 8 की 16 वर्षीय छात्रा प्रिंसी इन दिनों गर्मियों की छुट्टियों में अपने मामा प्रधान प्रतिनिधि बबलू के घर निवाड़ी गांव आई हुई थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने छात्रा की हालत गंभीर देखते हुए उपचार शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोरी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर कालपी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला जहरीला पदार्थ खाने का माना जा रहा है, हालांकि छात्रा द्वारा यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया गया, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ सका है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है।

**साईबर फ्रॉड के प्रति एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने किया सतर्कता का प्रसार**

**कानपुर।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों को साईबर फ्रॉड के बढ़ते खतरे के प्रति सुरक्षा प्रदान करने के अपने प्रयासों में लगातार तेजी ला रहा है। कंपनी जागरुकता बढ़ाने, धोखाधड़ी की रोकथाम करने और अंतिम छोर तक जाकर लोगों को सुरक्षित रहने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की डिजिटल बैंकिंग क्रांति ने लाखों लोगों तक वित्तीय पहुंच का विस्तार किया है, लेकिन साथ ही इसने साइबर अपराधियों के लिए नए रास्ते भी खोल दिए हैं। धोखाधड़ी के तरीके विकसित होते जा रहे हैं और खासकर पहली बार बैंकिंग कर रहे एवं ग्रामीण लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं, ऐसे में सक्रिय जागरूकता और जिम्मेदार बैंकिंग की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। गणेश अनंतनारायण, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर-बिज़नेस ऑपरेशंस, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा यूपीआई पर डिजिटल भुगतान का मासिक आंकड़ा 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने के साथ हमारी जिम्मेदारी का दायरा बहुत बढ़ गया है। भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटल एडॉप्शन के साथ हमारी जिम्मेदारी है कि यह वृद्धि विश्वास, जागरुकता और जवाबदेही की बुनियाद पर हो। हम शिक्षा, एजेंट की क्षमता और सिस्टम-लेवल की सुरक्षा में लगातार निवेश कर रहे हैं क्योंकि हमारा मानना है कि ग्राहकों को शिक्षित बनाने की प्रक्रिया धोखधड़ी होने से काफी पहले ही शुरू हो जानी चाहिए। हम अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे और फाईनेंशियल सिस्टम की अखंडता को नुकसान पहुँचाने वाले किसी भी गलत काम कि खिलाफ कठोर कार्रवाई करेंगे।

# बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट, अफसरों ने पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च

**-संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था, धर्मस्थलों का भी लिया जायजा**



उरई : नगर में पैदल मार्च करते एसडीएम, सीओ व पुलिस जवान ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार शाम उपजिलाधिकारी अमित शेखर तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ रूट मार्च निकाला गया। अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। रूट मार्च के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी फुल पावर चैराहा, बाईपास, जुलैहटी मार्केट, हाईवे सर्विस लेन, मुख्य बाजार टरननगंज समेत विभिन्न भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरे। इस दौरान पुलिस जवानों ने पैदल गश्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा बाजारों और सार्वजनिक स्थलों की गतिविधियों पर नजर रखी।अधिकारियों ने जगह-जगह व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और संभ्रांत लोगों से बातचीत कर त्योहार के दौरान शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अफवाह या अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पैदल मार्च में नायब तहसीलदार चंद्रमोहन शुक्ला, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह, टरननगंज चैकी प्रभारी सुरेश चंद्र, रामगंज चैकी प्रभारी विशाल भड़ाना, महमूदपुरा चैकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं गुरुवार को उपजिलाधिकारी अमित शेखर की अगुवाई में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने कालपी और कदौरा क्षेत्र के शाही ईदगाह, खानकाह शरीफ मस्जिद समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था, पेयजल, बिजली और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और लगातार निगरानी की जाएगी।

# रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक से विकास कार्यों को मिलेगी नई गति- डीएम



उरई : कार्यशाला को संबोधित करते डीएम ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, लखनऊ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अधिकारियों को रिमोट सेंसिंग, जीआईएस और जीपीएस तकनीकों से योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग और संसाधन प्रबंधन की जानकारी दी गई।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. पीपीएस यादव, डा. अर्जुन सिंह, डा. जय कुमार मिश्रा और अवनीश कुमार ने जनपद वार डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि इन तकनीकों से कृषि, भू-राजस्व, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, पंचायती राज, सड़क, वन एवं सिंचाई जैसे विभागों के कार्य अधिक सटीक, पारदर्शी और परिणाममुखी बन सकते हैं। विशेषज्ञों ने भुवन पोर्टल एवं प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल पीएमजीएसपी के उपयोग की जानकारी देते हुए लिडार तकनीक की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने कहा कि तकनीक-आधारित प्रशासन सुशासन की आवश्यकता है।

उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़े और जनता को त्वरित लाभ मिल सके। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, कृषि, उद्यान, पशुपालन, भूमि संरक्षण, पंचायती राज, लोक निर्माण, वानिकी, एनआरएलएम, मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई सहित सभी खंड विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# अल्लाह की रजा के लिए हजरत इब्राहीम ने दी लखते जिगर की कुर्बानी

**-दर्जन भर से अधिक मस्जिदों में होंगी ईदुल अजहा की नमाज**



जानकारी देते काजी-ए-शहर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)।** ईदुल अजहा बकरीद का त्यौहार 28 मई दिन गुरुवार को मनाया जायेगा। इस त्यौहार में तीन दिनों तक हजरत इब्राहीम अलै. के द्वारा खुदा की रजा के लिए तमाम कुर्बानियां पेश करने के बाद भी जब ख्वाब में अल्लाह ने अपनी सबसे अजीज चीज की कुर्बानी पेश करने को कहा तो उन्होने अपने लखते जिगर बेटे हजरत इस्माइल अलै. की कुर्बानी पेश की। छुरी इस्माइल पर चलाई लेकिन अल्लाह के हुक्म अनुसार फरिश्तों ने इस्माइल को हटाकर, और दुम्बा लिटा दिया जिस पर छुरी चली। अल्लाह ने इब्राहीम अलै. की कुर्बानी को कुबूल किया, और दुनिया के तमाम मुसलमानों को इस पर अमल करने की अनुमति प्रदान की, कुर्बानी साहिबे निसाब पर फर्ज की। तभी से तीन दिनों तक भैंसा, बकरा, भेड़ आदि की कुर्बानियों का सिलसिला हजारों सालो से जारी है। काजी-ए-शहर शकील बेग रहमानी ने बताया कि बकरीद को अल्लाह ने साहिबे निसाब पर कुर्बानी फर्ज की। अल्लाह ने कर्जदार पर कुर्बानी का हुक्म नहीं दिया है। कहा कि यह अल्लाह का बड़ा करम है कि उसने दुम्बे को इब्राहीम अलै. के सामने लिटाकर कुर्बानी कुबूल की। यदि वह अपने बेटे इस्माइल पर छुरी चलाते दुम्बे की जगह बेटे को कुर्बान कर देते तो मुसलमान को अपनी औलादों की कुर्बानी पेश करना होती। कहा कि अल्लाह की राह में हर साहिबे निसाब कुर्बानी जरूर पेश करे। बताया कि इस्लाम का साल कुर्बानी से शुरू होता है और साल का आखिरी माह भी कुर्बानी से खत्म होता है। बताया कि बकरीद इस्लामी कैलेंडर का आखिरी माह है। जबकि इसके बाद इस्लामी साल की शुरूआत मोहर्रम से होती है। मोहर्रम में हुए कर्बला को दुनिया जानती है। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके एहले खानदान ने नबी की उम्मत तथा हक और इस्लाम के लिए ही नही सरियत के लिए अपनी शहादत दी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन आवेदन'

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के ऑनलाइन नामांकन, सिफारशें आरम्भ हो गयी है और नामांकन जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है, जिसके क्रम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु जनपद स्तर से नामांकन कराये जाने की अपेक्षा की गयी है व भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से संबंधित बेवसाइट पर नामाकन किया जा सकता है, यह पुरस्कार जनपद स्तर से विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है व मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए स्थापित यह पुरस्कार 6 श्रेणियों-वीरता, समाजसेवा, पर्यावरण, खेल, कला, संस्.ति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 18 वर्ष 31 जुलाई तक कम उम्र के बच्चें जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्.ष्ट और असाधारण योगदान दिया है, उक्त पुरस्कार के लिए संबंधित बेवसाइट में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### ईदगाह सदर ने बैठक कर तैयारियों पर की चर्चा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच(जालौन)। ईद उल अजहा बकरीद पर्व को लेकर ईदगाह कमेटी की एक अहम बैठक ईदगाह सदर शमशाद खां के आवास पर आहूत की गई जिसमें कमेटी के सदस्यों द्वारा बिचार विमर्श करते हुए तैयारियों पर चर्चा कर व्यबस्थाओं को सौंपा गया जिसमें सर्व सम्मति से तय हुआ कि दिन गुरुबार को ईदगाह मैदान पर सुबह 7:30 बजे ईद उल अजहा बकरीद की नमाज हाफिज मौलाना शकील पढ़ाएंगे। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदर शमशाद खां हाजी मोहम्मद अहमद अहमद खांकड़ू मामा मुन्ना सदुआ रज्जाक खां सईद अहमद खन्ना तआरुफ़ हुसैन रज्जन बेग चुन्ना नेता सहित ईदगाह कमेटी से जुड़े तमाम लोग मौजूद रहे।

### जनगणना-2027 के प्रथम चरण का अधिशासी अधिकारी ने किया निरीक्षण



राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के आवास की भी की गई गणना

ललितपुर। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु चार्ज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा लगातार फील्ड भ्रमण कर जनगणना कार्यों की समीक्षा की जा रही है व उन्होंने सुपरवाइजरों, प्रगणकों एवं फील्ड ट्रेनरों के साथ विभिन्न ब्लॉकों का निरीक्षण कर जनगणना कार्य के निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 9 स्थित सुपरवाइजर सर्किल नम्बर 15, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक 20 में पहुंचे, जहां राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के आवास की गणना की गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है व यह केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के समुचित वितरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन का महत्वपूर्ण माध्यम है व उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जब भी जनगणना प्रगणक उनके घर पहुंचे, तब उन्हें सही, स्पष्ट एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय दायित्व में सहभागिता सुनिश्चित करें व चार्ज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 के कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु नगर क्षेत्र के 26 वार्डों को कुल 311 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक में प्रगणकों की नियुक्ति की गई है तथा उनकी निगरानी हेतु सुपरवाइजर तैनात किये गये हैं, जो घर-घर जाकर जनगणना कार्य को पूर्ण कर रहे हैं। इस दौरान फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, कल्याण सिंह रजावत, प्रगणक राहुल जैन, श्रीमती अनुराधा चैबे, आलोक स्वामी, चन्द्रप्रकाश चैबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 24 घंटे के भीतर पीड़ित परिवारों को राहत, एसडीएम उरई ने पहुंचकर सौंपी आर्थिक सहायता

**0 ग्राम टीकर अग्निकांड में प्रशासन बना सहारा, प्रभावित परिवारों को मिली आर्थिक मदद व राहत सामग्री**



उरई : अग्नि पीड़ित परिवारों को राशन सामग्री बांटती एसडीएम व अन्य ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)।** विकासखंड डकोर के ग्राम टीकर में बीते दिवस अज्ञात कारणों से दो घरों में आग लगने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई। मा0 मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को 24 घंटे के भीतर सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिसके क्रम में प्रशासन ने संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई की। उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह ने मौके पर पहुंचकर आग से प्रभावित कमलेश पत्नी पुनु तथा कस्तूरी पत्नी शिवकुमार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया। उप जिलाधिकारी द्वारा दोनों पीड़ित परिवारों को 1 लाख 20 हजार, एक लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही परिवारों के लिए दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री किट भी उपलब्ध कराई गई, ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों को शासन स्तर से अनुमन्य हर संभव सहायता प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है और किसी भी पीड़ित को असहाय नहीं छोड़ा जाएगा। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज राजपूत सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कल से नियमित रूप से खुलेंगे पीसीएफ गोदाम व क्रय केंद्र, एसडीएम व तहसीलदार करेंगे भौतिक सत्यापन-डीएम'



**ललितपुर।** जनपद के क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज की सही तरीके से खरीद व क्रय केंद्रों पर अनियमितताओं की शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने किसान संगठनों और पीसीएफ गोदाम क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक की और केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों के साथ किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए समय से क्रय केंद्र खोलकर खरीद करना सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए किसान संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता की, जिसमें किसानों ने बताया कि अधिकांश क्रय केंद्रों पर तौल के लिए कांटा और बोरा पर्याप्त मात्रा में नहीं है और कहीं कहीं तो खरीद ही नहीं की जा रही, केवल व्यापारियों से खरीद ही रही है। इसी प्रकार मसूर की खरीद भी प्रभावित है। इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए पीसीएफ और क्रय केंद्र प्रभारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि कल से नियमित रूप से गोदाम व क्रय केंद्र खोले जाएंगे, यदि ऐसा नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों की टीम बनाकर कल से ही क्रय केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जखलौन, सौजना और दैलवारा के क्रय केंद्रों सहित अन्य अव्यवस्था वाले केंद्रों पर तौल कांटा बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीसीएफ क्रय केंद्र प्रभारियों को कलेक्ट्रेट में ही बिठाकर ऑनलाइन बोरा फीडिंग कराई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में क्रय केंद्रों पर किसान की उपज खरीदी जाएगी और अगर शिकायत मिली तो क्रय केंद्र प्रभारी कार्यवाही के लिए तैयार रहे। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव ललितपुर और महरौनी को निर्देश दिए कि मंडियों में रखे माल का 2 दिन के भीतर उठान कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को नैफेड के लंबित भुगतान की दैनिक निगरानी करते हुए भुगतान कराएं जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार, उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह, मंडी सचिव, किसान संगठन के पदाधिकारी, पीसीएफ व क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# सचिव ने किया राजकीय बालगृह का निरीक्षण



**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय बालगृह बालक दैलवारा का निरीक्षण किया गया। देवप्रिय सारस्वत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बालगृह में बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजन-शाला का निरीक्षण किया व भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी, प्रातः कालीन भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार बना था। निरीक्षण के दौरान रामप्रताप, प्रभारी अधीक्षक, बाल गृह, दैलवारा, स्टाफ आदि एवं न्यायालय की ओर से आलोक, अनिल गनर उपस्थित रहे।

# खरीद केन्द्रों पर तत्काल प्रभाव से बोरे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए : आयुक्त

**. भाकियू की शिकायत को आयुक्त ने संज्ञान लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** भारतीय किसान यूनियनए चित्रकूटधाम मण्डलए बाँदा के पदाधिकारियों द्वारा आयुक्तए चित्रकूटधाम मण्डलए बाँदा अजीत कुमार मण्डल के विभिन्न जनपदों में संचालित गेहूँ खरीद केन्द्रों पर व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया गया। अवगत कराया गया कि मण्डल के सभी जनपदों के अनेक खरीद केन्द्रों पर बोरे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैंए जिससे गेहूँ खरीद कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही गेहूँ का समय से उठान न होने के कारण खरीद प्रक्रिया बाधित हो रही है तथा तौल प्रक्रिया में भी अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि बोरे की कमी एवं उठान में विलम्ब के कारण किसानों को कई.कई दिनों तक खरीद केन्द्रों पर इंतजार करना पड़ रहा हैए जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि सभी खरीद केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध कराये जाएं तथा गेहूँ उठान एवं तौल प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जाए।




उक्त प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए आयुक्त अजीत कुमार द्वारा तत्काल सम्भागीय खाद्य नियंत्रकए चित्रकूटधाम मण्डलए बाँदाए उप निबन्धक एवं उपायुक्त सहकारिताए चित्रकूटधाम मण्डलए बाँदा तथा प्रबन्धकए भारतीय खाद्य निगमए चित्रकूटधाम मण्डलए बाँदा के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिये कि मण्डल के समस्त खरीद केन्द्रों पर तत्काल प्रभाव से बोरे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी दशा में बोरे की कमी के कारण गेहूँ खरीद कार्य बाधित न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि खरीद केन्द्रों से गेहूँ का नियमित एवं समयबद्ध उठान सुनिश्चित किया जाएए जिससे किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा एवं असुविधा का सामना न करना पड़े।

आयुक्त ने तौल प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा शोषण की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करें तथा किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिये गये कि मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर खरीद कार्य की दैनिक समीक्षा की जाए तथा खरीद केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध करायी जाए। आयुक्त महोदय ने कहा कि शासन की मंशानुरूप किसानों से गेहूँ खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिताए सुगमता एवं समयबद्धता के साथ सम्पन्न कराया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आज आयेंगे ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी

हमीरपुर। परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाभाग के नेतृत्व में गौरक्षार्थ धर्मयुद्ध (गविष्टि) यात्रा जो पूरे उत्तर प्रदेश में 81 दिवसीय यात्रा है, उसी क्रम में

कल दोपहर 12रू30 बजे हमीरपुर विधानसभा में श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शंकराचार्य जी का पदार्पण होगा। जहां महामंडलेश्वर श्री राजेन्द्रदास महाराज (सदस्य शंकराचार्य चतुरंगिणी सेना) की अध्यक्षता में जगद्गुरु शंकराचार्य भगवान का स्वागत अभिनंदन, आशीर्वचन, धर्म सभा, प्रेस कॉन्फ्रेंस का कार्यक्रम रहेगा व हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में एक रामा गौधाम बनाने की प्रक्रिया का आरंभ होगा।

कार्यक्रम का संचालन शंकराचार्य चतुरंगिणी सर्वाध्यक्ष साध्वी जगदंबा करेंगी और स्थानीय स्वागतकर्ता दीपा तिवारी (अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष) रहेंगी। सभी धर्मानुरागी, प्रेस व मीडियाकर्मी सादर आमंत्रित हैं। ?

# लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के डीएम ने दिए निर्देश




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** बुधवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारणए प्रभावी पैरवी तथा अपराधियों को समयबद्ध सजा दिलाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के लिए अभियोजन कार्यों में निरंतर सुधार पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में महिला अपराध एवं अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने हेतु वादों में प्रभावी पैरवी करने के संबंध में आयोजन अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अपरपुलिस अधीक्षक शिवराज अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र सहित ज्येष्ठ अभियोजन एवं सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे ।

## शंकराचार्य का हुआ भव्य स्वागत उमडा जन सैलाब




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** जनपद बाँदा में 81 दिवसीय गविष्टि यात्रा लेकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज बाँदा पहुंचे। इस यात्रा के दौरान शहर के अलीगंज में समाजसेवीध्सपा नेता शेखर शर्मा के द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज व गौ प्रतिष्ठा हेतु गविष्ठ यात्रा का भव्य स्वागत किया।शेखर शर्मा के द्वारा विधिविधान के साथ 21 ब्राह्मणों की टोली ने पूजा अर्चना कर आरती कर स्वागत किया। समाजसेवीध्सपा नेता शेखर शर्मा ने कहा कि शंकराचार्य महाराज के द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए यात्रा निकाली जा रही है।हम सभी ने एक स्वर में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने का समर्थन किया है। आप सभी को ज्ञात हो की स्वागत कार्यक्रम में श्रद्धालुओंए सनातन धर्म प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। जय श्रीरामए हर.हर महादेव एवं गौमाता के जयघोषों से भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

संबोधन में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने सनातन धर्मए गौसंरक्षण एवं भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति और आस्था की आधारशिला हैं तथा समाज को धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से भारतीय परंपराओं और धार्मिक मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की।

शंकराचार्य महाराज ने कहा कि गविष्टि यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक यात्रा नहींए बल्कि समाज में जागरूकताए गौसंरक्षण और सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना है। उन्होंने विभिन्न गांवों और नगरों में धर्मए सेवा और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

## ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन इकाई कुरारा द्वारा बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि मनाई गई

कुरारा,हमीरपुर। स्थानीय विकास खंड सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन इकाईकुरारा द्वारा बाबू बालेश्वर लाल कीपुण्य तिथि मनाई गई। तथा विचार गोष्ठी संपन्न हुई।ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पण किए गए। तथा उनके जीवन वृतांत पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन इकाई हमीरपुर के वरिष्ठउपाध्यक्ष सुरेश सिंह, जिला सचिव दीपक अवस्थी, तहसील महामंत्री डॉ अमित दीक्षित,श्रीबाबू शिवहरे, कामेंद्रसिंह, अखिलेश सिंह गौर, रामनरेश सिंह, बृजेश श्रीवास्तव सहित समस्त पत्रकार मौजूद रहे।

## युवती ने लाइसेसीं रिवाल्वर लेकर इंस्टाग्राम में अपलोड किया वीडियो

**भरुआ सुमेरपुर।** मंगलवार को देर रात कस्बे के देवगांव मार्ग में रहने वाली एक युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में रिवाल्वर किस करते हुए एक वीडियो अपलोड किया है?। दबंगी दिखाते हुए युवती अंग्रेजी गाने पर रिवाल्वर को लहरा रही है। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि युवती ने अपनी गलती की माफी मांग ली है। दोबारा इस तरह की हरकत नहीं करने की सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

# नौतपा में राहगीरों को राहत देने हेतु शीतल जल एवं छबील वितरण कैंप का आयोजन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में नौतपा एवं भीषण गर्मी के दौरान लोगों को हीट वेव और लू से बचाने के उद्देश्य से एक दिवसीय शीतल जल एवं छबील वितरण कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी बांदा अमित आसेरी की प्रेरणा से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ए एडीएम न्यायिक माया शंकर यादवए सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केलाए यातायात प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंहए कोतवाली देहात थाना प्रभारी सीण्पीण् तिवारी तथा टीएसआई त्रिलोकी नाथ पांडेयए एडीएम स्टेनो शाकिर अलीए पेशकार पास्को कोर्ट तुलसी दास द्वारा राहगीरों को शीतल जलएपेठाए बिस्किटएशरबत एवं कोल्ड ड्रिंक वितरित कर किया गया। फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के मंडल प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने बताया कि यह कैंप लगातार 27वें दिन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तनए मन और धन से सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुआ यह सेवा कार्य सायं 4 बजे तक निरंतर चलता रहाए जिसमें लगभग 5000 से अधिक राहगीरों को शीतल जलए पेठाए बिस्किटए शरबत एवं अन्य राहत सामग्री वितरित की गई। भीषण गर्मी में मानव सेवा के इस कार्य की स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों ने सराहना करते हुए संगठन के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर संरक्षक श्री रमेश चंद्र चौरसियाए राधे श्याम साहूए राजेश निषादएअमृत लाल गुप्ताए मोनू गुप्ताए मोहन लाल प्रजापति;पप्पूद्धएदिनेश साहूए गुलाब साहूए दिलीप जडियाए अजहर खानएसौरभ शर्माए बबलू साहूए मनोज नामदेवए पत्रकार अवधेश द्विवेदीएअनवर रजा रानूएशिवकुमार बड़कू सहित सैकड़ो लोगों ने इस जनसेवाए मानव सेवा के पुण्य कार्य में अपना योगदान प्रदान किया ।

प्रभावी पैरवी कर पॉक्सो एक्ट के अभियोग में मुख्य आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं सहअभियुक्त को 5 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 40,000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा दिलाई

हमीरपुर। जनपद- हमीरपुर, थाना- सुमेरपुर में मु0अ0सं0-264ध्2020 धारा- 363,366,376(3),120बी भा0द0सं0 व 6ध्17 पॉक्सो एक्ट में अभि0 दिनेश कुमार वर्मा पुत्र मूलचन्द्र नि0 कल्ला थाना बिंवार जनपद हमीरपुर, संजय अहिरवार पुत्र हरिया नि0 वार्ड नं0 03 इमिलिया बाड़ा कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग 3 सितंबर 2020 को पंजीकृत किया गया। आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग मे जनपद हमीरपुर के अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट जनपद हमीरपुर द्वारा अभि0 दिनेश कुमार वर्मा उपरोक्त को धारा

## शौच जाने के विवाद में पड़ोसी के बच्चे को कुएं में फेंकने वाले को चार साल की कैद

**चित्रकूट ।** पड़ोसी के सात वर्षीय बालक को खेत में शौच जाने के कारण कुएं में फेंकने के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आरोपी को चार वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 6,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 22 फरवरी 2023 को नांदिन कुर्मियान गांव की निवासी सीमा गुप्ता ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में सीमा ने बताया था कि उसके सात वर्षीय बेटे करण गुप्ता उर्फ आशीष को नांदिन कुर्मियान निवासी अभिलाष सिंह पटेल उर्फ लाला ने मारपीट कर जान से मारने की नीयत से कुएं में धक्का देकर गिरा दिया था। साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार आरोपी अभिलाष ने धमकी दी थी कि उसका बेटा कल्लू के खेत में शौच न करें, नहीं तो वह खेत में खोदकर उसे गाड़ देगा। इसके बाद जब वह दोपहर के समय खेत में चारा लेने गई थी, तो उसके बेटे करण गुप्ता को खेत में शौच करने की बात को लेकर पहले पीटा और जान से मारने की नीयत से अपने बगीचे में बने सूखे कुएं में उसे फेंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना दिए जाने पर मौके पर पहुंची डॉयल 112 टीम ने उसके लड़के को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी अभिलाष सिंह पटेल उर्फ लाला को चार वर्ष कठोर कारावास के साथ 6,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## बसपा की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



. बहन मायावती के निर्देशों पर अमल के निर्देश

बांदा। बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक जनपद बांदा के अतर्रा कस्बे में संपन्न हुई। बैठक बहन कुमारी मायावती के दिशा निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक में जनपद बांदा एवं चित्रकूट के जिला और विधानसभा स्तर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों को बहन जी द्वारा दिए गए निर्देशों पर सख्ती से अमल करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष व बुंदेलखंड प्रभारी गयाचरन दिनकर मौजूद रहे। साथ ही मंडल प्रभारी बल्देव प्रसाद वर्माए रामशरण अनुरागीए अवधेश कुमार दिनकरए बांदा जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापतिए चित्रकूट जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेटए पूर्व मंडल प्रभारी लल्लू प्रसाद निषादए मुहम्मद असलम खांन एडवोकेटए सुखलाल बौद्धएकौशलेंद्र एडवोकेटए पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह वर्माए राजकुमार कुशवाहा सहित सैकड़ों वरिष्ठ पदाधिकारी एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

# 24 घंटे में ठीक कराएं खराब हैंडपंप, सही रखें पेयजल व्यवस्था- सीडीओ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था को लेकर बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों और संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ पेयजल आपूर्ति एवं ग्रामीण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में बजट उपलब्ध होने के बाद भी रिबोर कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े सभी हैंडपंप 24 घंटे के भीतर चालू कराने के निर्देश दिए। पाठा क्षेत्र की आठ चिन्हित ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन और टैंकरों के माध्यम से नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर किराये पर टैंकर लेकर भी प्रभावित क्षेत्रों में पानी पहुंचाए। जिन इलाकों में भूजल स्तर नीचे चला गया है और हैंडपंप पानी नहीं दे रहे हैं, वहां टैंकर व्यवस्था ही प्राथमिक विकल्प होगा। सीडीओ ने बाजार और प्रमुख चैराहों पर आम जनता के लिए प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए कि लोगों के फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव करें और समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं। साथ ही पेयजल समस्याओं की निगरानी के लिए गांव स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के भी निर्देश दिए।

कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का कलक्ट्रेट तक पहुंचना चिंताजनक है और इससे जनपद की आईजीआरएस रैंकिंग प्रभावित होती है। शिकायतों का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। मानिकपुर क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर अधिशासी अभियंता जल संस्थान के दावे पर सीडीओ ने संबंधित जेई को प्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण कर निरीक्षण करने और जनता के बीच मौजूद रहने के निर्देश दिए। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर करौंहा ग्राम पंचायत के सचिव के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीडीओ मानिकपुर को तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांवों में साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया गया तथा सचिवों को नियमित रूप से सफाई कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र सिंह, एसडीएम मानिकपुर मोहम्मद जसीम सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी की 39 वीं पुण्यतिथि ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाई गई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** आज दिन बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशनए उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्व0 बाबू बालेश्वर लाल जी की 39 वीं पुण्यतिथि बुधवार को तहसील इकाई अतर्रा द्वारा श्ग्रामीण पत्रकारिता दिवसश् के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन छेदीलाल इंटर कॉलेजए बदौसा रोड अतर्रा में तहसील अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक संतोष कुशवाहा तथा कार्यक्रम प्रभारी दिनेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शरण तिवारी ने की। वहीं संचालन तहसील अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने स्व0 बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। और उनके पत्रकारिता जगत में योगदान को याद किया। आप सभी को ज्ञात हो कीअध्यक्षीय संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शरण तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता समाज को दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के दौर में भी पत्रकारों ने श्स्वराजश् जैसी पत्रिकाओं के माध्यम से जनचेतना जगाने का कार्य किया और सत्ता के दमन के बावजूद सच लिखने का साहस दिखाया।संरक्षक जगत नारायण शास्त्री ने कहा कि संगठन की मजबूती आपसी सामंजस्यए प्रेम और सम्मान से बढ़ती है। उन्होंने पत्रकारों से एकजुट रहने और नकारात्मक बातों से दूर रहकर संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार उमाकांत दीक्षित ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराते हुए तहसील इकाई के सभी प्रस्तावों का समर्थन किया और पत्रकार हितों के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए तहसील अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने कहा कि स्व0 बाबू बालेश्वर लाल जी ने वर्ष 1986 में ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को समझते हुए ऐसा संगठन खड़ा कियाए जिसने गांव और कस्बों में कार्य कर रहे पत्रकारों को एक मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें तहसील स्तर पर संगठन विस्तारए थाना स्तर पर समितियों के गठनए पत्रकार उत्पीड़न के मामलों में संगठन को सूचना देकर सामूहिक कार्रवाई करनेए जिला सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा संगठन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पूर्व अध्यक्ष अवधेश शिवहरे की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करने का निर्णय शामिल रहा। इस अवसर पर आनंद गुप्ता उर्फ नंद कुमार गुप्ताए तहसील महामंत्री प्रवीण कुमार द्विवेदीए अनूप कुमारए ओमप्रकाश गौतमए उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ताए हरिओम बाजपेईए रामप्रकाश गुप्ताए कोषाध्यक्ष शरद कुमारए पप्पू गुप्ताए इंद्रजीत कुशवाहाए चंद्र किशोरए राममहेश त्रिपाठीए सचिन कुमारए शशीकांत राजनए महेश कुमार गुप्ताए अजय यादवए सीपी सरगमए श्रीराम गुप्ताए ज्ञानेंद्र कुमार सहित दो दर्जन से अधिक पत्रकार उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व पीएम जवाहर लाल की पुण्यतिथि

**. जिलाध्यक्ष ने चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि**

**बांदा।** ग्राम पंचायत कनवारा में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि का कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी बांदा द्वारा मनाया गया। हर साल 27 मई को विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैंए इस अवसर पर राजनीतिक हस्तियां उनको माल्यार्पणए पुष्पांजलिए हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करती हैं। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किया जाता हैए देश के विभिन्न हिस्सों और राज्यों में भी कांग्रेस कार्यालयों तथा स्थानीय स्तर पर उनकी प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम होते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि ष्भारत के स्वाधीनता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वालेए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धाजंलि। जवाहरलाल नेहरू;14 नवंबर 1889 . 27 मई 1964द्ध भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री थे और स्वतन्त्रता के पूर्व और पश्चात् की भारतीय राजनीति में केन्द्रीय व्यक्तित्व थे। महात्मा गांधी के संरक्षण मेंए वे भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के सर्वोच्च नेता के रूप में उभरे और उन्होंने 1947 में भारत के एक स्वतन्त्र



राष्ट्र के रूप में स्थापना से लेकर 1964 तक अपने निधन तकए भारत का शासन किया। वे आधुनिक भारतीय राष्ट्र.राज्य दृ एक सम्प्रभुए समाजवादीए धर्मनिरपेक्ष और लोकतान्त्रिक गणतन्त्र . के वास्तुकार माने जाते हैं। कश्मीरी पण्डित समुदाय के साथ उनके मूल की वजह से वे पण्डित नेहरू भी बुलाए जाते थेए जबकि भारतीय बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के रूप में जानते हैं।स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री का पद संभालने के लिए कांग्रेस द्वारा नेहरू निर्वाचित हुएए यद्यपि नेतृत्व का प्रश्न बहुत पहले 1941 में ही सुलझ चुका थाए जब गांधीजी ने नेहरू को उनके राजनीतिक वारिस और उत्तराधिकारी के रूप में अभिस्वीकार किया। प्रधानमन्त्री के रूप मेंए वे भारत के सपने को साकार करने के लिए चल पड़े। भारत का संविधान 1950 में अधिनियमित हुआए जिसके बाद उन्होंने आर्थिकए सामाजिक और राजनीतिक सुधारों के एक महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की। मुख्यतः एक बहुवचनीए बहु.दलीय लोकतन्त्र को पोषित करते हुए उन्होंने भारत के एक उपनिवेश से गणराज्य में परिवर्तन होने का पर्यवेक्षण किया। विदेश नीति में भारत को दक्षिण एशिया में एक क्षेत्रीय नायक के रूप में प्रदर्शित कर निरपेक्ष आन्दोलन में एक अग्रणी भूमिका निभाई। नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस राष्ट्रीय और राज्य.स्तरीय चुनावों में प्रभुत्व दिखाते हुए और 1951ए 1957ए और 1962 के लगातार चुनाव जीतते हुएए एक सर्व.ग्रहण पार्टी के रूप में उभरी। उनके अन्तिम वर्षों में राजनीतिक संकटों और 1962 के चीनी.भारत युद्ध के बाद भी वे भारत में लोगों के बीच लोकप्रिय बने रहे।ग्राम पंचायत कनवारा;बांदाए उप्रद्ध में हम सभी कांग्रेस जनों द्वारा बच्चों को फल केले व चॉकलेट वितरण किया गया। पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम पंचायत कनवारा;बांदाए उप्रद्ध में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बल्देव प्रसाद वर्मा एडवोकेटए जिला महासचिव कालीचरण निगमए जिला सचिव बाबूराम यादवए जिला कांग्रेस कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाईए बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदीए कनवारा ग्राम प्रधान आशीष कुमार यादवए आरिफ निजामीए दयाराम तिवारीए रामरूप यादवए संतोष शुक्लाए लक्ष्मी दीक्षितए दुलारा कछवाहए जुगुल तिवारी पुजारी जीए विमल शर्माए लालबाबू राजपूत सहित तमाम ग्रामवासी व बच्चे उपस्थित रहे।

**व्यापारी बलिदान दिवस मनाया**

**भरथना, इटावा।** मंगलवार की सांय कस्बा के मुहल्ला बालूगंज स्थित शहीद पार्क पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल भरथना के अध्यक्ष विमल पोरवाल बण्टी के द्वारा व्यापारी बलिदान दिवस के अवसर पर व्यापारीहित में अपने प्राण गंवाने वाले व्यापारियों को याद किया गया। व्यापारियों ने कैंडल जलाकर व दो मिनट का मौन धारण रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राधेश पांडेयए सुशील पोरवालए सौरभ दुबेए संजय माधवानीए अमित गुप्ताए अमित कश्यपए प्रशान्त जैनए बबलू गुप्ताए धर्मेन्द्र शाक्य सहित करीब दो दर्जन से अधिक व्यापारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# भारत के निर्माता भारत रत्न देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पुष्प अर्पित किए



**छिबरामऊ कन्नौज ।** नगर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मो शाक़िर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस जनो ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर फूल पोशी कर के खिराज ए अक़ीदत पेश की जिला अध्यक्ष शाक़िर हुसैन ने कहा कि देश को अज़ादी दिलाने में नेहरू जी कई बार जेल गए और आजीवन देश की सेवा करते हुए इस दुनियां से विदा हो गए नेहरू जी ने देश के खजाने में अपनी सारी पूंजी और आनंदभवन दान कर दिया नेहरू जी ने भेलएगेलए इसरोए आई आई एमए आई आई टी अनेक संस्थाएँ बनाई भारत देश को सुद्रण करने में अहम योगदान रहा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे पप्पू ने कहा कि नेहरू जी बच्चों को बहुत पसंद करते थे इस लिए बच्चे नेहरू जी को चाचा कहकर बुलाते थे।कांग्रेस जन आंदोलन फ्रंट के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने कहा कि नेहरू जी ने सदा देश सेवा को सर्वोपरि माना और सदा देश हित के लिए जी आजीवन कार्य किया इस अवसर पर छिबरामऊ नगर अध्यक्ष आशीष चौहानए जिला महासचिव मेराज अलीए सोनिया ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष राजू खानए नगर उपाध्यक्ष हाकिम खानए सेवा दल के प्रदेश महासचिव देवकीनंदन दुबे मुन्नाए आसिफ सिद्दीक़ राजीव अग्निहोत्रीए उम्मेद खान ओमप्रकाश अग्निहोत्रीए सुरेश सिंह तोमर आशाराम यादवए अजय दुबे चटक ए भैयालालए लालू दुबेए राजीव यादवए राजू अंसारीए राजू तिवारीएशमशुल अंसारी अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गंदे पानी की सप्लाई को लेकर आशाषी अधिकारी को ज्ञापन दिया गया



छिबरामऊ कन्नौज गोविंद नगर के सभासद के नेतृत्व में निवासियों ने लिखित ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को दिया

गोविंद नगर के सभासद सुशील पांडे एडवोकेट के नेतृत्व में वार्ड निवासियों ने अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार को लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा गया है कि गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिसमें नलकूप संख्या 12 द्वारा गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिसकी पुनर्स्थापना कराई जाए जिससे कि गंदे पानी से निजात मिल सके

## ट्रांसफार्मर फुंकने से बाजार की बिजली ठप व्यापारी परेशान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज मोहल्ला पाठक स्थित एक नर्सिंग होम के पास लगा चार केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार देर रात अचानक फुंक गया। इसके चलते मुख्य बाजार सहित आसपास के मोहल्ला पाठक श्यामागेट लोहाई बाजार और बजरिया की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। खासकर बाजार क्षेत्र के दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार यहां बढ़ते लोड को देखते हुए विभाग ने करीब एक माह पहले 100 केवीए का एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया थाए ताकि मुख्य ट्रांसफार्मर पर दबाव कम किया जा सके।

लेकिन यह ट्रांसफार्मर अभी तक न तो चालू हो सका और न ही इसके कनेक्शन जोड़े गए। स्थिति यह है कि एक माह बीत जाने के बाद भी अतिरिक्त ट्रांसफार्मर केवल शोपीस बनकर रह गया है। यदि इसे समय रहते चालू कर दिया जाता तो आज सैकड़ों उपभोक्ताओं को इस संकट का सामना नहीं करना पड़ता। इस संबंध में जेई मोहम्मद जावेद ने बताया कि बंच केबल उपलब्ध न होने के कारण नए ट्रांसफार्मर का कनेक्शन नहीं किया जा सका था। उन्होंने कहा कि फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य जारी है और शाम तक आपूर्ति बहाल किए जाने की संभावना है।

**फ्लिपकार्ट ने विद्यार्थियों पर केंद्रित बेहतरीन टेक डील पेश की**

**कानपुर।** भारत के होमग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट की फ्लैगशिप बैक टू कैंपस सेल का 2026 एडिशन 22 मई से 28 मई तक चल रहा है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई, क्रिएटिविटी, सहयोग और रोजमर्रा की प्रोडक्टिविटी के लिए डिजिटल फर्स्ट और ए.आई इनेबल्ड लर्निंग टूल ज्यादा अपना रहे हैं। इसलिए फ्लिपकार्ट उन्हें ज्यादा किफायती मूल्य में और आसानी से टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराके इस एकेडेमिक सीज़न में उनकी जरूरतों को पूरा करना चाहता है। इस सेल में ए.आई लैपटॉप, टेबलेट, स्मार्टवॉच और ऑडियो डिवाईस जैसे अनेक उत्पाद उपलब्ध हैं। सुजीत अगाशे, वाईस प्रेसिडेंट-इलेक्ट्रॉनिक्स एट फ्लिपकार्ट ने कहा आज की ए.आई संचालित दुनिया में टेक्नोलॉजी भविष्य के लिए तैयार कौशलों के निर्माण की बुनियाद है। बैक टू कैंपस 2026 के माध्यम से हम हाई-परफॉर्मेंस, ए.आई इनेबल्ड टूल्स की उपलब्धता बढ़ाकर उन्हें पूरे देश के स्टूडेंट्स को किफायती मूल्य में प्रदान कर रहे हैं। ये स्मार्ट कंप्यूटिंग डिवाईस फ्लेक्सिबल फाईनेंसिंग के साथ उपलब्ध करवाकर हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर स्टूडेंट को डिजिटल भविष्य में आगे बढ़ने और अपने एकेडेमिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सही टेक्नोलॉजी प्राप्त हो सके। इसके अलावाए स्टूडेंट्स वैरिफाईड स्टूडेंट आईडी के साथ फ्लिपकार्ट के स्टूडेंट क्लब में रजिस्ट्रेशन करावाके अतिरिक्त बेनेफिट्स और क्योरेटेड डील प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें चुनिंदा लैपटॉप पर 6,000 रुपये तक की बचत प्राप्त होगी।

## कच्ची अमियाए पतला सत्तू गर्मी के लिए लाभकारी-डॉ.कमल कुमार

**इटावा।** भीषण गर्मी और नौतपा के इस दौर में लगातार बढ़ता तापमान लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। तेज धूपए गर्म हवाएं और लू के कारण शरीर में पानी की कमीए थकानए चक्करए पेट संबंधी समस्याएं और कमजोरी जैसी शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में आयुर्वेद प्राकृतिक और पारंपरिक खानपान को अपनाने की सलाह देता है।

आयुष विभाग से जुड़े चिकित्सक डॉण् कमल कुमार कुशवाहा ने बताया कि नौतपा के दौरान भोजन और पेय पदार्थों में थोड़ी सावधानी रखकर गर्मी के दुष्प्रभाव से काफी हद तक बचा जा सकता है। आयुर्वेद में इस मौसम में शीतलए हल्काए सुपाच्य एवं शरीर में जल संतुलन बनाए रखने वाले आहार को विशेष महत्व दिया गया है। डॉण् कुशवाहा के अनुसार इस समय कच्ची अमिया कच्चा आम को दाल और सब्जियों में डालकर अवश्य सेवन करना चाहिए। कच्ची अमिया शरीर को ठंडक प्रदान करती है तथा लू के प्रभाव को कम करने में सहायक होती है। इसके सेवन से पाचन शक्ति भी बेहतर रहती है और भोजन में स्वाद बढ़ जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अरहर की दालए कढ़ी और विभिन्न सब्जियों में कच्ची अमिया डालने की परंपरा स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी मानी जाती है।

# सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने जिले की तीन बेटियों को लैपटॉप देकर किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली फर्रुखाबाद की अंशिका यादव रिद्धिमा वर्मा नैंसी सिंह गौतम तीनों मेधावी बेटियों को लैपटॉप देकर कर सम्मानित किया है

इन बेटियों ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार अंक हासिल कर न सिर्फ अपने माता.पिता का बल्कि पूरे फर्रुखाबाद जनपद का नाम रोशन किया है। श्री यादव ने बेटियों को सम्मानित करते हुए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार द्वारा शुरू की गई लैपटॉप वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रतिभाशाली छात्र.छात्राओं को आधुनिक संसाधनों से जोड़ा जाए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। ये बेटियां शिक्षा अपनी अद्भुत प्रतिभा और आत्मविश्वास के बल पर समाज के भविष्य को मजबूत कर रही हैं।



उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान केवल इन बेटियों की कड़ी मेहनत का परिणाम नहीं है बल्कि यह पूरे फर्रुखाबाद जनपद के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा नरेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे

## महिला लेखपाल से छेड़खानी जान से मारने की धमकी देने का लेखपाल पर मुकदमा दर्ज

**-एसडीएम ने लेखपाल को किया निलंबित**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज तहसील में तैनात एक महिला लेखपाल ने अपने साथी लेखपाल पर छेड़छाड़ अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कानपुर नगर निवासी महिला लेखपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वर्तमान में तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि साथी लेखपाल दीपक कुमार निवासी झींझक कानपुर देहात उन्हें काफी समय से परेशान कर रहा है। पीड़िता के अनुसार एक मई को नगर के एक स्कूल परिसर में आरोपित ने उनका हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। किसी तरह वह मौके से निकलकर बचीं। आरोप है कि इसके बाद आरोपित ने अश्लील इशारे कर अभद्रता की।

महिला लेखपाल का कहना है कि आरोपी फोन पर भी भद्दी गालियां देता है। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसने उनके पिता को भी फोन कर अभद्रता की और धमकाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित लेखपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने मामला संज्ञान में आने पर जांच करवाई जिसमें लेखपाल को निलंबित कर दिया है और उसके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए हैं

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत में अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज अचरा.कायमगंज मार्ग पर अलादादपुर मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के अमोगपुर ब्रह्ममनान निवासी रमेश ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र रंजीत 20 मई को बाइक से अचरा से कायमगंज आ रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में सामने से टक्कर मार दीए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अग्निकांड में मासूम की मौत पर मातम दुखी परिजन

**कमरुद्दीननगर में हादसे के दूसरे दिन भी पसरा रहा सन्नाटा घर जाकर दे रहे हैं सांत्वना द**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव कमरुद्दीननगर में झोपड़ी में लगी आग में दो वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत के बाद दूसरे दिन भी गांव का माहौल गमगीन रहा। बुधवार को पीड़ित परिवार के घर सांत्वना देने वालों की भीड़ लगी रही। बेटी को याद कर मां बार.बार बेसुध हो रही थीए जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी सदमे में डूबे हैं।

मंगलवार दोपहर उर्वेश कुमार यादव की झोपड़ी में अचानक आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दो वर्षीय मासूम बच्ची जिंदा जल गई थी जबकि उसकी दादी जदुरानी गंभीर रूप से झुलस गई थीं। उनका लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित उर्वेश ने बताया कि आग में झोपड़ी में रखा अनाज कपड़े बिस्तर घरेलू सामान दस हजार रुपये नकद और एंड्रॉयड मोबाइल फोन तक जलकर राख हो गया। अब परिवार के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला था। गांव वालों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। कई ग्रामीण पीड़ित परिवार को भोजन और जरूरी सामान पहुंचाकर मदद कर रहे हैं। राजस्व विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर नुकसान का आकलन किया था।

# लूट व मोबाइल छिनैती करने वाले तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फिरोजाबाद**

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस ने लूट एवं मोबाइल छिनैती की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से छीनी गई चेन बेचकर प्राप्त 48 हजार रुपयेए तीन मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार 19 अप्रैल को बैंदी की पुलिया स्थित सर्विस रोड पर स्कूटी सवार महिला के गले से चेन लूट की घटना हुई थी। वहीं 23 मई को थाना उत्तर व रामगढ़ क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की तीन घटनाएं सामने आई थीं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सूरज उर्फ कोहिनूरए नितिन उर्फ वंशु एवं मयंक उर्फ कान्हा को गिरफ्तार कर लिया। तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व से भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शहीद व्यापारी हरिश्चंद्र को किया याद दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलामहामंत्री रजीत सिंह कुशवाहा के तृतीय स्थान पक्कावाग पर 26 मई 1979 को लखनऊ में पुलिस की गोली से शहीद हुए व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की स्मृति में प्रेरणा दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसमें व्यापारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहां व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की 47 वीं पुण्यतिथि पूरे प्रदेश में व्यापारी समाज द्वारा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई जा रही वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल ने व्यापारियों को प्रेरणादायक कार्य करने के लिए शपथ दिलाई। संरक्षक मीरा तिवारी जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा जिला महामंत्री वर्षा दुबे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता नगर प्रभारी संजय वर्मा लल्लू वारसी संतोष कुमार वर्मा जिला मंत्री यमन रिंकू चौधरी युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा रवि शाक्य अशोक कुशवाहा बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# डीएफओ के नेतृत्व में गंगा तट पर चला सफाई अभियान कूड़ा और पॉलिथीन उठाई गई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा नदी को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने के लिए पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रभागीय निदेशक वन विभाग राजीव कुमार के निर्देशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर कई युवाओं एवं स्थानीय लोगों ने स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया। गंगा तट पर फैली खंडित मूर्तियां प्लास्टिक पॉलिथीन कपड़े एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्रित की गई एवं उसका निस्तारण किया गया। अभियान के दौरान लगभग दो कुंतल कूड़ा एकत्रित किया गया।

प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि गंगा स्वच्छता अभियान निरंतर साप्ताहिक रूप से चलाया जाएगा। प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः सात बजे गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधि अधिकारीगण विद्यालयों के छात्र.छात्राएं स्वयंसेवी संगठन संस्थाएं एवं अन्य लोगों की प्रतिभागिता रहेगी। जिससे लोगों को गंगा को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने का संदेश मिलेगा।

जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि गंगा स्वच्छता अभियान के द्वारा लोगों को अपने नदियों की विशेषताओं के बारे में अवगत कराया जाएगा एवं समय.समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़ने का अवसर मिलेगा जिसके द्वारा सभी लोग अपने स्तर से अपनी नदियों पर्यावरण को संरक्षण रखने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर ए डी ओ पंचायत ओम पांडे प्रशिक्षक रोहित दीक्षित गंगा योध्दा सुमित कुमार घनश्याम एवं मेजर एस डी सिंह पी जी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने अन्य लोगों को जागरूक किया।

## खबर एक नज़र

**पुष्प ब्रांड ने आईपीओ के लिए आवेदन किया**

**कानपुर।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती पैकेज्ड मसाला कंपनियों में से एक पुष्प ब्रांड लिमिटेड ने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। इस इश्यू में सुरेंद्र कुमार सुराना और महेंद्र कुमार सुराना सहित मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 7,445,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। साथ ही ए1 इमर्जिंग फंड आई एलएलपी और सिक्स्थ सेंस इंडिया अपॉर्चुनिटीज थर्ड भी शामिल हैं। 174 में मध्य प्रदेश के इंदौर में स्व.किशनलाल सुराना द्वारा मेसर्स मुनीमजी एंड संस के रूप में स्थापित यह कंपनी एक पारंपरिक क्षेत्रीय मसालों के व्यवसाय से विकसित होकर पुष्प और मुनीमजी ब्रांडों के तहत संचालित होने वाले एक बड़े पैकेज्ड मसालों और खाद्य पदार्थों के व्यवसाय के रूप में विकसित हुई है।

### समाजसेवी राजू गुप्ता का बाह अड्डा पर हुआ जोशीला स्वागत

इटावा। समाजसेवी राजू गुप्ता के जन्मदिन की खुशी बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों में समाजसेवी संस्थाओं सहित अनेक लोगों ने भीषण गर्मी में लोगों राहत पहुंचाने के लिए जगह जगह ठंडा शर्बत व मिष्ठान वितरण किया और केक भी काटे गए।

समाजसेवी राजू गुप्ता लगभग सभी कार्यक्रमों में शामिल हुए जहां उनका समाज सेवी संस्थाओं ने मालाओं से लादकर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर गरीबोंए मजलूमोंए बेसहाराओं की निस्वार्थ मदद करने का संकल्प लिया। यहां बाह अड्डा स्थित मोण् कासिम अंसारी के आवास पर बुनकर एकता समिति की ओर से राजू गुप्ता के जन्मदिन पर भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए शर्बत वितरण व स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष मोण् इदरीस अंसारी व प्रवक्ता एवं सलाहकार कासिम अंसारी ने टीम के साथ समाजसेवी राजू गुप्ता का अभूतपूर्व स्वागत किया और हजारों राहगीरों को शर्बत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। बुनकर एकता समिति के प्रवक्ता एवं सलाहकार कासिम अंसारी ने कहा कि हर नेक इंसान को राजू गुप्ता की तरह समाज के कमजोर लोगों की निस्वार्थ सेवा करना चाहिए। इस अवसर पर सलाहउद्दीन अंसारीए फजलुर रहमानए इज़हार अहमदए इमरान एडवोकेटए शावेज नक़वीए फुरकान अहमदए शाहिद हुसैनए मोहम्मद हसीनए मोहम्मद अरशदए अजरूद्दीन अज्जूए जीशान अहमदए मोण् मुजीबए मोण् आरिफ़ आदि उपस्थित रहे।

### सपा का भाजपा सरकार पर पीडीए आरक्षण घोटाले का आरोप

इटावा। समाजवादी पार्टी ने पीडीए आरक्षण घोटाले को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण के अधिकार को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडीए परिवार के बेटेए बेटियों और बहुओं को सरकारी नौकरियों में उनका हक नहीं मिल पा रहा है और आरक्षित वर्ग के अधिकारों के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान सपा नेताओं ने कई भर्तियों का विवरण जारी करते हुए आरक्षण में गड़बड़ी का आरोप लगाया।

बुधवार 12 बजे सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि बाबा साहब डॉण् भीमराव आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से पिछड़ेए दलित और वंचित समाज को बराबरी का अधिकार देने के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू कराई थीए लेकिन भाजपा सरकार धीरे.धीरे उसी व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षित वर्ग के पदों को सही तरीके से नहीं भरा जा रहा और पीडीए समाज के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में कई भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ी सामने आई है। सपा नेताओं का दावा है कि आरक्षित सीटों में कटौती और अनियमितताओं के कारण हजारों युवाओं को नौकरी से वंचित होना पड़ा। प्रेसवार्ता के दौरान महासचिव वीरू भदोरियाए वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटवए पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्यए उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापतिए सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ताए विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्लेए सचिव रमेश यादव प्रवीन कुशवाहए इंजीव शुगर सिंह दोहरेए नरेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने मनाई पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

इटावा। नए भारत के निर्माता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वण् पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन करके मनाई। श्रद्धांजलि सभा में ज़िलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत का निर्माण किया। उन्होंने देश के औद्योगिकीकरण पर जोर दिया और कई बड़े उद्योगोंए बांधों जैसे भाखड़ा नांगल और वैज्ञानिक संस्थानों जैसे आईआईटीए एम्स की स्थापना की। उन्होंने इस देश को शून्य से शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया। इसी क्रम में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि यह वतन पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदानों को कभी नहीं भूला सकता उनकी सादगी इस बात से ज़ाहिर होती है कि कैंब्रिज विश्वविद्यालय से बैरिस्टर की पढ़ाई करने के बाद भी वे सदैव भारतीय रहे। बच्चों से असीम स्नेह रखने वाले चाचा नेहरू को हम सभी नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम करने के बाद सभी कांग्रेसियों ने नुमाइश परिसर में स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर जाकर माल्यार्पण किया। और अपनी.अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादवए पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबेए पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाहाए मैनपुरी कोऑर्डिनेटर करण सिंह राजपूतए ललित दुबेए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोज़ब रिजवीए कृपाराम राजपूतए ने भी श्रद्धांजलि सभा में अपने.अपने विचार व्यक्त किये। इसी के साथ ही कार्यक्रम में मालवती राजपूतए प्रदीप द्विवेदीए अमन सिंहए सुमित यादवए असित यादव एवं अमन तिवारी सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### डीएम ने विभिन्न योजनाओं व लंबित मामलों की समीक्षा की

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंक योजनाओंए ऋण वितरण एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद का सीडी रेशियो 51ण्97 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि सभी जनपदों का सीडी रेशियो 60 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। उन्होंने बैंकवार समीक्षा करते हुए कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा का सीडी रेशियो 37ण्66 प्रतिशतए बैंक ऑफ इंडिया का 27ण्39 प्रतिशतए कैनरा बैंक का 32ण्34 प्रतिशतए एसबीआई का 49ण्21 प्रतिशतए सेंट्रल बैंक का 42ण्50 प्रतिशतए पीएनबी का 49ण्10 प्रतिशतए यूनियन बैंक का 66ण्70 प्रतिशत एवं यूपी ग्रामीण बैंक का 64ण्32 प्रतिशत है। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करेंए क्योंकि यह जनपद की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण मानक है तथा जिले की विकास स्थिति को प्रदर्शित करता है। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 517 आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे गए हैं। यूपी ग्रामीण बैंक को 46 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से 19 स्वीकृत किए गए हैं। पीएनबी को 17 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से केवल 2 स्वीकृत हुए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर पर इस योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है तथा जनपद को 2200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं ऋण स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। इस बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसादए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉण् धर्मेन्द्र सिंह सहित संबंधित बैंको के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अभियुक्त गिरफ्तारए तमंचा कारतूस बाइक बरामद

इटावा। एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार। कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोरए 2 जिंदा कारतूस 315 बोर व मोटर साइकिल बरामद। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

# विहिप की गौरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जाने की चेतावनी

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** मुस्लिम समाज के एक बड़े वर्ग की ओर से उठाई जा रही गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को कुतर्क करार देते हुए विश्व हिंदू परिषद यानी विहिप ने

### 'देश का हिंदू समाज गौहत्या को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा': डॉ. सुरेन्द्र जैन

बेहद तीखी प्रतिक्रिया दी है। विहिप के मुताबिक बकरीद के अवसर पर मुस्लिम समाज के एक वर्ग द्वारा गौहत्या की जिद पर अड़े रहना और इसके पक्ष में कुतर्क गढ़ना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है जिसे हर्गिज बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। विहिप का साफतौर पर कहना है कि संपूर्ण हिंदू समाज गाय को माता मानकर पूजता है लिहाजा गाय को मात्र एक पशु कहकर संबोधित करना गौ माता और संपूर्ण हिंदू समाज का अपमान है। विहिप ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि देश के आधे से अधिक क्षेत्रफल में गौहत्या विरोधी कानून लागू होने के बावजूद इस तरह की जिद करना गलत है और हिंदू समाज गौहत्या को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। इतिहास की याद दिलाते हुए विहिप ने कहा है कि हिंदू समाज ने गौ माता की रक्षा के लिए ही 1857 की क्रांति की थी और गाय के प्रति अपनी आस्था की रक्षा के लिए देश का हिंदू समाज किसी भी सीमा तक जा सकता है। सत्तारूढ़ भाजपा की सहोदर और आरएसएस की सबसे बड़ी गैर-राजनीतिक इकाई विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेन्द्र जैन ने गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा है कि राष्ट्र और सनातन के प्रतीकों के प्रति उनका रवैया जगजाहिर है। अदालती व सरकारी आदेश जारी होने के बावजूद वंदे मातरम का अपमान किया जाता है और आज भी कई मदरसों में राष्ट्रगान नहीं गाया जाता है। ऐसे में इस कट्टरपंथी वर्ग की बातों पर कोई विश्वास नहीं कर सकता। उन्होंने 2017 के पशु वध नियमन निर्देशों का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि जब सरकार ने नियम बनाए तब केरल और बंगाल जैसे गौ हत्यारों के अनुकूल सरकार वाले राज्यों में सरेआम गायें काटी गईं और गौ माता का कटा हुआ सिर हाथ में लेकर देश भर में जो भौंडे और बेहूदे प्रदर्शन किए गए वे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय थे। डॉ. जैन ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि देश के आधे से अधिक क्षेत्रफल में गौहत्या विरोधी कानून लागू होने के बावजूद इस तरह की जिद करना गलत है।

# ग्रामीण पत्रकारों के हक की लड़ाई और निष्पक्षता ही बालेश्वर लाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि : लाल बहादुर सरोज

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी

### ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री में मनाया गया 'ग्रामीण पत्रकारिता दिवस'

### भाजपा जिलाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित

की पुण्यतिथि को 'ग्रामीण पत्रकारिता दिवस' के रूप में बेहद गरिमामयी ढंग से मनाया गया। सदर तहसील के अंतर्गत श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज, पड़री में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने से आए पत्रकारों और प्रबुद्धजनों ने स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मीरजापुर के जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने की।




वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान- इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, समाज को आईना दिखाने और ग्रामीण अंचलों की आवाज बुलंद करने वाले कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

पत्रकार रत्न सम्मान- प्रेस क्लब के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार अमरेश मिश्र, जी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर राजेश मिश्रा और दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार नितिन अवस्थी को उनकी दीर्घकालिक व उत्कृष्ट पत्रकारिता सेवाओं के लिए 'पत्रकार रत्न' से नवाजा गया।

ग्रामीण पत्रकार रत्न सम्मान- वरिष्ठ पत्रकार विजय प्रताप सिंह और अरुण तिवारी को ग्रामीण अंचलों में बेबाक पत्रकारिता के लिए 'ग्रामीण पत्रकार रत्न' से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष का ओजस्वी वक्तव्य-

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज ने स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के अवदान को याद करते हुए कहा- ग्रामीण पत्रकारिता देश के लोकतंत्र की वो बुनियाद है, जिसके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी ने उस दौर में ग्रामीण पत्रकारों को संगठित करने का काम किया जब गांवों की आवाज दबा दी जाती थी। आज के समय में भी ग्रामीण पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में, बिना किसी सुख-सुविधा के, समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाते हैं।

ग्रामीण पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ना और पत्रकारिता में निष्पक्षता बनाए रखना ही बालेश्वर लाल जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारी सरकार और संगठन हमेशा पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है। आज सम्मानित होने वाले सभी पत्रकारों को मैं बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि वे ग्रामीण भारत की आवाज को इसी तरह बुलंद करते रहेंगे। संबोधन और आभार- कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और सभी आगंतुक अतिथियों व पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित- इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सदर तहसील अध्यक्ष विभूति भूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष गौरव उमर, मंडल अध्यक्ष अशोक मौर्या, प्रधान संघ के प्रदेश सचिव राकेश यादव और प्रभारी रामदेव सरोज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर अभय तिवारी, सत्येंद्र विश्वकर्मा, अरविंद तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, अमित ओझा, कृष्ण कुमार 'सरल' सहित भारी संख्या में स्थानीय पत्रकार, गणमान्य नागरिक और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# ड्रमंडगंज वन रेंज के जंगल में पुनः लगी आग, तीन दिनों से सुलग रहा वन

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** यूपी के मीरजापुर में जंगल में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक सप्ताह पूर्व लगी आग की घटना को लोग भूल भी नहीं पाएं थे कि दूसरी बार लगी आग ने सभी को चिंतित कर रखा है। ड्रमंडगंज वन रेंज अन्तर्गत बबुराघुनाथ सिंह के मूर्तिहवा जंगल में लगी भीषण आग तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रही है। ग्रामीणों के मुताबिक ड्रमंडगंज वन रेंज अन्तर्गत कंपार्टमेंट 8 के पैच नंबर 1 में तकरीबन 15 हेक्टेयर जंगल में जहां की बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया था, सोमवार को दोपहर में लगी आग बुधवार सुबह तक बुझाई नहीं जा सकी थी। आग इतनी विकराल थी कि सारे पौधे जलकर राख हो चुके हैं। आग की लपटे बुधवार को भी देखने को मिली हैं। हालांकि देर शाम तक आग को बुझाने का दावा किया गया है। वहीं कुछ वनकर्मियों ने नाम ना छापे जाने की शर्त पे बताया कि तकरीबन 15 हेक्टेयर वन क्षेत्र में आग लगने से पेड़ पौधे जल कर राख हो चुके हैं। आश्चर्य कि बात है अभी तक न तो किसी वन कर्मी की इधर नज़र गई है ना ही संबंधित बीट के वाचर या अन्य जिम्मेदार लोगों की जिसका परिणाम यह रहा है कि दूर से ही जंगल से धूंआ उठता हुआ दिखाई दे जा रहा है। सोमवार को दोपहर लगी आग बुधवार सुबह तक जारी रहा है जहां संबंधित रेंजर के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया है। गौरतलब है कि यूपी-एमपी सीमा से लगे ड्रमंडगंज वन रेंज अन्तर्गत पिछले सप्ताह मंगलवार को करनपुर मड़वा धनावल के जंगल में आग लगने से तीन दि तक जंगल जलता रहा है। जिसपर तीसरे दिन किसी तरह से जाकर काबू पाया गया था। जिसके पांचवें दिन पुनः ड्रमंडगंज वन रेंज अन्तर्गत बबुराघुनाथ सिंह के मूर्तिहवा जंगल में लगी आग तीसरे दिन भी जारी होने से जंगलों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं कि प्रति वर्ष लाखों करोड़ों रुपए पौधरोपण से लगाय उनकी सुरक्षा पर खर्च होने के बाद भी आग के नाम पर कब तक जंगल खाक में मिलते रहेंगे। मजे कि बात है आग लगने के बाद जवाबदेही से बचते हुए आए अधिकारी और कर्मचारी यह कहकर तो पल्ला झाड़ लेते हैं कि किसी ने बीड़ी-सिगरेट पीकर फेंक दिया होगा जिससे आग लगी होगी और बाद में आसपास के ग्रामीणों को ही बलि का बकरा बना दिया जाता है ऐसे में सवाल पुनः खड़ा होता है कि तो फिर यह भारी भरकम खर्च और वन सुरक्षा के नाम पर मौज काटते हुए आएं वह अधिकारी और कर्मचारी जो अंदर ही अंदर कंबल ओढ़े घी पी रहे हैं वह क्या करते हुए आएं हैं ताकि आगलगी की घटनाओं पर अंकुश पाया जा सके?


**अदालती सूचना**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय उन्नाव
वाद सं. 1559 सन् 2025
ता. पेशी 14.07.2026

जय प्रकाश साहू बनाम स्वेता साहू

जय प्रकाश साहू उम्र लगभग 39 वर्ष पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम बन्थर थाना अचलगंज जि. उन्नाव..प्रार्थी

बनाम– स्वेता साहू उम्र लगभग 31 वर्ष पत्नी जयप्रकाश साहू पुत्री रमाकान्त साहू निवासी म.नं. 71 सी.के. ब्लाक यशोदा नगर थाना नौबस्ता जिला कानपुर नगर...विपक्षिनी

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम

चूकिं ऊपर नामाकिंत ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 14.07.2026 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 27.05.2026 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.- 399/K-CN


# स्कूल परिसर में खड़े पीपल के पेड़ से बच्चों की सुरक्षा पर खतरा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जीवपार परिसर में खड़े दो पीपल के पेड़ बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पीपल के पेड़ की डालियां कमजोर होती हैं और तेज हवा या बारिश के दौरान टूटकर गिर सकती हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे दिनभर पेड़ों के आसपास रहते हैं, जिससे अभिभावकों में चिंता बनी हुई है।इस संबंध में अवधेश राय, आशुतोष और धर्मेंद्र ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालय की स्थिति की जांच कराई जाएगी और यदि पेड़ से खतरे की आशंका पाई गई तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

## विंध्याचल में सड़क हादसा, मां-पुत्र समेत 3 घायल

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव के पास कार की चपेट में आकर मां-पुत्र समेत 3 लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया गया। इनमें दो की गंभीर हालत देखते हुए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि प्रयागराज जनपद के उरुवा ब्लाक अंतर्गत शिवपुर गांव निवासी एक ही परिवार के चार लोग बाइक से मिर्जापुर आ रहे थे। इसी दौरान कार कि चपेट में आकर घायल हो गए। बताया गया कि राज देवी अपने बेटे अमित के साथ अपनी बेटी के घर मीरजापुर किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। हादसे में घायल लोगों में अमित (40), राजदेवी (45), विनय (55) तथा एक पांच वर्षीय बच्चा शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बढ़नी गोला बाजार में जाम से जनता परेशान, अतिक्रमण बना बड़ी समस्या

**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी के गोला बाजार में आये दिन लगने वाले भीषण जाम से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। बाजार क्षेत्र में सड़क तक फैले अतिक्रमण और अव्यवस्थित वाहनों के कारण पैदल राहगीरों को निकलना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोग विनय अग्रहरि, नितेश रौनियार, संजय मित्तल, राज कुमार अग्रहरि आदि लोगो का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी समस्या को नजरअंदाज कर अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं।

गोला बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे दुकानों का फैलाव, ठेला-खोमचा तथा बेतरतीब खड़े वाहन लगातार जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक बाजार में ई रिक्शा की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। जाम के चलते स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई



बार शिकायत के बावजूद अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नियमों को ताक पर रखकर सड़क तक कब्जा कर लिया गया है, जिससे मुख्य मार्ग संकरा होता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द अतिक्रमण हटाने, नियमित जांच अभियान चलाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है, ताकि बाजार क्षेत्र में आम जनता को राहत मिल सके।


**उत्तर मध्य रेलवे**

No:- Dy.CEE/PU/CNB/26-27 दिनांक: 26.05.2026

भारतीय रेल

सार्वजनिक अधिसूचना

उत्तर मध्य रेलवे के **जसवंतनगर रेलवे स्टेशन** के पास नीचे दिए गये खंड में 2x25 के.वी. जसवंतनगर/एस.एस.पी. दिनांक **20.06.2026** या उसके बाद ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। इस तारीख से 2x25 के.वी. जसवंतनगर/एस.एस.पी. को हर समय ऊर्जीकृत लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

**खंड/कार्य का नाम:** उत्तर मध्य रेलवे के मौजूदा नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर गाजियाबाद-पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बीच एसपी/एसएसपी के साथ 132/2x25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, गति को 160 किमी प्रति घंटा 200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में नए 2x25 केवी जसवंतनगर/एस.एस.पी. का ऊर्जीकरण।

| किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज | |
|---|---|
| से | तक |
| जसवंतनगर/एस.एस.पी. कि.मी. 1172/1022 (CH 1172/903.10) | जसवंतनगर/एस.एस.पी. कि.मी. 1172/1024 (CH 1172/953.10) |

ऊर्जीकृत करने की तिथि: 20.06.2026

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/परियोजना
उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर

1198/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**अदालती सूचना**

न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन (उत्तरी) उन्नाव
प्रकीर्ण वाद संख्या – 408/2023
डाल्फिन डेवलपर्स लिमिटेड बनाम निश्मा आदि।
तारीख पेशी–07.07.2026

बनाम–1. अकरम बालिग पुत्र इस्लाम अली निवासी – 31 सरदार भवन मोहल्ला व पोस्ट सिंगरोसी उन्नाव 2. अहम बालिग पुत्र इस्लाम अली निवासी – 31 सरदार भवन मोहल्ला व पोस्ट सिंगरोसी उन्नाव 3. श्रीमती उरूज फातिमा पत्नी मोहम्मद यूनुस निवासी– मकान नंबर 40/77 परेड कानपुर नगर। 4. मोहम्मद इमरान आयूब बालिग पुत्र मोहम्मद अयूब शमशी निवासी– 40/121 अस्पताल रोड शहर व जिला कानपुर नगर ...प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 19.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन (उत्तरी) उन्नाव

सी.आर.- 399/K-CN



**अदालती सूचना**

प्रारुप 7 (नियम 11 (1) देखें) घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना
न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट घाटमपुर कानपुर देहात
परिवाद सं. 167/2024

करिश्मा पुत्री राजेश पत्नी संदीप उम्र लगभग 23 वर्ष नि० 126 विद्यापति नगर थाना खेड़ा उज्जैन मध्य प्रदेश वर्तमान ग्राम असवार मऊ थाना सजेती कानपुर कानपुर नगर ..परिवादिनी

बनाम–1. संदीप पुत्र मुंशीलाल (पति) उम्र लगभग 33 वर्ष 2. विवेक पुत्र मुंशीलाल (देवर) उम्र लगभग 28 वर्ष 3. अंजना पत्नी विवेक (देवरानी) उम्र लगभग 25 वर्ष 4. मुंशीलाल पुत्र चौभा (ससुर) उम्र लगभग 55 वर्ष 5. रेखा पत्नी मुंशीलाल (सास) उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम मथुरापुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर वर्तमान पता–126 विद्यापति नगर थाना खेड़ा उज्जैन म. प्र. ..विपक्षीगण

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 (2005 का 43) की धारा 12 के अधीन आवेदन फाइल किया है/ किए हैं आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरुद्ध प्रदान कर दिया जाए व्यक्तिगत रुप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक् रुप से प्राधिकृत काउंसेल के. मार्फत तारीख 03.06.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह/ अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर, होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्यवाही करेगा । मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 26.05.2026 की दी गई। आज्ञा से, मुंसरिम न्यायिक मजि. घाटमपुर कानपुर देहात

सी.आर.- 399/K-CN



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** 3020262027 **दिनांक:** 26.05.2026

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 17.06.2026** को **13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| **क्र.सं.:** 1 | **निविदा नं.:** 90 |
| **कार्यों का विवरण:** (अ) सहायक मण्डल इन्जीनियर/मुख्यालय/द्वितीय/कानपुर के अधीन वरि0 खण्ड इंजी/कार्य/स्टेशन/कानपुर के सेक्शन में कार्यावधि 30.06.2027 हेतु जोन सेन्ट्रल में वार्षिक सिविल मरम्मत/रखरखाव एवं छोटे नये कार्यों का कार्य। **(ब)** सहायक मण्डल अभियन्ता/द्वितीय कानपुर के तहत कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन के याई में एक वर्ष के लिए ड्रेनेज पम्प की व्यवस्था का कार्य। | |
| **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 1,91,62,082.94 | **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह |
| **बयाने की रकम (रू):** ₹ 3,83,300.00 | **निविदा खुलने की तिथि: 17.06.2026** |
| **इलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य:** कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य। | |

**नोट:- (1)** आनलाइन निविदा **दिनांक 17.06.2026** को **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13:30 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि **17.06.2026** तक उपलब्ध है। **1201/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.- Dy.CEE/PU/CNB/26-27 दिनांक- 26.05.2026

भारतीय रेलवे

पब्लिक नोटिफिकेशन

उत्तर मध्य रेलवे के भाऊपुर रेलवे स्टेशन के पास नीचे दिए गये खंड में 2x25 के.वी. भाऊपुर/एस.एस.पी. दिनांक **25.06.2026** या उसके बाद ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। इस तारीख से 2x25 के.वी. भाऊपुर/एस.एस.पी. को हर समय ऊर्जीकृत लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

**क्र.सं.1. खंड/कार्य का नाम:** उत्तर मध्य रेलवे के मौजूदा नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर गाजियाबाद-पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बीच एसपी/एसएसपी के साथ 132/2x25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, गति को 160 किमी प्रति घंटा 200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में नए 2x25 केवी भाऊपुर/एस.एस.पी. का ऊर्जीकरण।

| किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज |
|---|
| **से:** भाऊपुर/एस.एस.पी. कि.मी. 1038/12A (CH 1038/427.90) |
| **तक:** भाऊपुर/एस.एस.पी. कि.मी. 1038/14A (CH 1038/477.90) |
| **ऊर्जीकृत करने की तिथि:** 25.06.2026 |

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/परियोजना
उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर

1197/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



फ.सं. 10–3/2026 – टीएस. III

भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
* * * * * *

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में निदेशक की नियुक्ति**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में निदेशक के पद हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अन्य केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआई) के निदेशकों के समकक्ष यथा अनुप्रयोज्य ₹ 11,250/– प्रति माह के विशेष भत्ते और अन्य स्वीकार्य भत्तों सहित ₹ 2,10,000/– (निश्चित) के वेतनमान पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

एनआईटी के निदेशक से अकादमिक के साथ–साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी नेतृत्व गुणों के साथ प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि (पीएचडी स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव सहित) हों। नियुक्ति, अनुबंध के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो, की जाएगी ।

पात्र/इच्छुक व्यक्ति **www.nitcouncil.org.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो 01.06.2026 से 30.06.2026 तक 12:00 बजे मध्यरात्रि तक खोली जाएगी। दोनों तिथियां शामिल हैं।

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।

अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट **http://education.gov.in** और **www.nitcouncil.org.in** पर दिए गए हैं।

CBC 21260/11/0001/2627



**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

**भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-**

**गाड़ी सं. 04111/04112 प्रयागराज-गांधीग्राम-प्रयागराज ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)**

| 04111 प्रयागराज-गांधीग्राम | | | 04112 गांधीग्राम-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| शनि. व मंगल. | 16:15 | प्रयागराज | 20:00 | सोम. व गुरु. |
| 18:03 | 18:05 | फतेहपुर | 16:18 | 16:20 |
| 19:20 | 19:25 | गोविन्दपुरी | 14:45 | 14:50 |
| 21:43 | 21:45 | इटावा | 12:08 | 12:10 |
| 23:30 | 23:35 | टूण्डला | 10:50 | 10:55 |
| रवि. व बुध. 00:20 | 00:25 | ईदगाह | 09:45 | 09:50 |
| 15:30 | रवि. व बुध. | गांधीग्राम | रवि. व बुध. | 17:20 |

**प्रयागराज से:** गाड़ी सं. 04111, प्रत्येक शनिवार व मंगलवार, दिनांक 30.05.2026 से 14.07.2026 तक। **गांधीग्राम से:** गाड़ी सं. 04112, प्रत्येक रविवार व बुधवार, दिनांक 31.05.2026 से 15.07.2026 तक। **गाड़ी संरचना:** सामान्य श्रेणी-08, स्लीपर श्रेणी-08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-01

**नोट: उपरोक्त गाड़ी का क्रमशः भरतपुर, बाँदीकुई, गांधी नगर जयपुर, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, सुमेरपुर जवाई बांध, आबूरोड, पालनपुर, महेसाना जं. एवं चाँदखेडा रोड स्टेशनों पर भी ठहराव प्रदान किया गया है।**

**गाड़ी सं. 04119/04120 सूबेदारगंज-वलसाड-सूबेदारगंज ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| 04119 सूबेदारगंज-वलसाड | | | 04120 वलसाड-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| शनि. | 05:00 | सूबेदारगंज | 19:00 | सोम |
| 06:18 | 06:20 | फतेहपुर | 15:38 | 15:40 |
| 08:05 | 08:10 | गोविन्दपुरी | 14:00 | 14:05 |
| 10:03 | 10:05 | इटावा | 11:48 | 11:50 |
| 12:40 | 12:45 | टूण्डला | 10:25 | 10:30 |
| 13:40 | 13:45 | ईदगाह | 09:00 | 09:05 |
| 09:40 | रवि. | वलसाड | रवि. | 14:05 |

**सूबेदारगंज से:** गाड़ी सं. 04119, प्रत्येक शनिवार, दिनांक 30.05.2026 से 11.07.2026 तक। **वलसाड से:** गाड़ी सं. 04120, प्रत्येक रविवार, दिनांक 31.05.2026 से 12.07.2026 तक। **गाड़ी संरचना:** सामान्य श्रेणी-08, स्लीपर श्रेणी-08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-01

**नोट: उपरोक्त गाड़ी का क्रमशः बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, छायापुरी एवं सूरत स्टेशनों पर भी ठहराव प्रदान किया गया है।**

● ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@ CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1206/26 (ADM)



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

## एक नज़र

### बीपी ने चेयरमैन को हटाया, फिर बढ़ा विवाद

**लंदन।** ब्रिटेन की बड़ी तेल कंपनी बीपी ने अपने चेयरमैन अल्बर्ट मैनिफोल्ड को अचानक पद से हटा दिया है। कंपनी ने कहा कि उनके कामकाज, निगरानी और व्यवहार से जुड़े गंभीर मुद्दे सामने आए हैं, जिन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। बीपी बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से इयान टायलर को अंतरिम चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। अल्बर्ट मैनिफोल्ड को पिछले साल अक्तूबर में चेयरमैन बनाया गया था। इससे पहले वह निर्माण सामग्री बनाने वाली एक कंपनी के प्रमुख रह चुके हैं। बीपी ने उन्हें कंपनी में बड़े बदलाव लाने के लिए चुना था।

### बांग्लादेश ने नए आर्थिक सहायता कार्यक्रम की मांग की

**जिनेवा।** बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से नए आर्थिक सहायता कार्यक्रम की मांग की है। आईएमएफ ने कहा कि वह बांग्लादेश के साथ मिलकर आर्थिक सुधारों और नीतियों पर चर्चा कर रहा है। आईएमएफ अधिकारी इवो क्रजनार ने कहा कि संस्था बांग्लादेश को मजबूत आर्थिक स्थिरता, विकास और वित्तीय सुधारों में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। बांग्लादेश सरकार का कहना है कि पुराना आईएमएफ कार्यक्रम उस समय तैयार किया गया था, जब देश की आर्थिक स्थिति अलग थी। अब वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू हालात बदलने से कई सुधारों को लागू करना कठिन हो गया है।

### इबोला खतरे के बीच कनाडा ने सख्त यात्रा नियम लागू किए

**ओटावा।** कनाडा ने इबोला वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए सख्त यात्रा नियम लागू किए हैं। अब कांगो, युगांडा और सूडना से आने वाले यात्रियों को 21 दिनों तक अनिवार्य रूप से आइसोलेशन में रहना होगा। कनाडा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि यह कदम सावधानी के तौर पर उठाया गया है और फिलहाल यह नियम 29 अगस्त तक लागू रहेगा। जिन यात्रियों में बीमारी के लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा जाएगा। जिन लोगों के पास अलग रहने की व्यवस्था नहीं होगी, सरकार उनके लिए विशेष स्थान उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा कनाडा ने प्रभावित देशों के लोगों के इमिग्रेशन आवेदनों पर अंतिम फैसला भी 90 दिनों के लिए रोक दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कांगो में इबोला के 900 से ज्यादा संदिग्ध मामले और 220 से अधिक मौतें दर्ज की गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रमण आने वाले कई महीनों तक जारी रह सकता है।

### वर्जीनिया सुपरमार्केट में भारतीय महिला की हत्या

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वर्जीनिया में नकाबपोश बंदकूधारी ने एक भारतीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मेघना पटेल (47) के रूप में हुई है, जो गुजरात के मेहसाना जिले की निवासी थीं। उनके परिवार ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से वर्जीनिया सुपरमार्केट में काम करती थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेघना ने सोमवार सुबह स्टोर खोला। कुछ देर बाद ही एक नकाबपोश वहां आ धमका और उन पर फायरिंग कर दी। हमले में मेघना की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने लूटपाट की और फरार हो गया। यह वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में देखा जा सकता है कि एक बंदूकधारी स्टोर में चहलकदमी करते हुए मेघना के पास पहुंचता है। संक्षिप्त बातचीत के बाद वह उन पर ताबड़तोड़ दो-तीन राउंड फायरिंग कर देता है। मेघना के जमीन पर गिरते ही हमलावर कैश बॉक्स से रकम निकालकर फरार हो जाता है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### तिब्बती संस्कृति पर चीन के दृष्टिकोण को दी गई चुनौती

**ल्हासा।** केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के अधीन प्रमुख सांस्कृतिक संस्था तिब्बत प्रदर्शन कला संस्थान (टीआईपीए) ने चीन पर उनकी पहचान को मिटाने और विकृत करने का आरोप लगाया है। उसने चेक गणराज्य में दो दशकों के बाद आयोजित एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन पर चीन को चुनौती दी कि उसका दृष्टिकोण तिब्बती संस्कृति को लेकर गलत है। इस कार्यक्रम में तिब्बत में बीजिंग की नीतियों पर चिंता भी जताई गई। प्राग में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान तिब्बती संगीत, ओपेरा और पारंपरिक नृत्य को यूरोपीय दर्शकों के सामने पेश किया गया।

### इस्राइली हमले में हमास के सैन्य कमांडर ओदेह की मौत

**पिछले हफ्ते ही संभाली थी कमान**

**तेल अवीव।** इस्राइल ने दावा किया है कि गाजा सिटी में रातभर चले उनके हमलों में हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद ओदेह की मौत हो गई है। इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने इसे हमास के सैन्य ढांचे पर बड़ा प्रहार बताया है। इस्राइली अधिकारियों के मुताबिक, ओदेह को इस्राइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) और खुफिया एजेंसी शिन बेट के संयुक्त अभियान में मार गिराया गया। इस्राइली सेना और खुफिया एजेंसियां बीते कई महीनों से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थीं। इस्राइल का कहना है कि इसी महीने इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद के मारे जाने के बाद ओदेह ने हाल ही में हमास के सैन्य विंग की कमान संभाली थी। गाजा से सामने आई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमले में ओदेह के साथ उनकी पत्नी और बेटे भी मारे गए।

### कनाडा में जबरन वसूली को लेकर 17 भारतवंशी गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा पुलिस ने दक्षिण एशियाई व्यापारियों और समुदाय को निशाना बनाकर जबरन वसूली, संगठित अपराध में संलिप्तता के आरोप में 17 भारतवंशी गिरफ्तार किए हैं। पील क्षेत्रीय पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, जबरन वसूली टास्क फोर्स ने स्थानीय व्यवसायों से जबरन वसूली के लिए इस्तेमाल किए जा रहे डराने-धमकाने, धमकियों और हिंसा के एक समन्वित अभियान का भंडाफोड़ किया है। गिरफ्तार किए गए अधिकांश लोगों के संबंध फॉर ब्रदर्स नामक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क से हैं। आरोपियों का संबंध 24 घटनाओं से है, जिनमें फॉर ब्रदर्स से जुड़ी 16 हिंसक घटनाएं शामिल हैं।

# भरोसे के लायक नहीं अमेरिका : ईरान

## हमलों पर भड़का तेहरान | इंटरनेट बहाली के बीच फिर बढ़ा तनाव





**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। दक्षिणी ईरान में अमेरिकी हमलों के बाद तेहरान ने अमेरिका पर युद्धविराम तोड़ने और बदनीयती दिखाने का आरोप लगाया है। ईरान ने साफ कहा है कि वह किसी भी हमले का जवाब दिए बिना नहीं छोड़ेगा। दूसरी तरफ लंबे समय से बंद इंटरनेट सेवाओं को भी अब धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य, तेल सप्लाई और युद्धविराम वार्ता को लेकर पूरी दुनिया की नजरें खाड़ी क्षेत्र पर टिक गई हैं। अमेरिकी सेना ने सोमवार को दक्षिणी ईरान में कुछ ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई रक्षात्मक थी और इसमें मिसाइल लॉन्च साइट्स तथा बारूदी सुरंग बिछाने वाली नौकाओं को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने दावा किया कि उसने संयम के साथ कार्रवाई की। लेकिन ईरान ने इसे सीधा युद्धविराम का उल्लंघन बताया। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका भरोसे के लायक नहीं है और अब हर परिणाम की जिम्मेदारी वॉशिंगटन की होगी। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने यह भी दावा किया कि उसने अपने हवाई क्षेत्र में घुसे एक ड्रोन को मार गिराया और दूसरे ड्रोन तथा लड़ाकू विमान को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।

ईरान और अमेरिका के बीच कतर में बातचीत चल रही थी, जिसका मकसद युद्धविराम को आगे बढ़ाना और हालात को सामान्य करना था। लेकिन ताजा हमलों के बाद स्थिति फिर तनावपूर्ण हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कालीबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची कतर से लौट चुके हैं। हालांकि आगे की रणनीति पर अभी कुछ साफ नहीं कहा गया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर खोलने पर बातचीत में अभी कुछ दिन लग सकते हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच भरोसे की कमी साफ दिखाई दे रही है।

# बांग्लादेश में कार्यस्थलों पर महिला पत्रकारों का हो रहा यौन उत्पीड़न

## नई इंटरनेशनल स्टडी में दावा



**ढाका।** बांग्लादेश में काम की जगह पर सुरक्षा को लेकर काफी चिंताएं बनी हुई हैं। एक नई इंटरनेशनल स्टडी से पता चला है कि देश भर में महिला पत्रकारों के साथ यौन उत्पीड़न होने की संभावना उनके पुरुष साथियों की तुलना में लगभग छह गुना ज्यादा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ज्यादातर घटनाएं करियर पर असर पड़ने के डर से रिपोर्ट नहीं की जाती है। बांग्लादेश में 339 मीडिया पेशेवरों को कवर करते हुए सर्वे में पाया गया कि 60 प्रतिशत महिला जवाब देने वालों को मौखिक यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जबकि नौ प्रतिशत पुरुष जवाब देने वालों को।

द बिजनेस स्टैंडर्ड के अनुसार, ये नतीजे डब्ल्यूएएन-आईएफआरए विमेन इन न्यूज, सिटी, सेंट जॉर्ज, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और बीबीसी मीडिया एक्शन द्वारा किए गए कई देशों के एक स्टडी का हिस्सा है। इसमें 21 देशों के 2,800 से ज्यादा मीडिया प्रोफेशनल्स का सर्वे किया गया। नतीजों के मुताबिक, 17 फीसदी महिला मीडिया प्रोफेशनल्स को काम वाली जगह पर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिनमें से आधे से ज्यादा ने इन घटनाओं की रिपोर्ट न करने का फैसला किया। इसमें यह भी कहा गया कि रिपोर्ट किए गए 43 फीसदी मामलों में मालिक भी एक्शन लेने में नाकाम रहे।

# पेरिस में दुर्लभ सार्वजनिक ट्रायल शुरू

- फ्रांस में नर्सरी स्कूल कांड पर बवाल
- परिजन बोले- अब देश को जागना होगा

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में बच्चों के साथ कथित यौन शोषण के एक बेहद संवेदनशील मामले की सार्वजनिक सुनवाई मंगलवार से शुरू हो गई। इस मामले में एक स्कूल सहायक पर छोटे बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप हैं। आमतौर पर फ्रांस में नाबालिगों से जुड़े मामलों की सुनवाई बंद कमरे में होती है, लेकिन इस बार पीड़ित बच्चों के माता-पिता ने खुद सार्वजनिक ट्रायल की मांग की है ताकि पूरे देश में बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ सके। यह मामला अप्रैल 2025 में सामने आया था, जब कुछ छोटे बच्चों ने अपने माता-पिता को बताया कि उनके साथ एक नर्सरी स्कूल में गलत हरकतें की गईं। इसके बाद जांच शुरू हुई और 36 वर्षीय स्कूल सहायक पर आरोप लगाए गए। आरोपी की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। उस पर आरोप है कि उसने अगस्त 2024 से अप्रैल 2025 के बीच स्कूल के बाथरूम, लंच ब्रेक और आफ्टर-स्कूल केयर के दौरान बच्चों के साथ यौन शोषण किया। उस समय बच्चों की उम्र सिर्फ 3 से 5 साल के बीच थी। आरोपी ने सभी आरोपों से इनकार किया है। इस मामले को लेकर फ्रांस में बच्चों की सुरक्षा पर नई बहस शुरू हो गई है। पीड़ित परिवारों और संगठनों का कहना है कि लंबे समय तक बच्चों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। आरोप है कि एक मां ने कई महीने पहले स्कूल प्रशासन को चेतावनी दी थी, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया।

# फ्रांस : पूर्व प्रेमी ने महिला को 487 से अधिक पुरुषों को बेचा

- मिली 25 साल जेल की सजा

**पेरिस।** फ्रांस में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। फ्रांस की एक महिला ने अपने पूर्व प्रेमी पर सात साल तक उसे प्रताड़ित करने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला ने ऑनलाइन मिले अजनबियों को बेचने का आरोप भी लगाया है। 42 वर्षीय महिला ने कहा कि गुइलौम बकी नामक पूर्व प्रेमी ने उन पर मनोवैज्ञानिक तरीके से काबू पा लिया था। महिला ने बताया कि बकी ने 2015 से 2022 तक उसे अपने वश में करने के लिए सैडोमासोकिस्टिक नाम के अश्लील खेलों का इस्तेमाल किया। उसने कहा कि जब उसके पूर्व साथी ने सैडोमासोकिज्म के अपने विचार साझा किए, तो उसने कुछ अलग सामान्य चीजों के बारे में सोचा था। हालांकि, महिला ने कहा कि ये हरकतें यौन हिंसा की थीं। महिला ने कहा कि उसे डर था, अगर वह उसे छोड़ देती तो वह उसके अंतरंग वीडियो जारी कर देगा। आरोपी प्रेमी बकी ने गला घोंटने, जलाने और पशुतापूर्ण कृत्यों जैसी घटनाओं को स्वीकार किया है। हालांकि, उसने कहा कि ये उनके अंतरंग संबंध के संदर्भ में सहमति से किए गए कार्य थे। उसने कहा कि उसे नहीं लगता कि वह उसे नुकसान पहुंचा रहा था। इन कृत्यों के अलावा उसने महिला पर वेश्यावृत्ति के लिए दबाव डालने की बात भी स्वीकार की। उसने माना कि उसने महिला को दोस्तों, सहकर्मियों और अजनबियों को बेच दिया।

# निहित स्वार्थों के कारण सुरक्षा परिषद में नहीं हो रहे सुधार

- वैश्विक मंच पर भारत की दो-टूक



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1945 की व्यवस्था में काम कर रही है। यह विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रही है। भारत ने आगे कहा कि निहित स्वार्थ उन सुधारों को रोक रहे हैं, जिनकी आवश्यकता इसे समकालीन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा, परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईएन) में प्रगति की कमी कई सदस्य देशों के यथास्थिति बनाए रखने और आठ दशक पुरानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संरचना को बरकरार रखने के निहित स्वार्थों का संकेत है। सुधारों में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र के कुछ सदस्य देशों का एक छोटा समूह बाधा डाल रहा है, जो स्वयं को यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (यूएफसी) कहते हैं। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है। इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। यह समूह बातचीत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए प्रक्रियात्मक दांव-पेच का इस्तेमाल करता है। हरीश परिषद में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखना और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली को मजबूत करना विषय पर हो रही बहस में बोल रहे थे। भारत के सुधार प्रस्तावों का मुख्य बिंदु परिषद की स्थायी सदस्यता का विस्तार करना है। उन्होंने ने कहा, हमें सदस्यता की स्थायी श्रेणी पर ध्यान देना चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए, जिससे इस परिषद की निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव आएगा। उन्होंने आगे कहा, बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार न ढलने से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अधिकार, विश्वसनीयता, वैधता और प्रभावशीलता और भी कम हो जाएगी।

# कनाडा और जर्मनी के बीच एलएनजी गैस निर्यात समझौता

**ओटावा।** कनाडा और जर्मनी के बीच तरलीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी निर्यात को लेकर बड़ा समझौता हुआ है। इसके तहत कनाडा हर साल जर्मनी को लगभग 10 लाख मीट्रिक टन एलएनजी की आपूर्ति करेगा। यह गैस कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित केएसआई लिसिम्स परियोजना से भेजी जाएगी। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अमेरिका पर व्यापारिक निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसी रणनीति के तहत यह समझौता काफी अहम माना जा रहा है। फिलहाल कनाडा अपनी ज्यादातर ऊर्जा अमेरिका को निर्यात करता है। जर्मनी लंबे समय तक रूस से गैस खरीदता रहा, लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप में ऊर्जा संकट बढ़ गया। रूस द्वारा गैस आपूर्ति कम करने से यूरोप के कई देशों में महंगाई बढ़ी और उद्योगों पर असर पड़ा। ऐसे में जर्मनी अब दूसरे देशों से ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता कनाडा की अर्थव्यवस्था और जर्मनी की ऊर्जा सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# पाकिस्तान में फिर दबे हिंदू विरासत के निशान

- कट्टरपंथियों के दबाव में आई पंजाब सरकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर में सड़कों और गलियों के पुराने ऐतिहासिक नाम बहाल करने की योजना अब कट्टरपंथी दबाव की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। पंजाब सरकार ने कुछ दिन पहले विभाजन से पहले के मूल नाम दोबारा बहाल करने की मंजूरी दी थी, लेकिन विरोध बढ़ने के बाद इस फैसले को फिलहाल रोक दिया गया है। अगर यह योजना लागू होती, तो लाहौर की कई सड़कें और इलाके फिर से अपने पुराने हिंदू और सिख नामों से पहचाने जाते। इस पूरे मामले ने पाकिस्तान में इतिहास, पहचान और कट्टरपंथ को लेकर नई बहस छेड़ दी है। लाहौर हेरिटेज एरिया रिवाइवल योजना के तहत शहर की पुरानी सांस्कृतिक पहचान वापस लाने की कोशिश की जा रही थी। इसी के तहत पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की संयुक्त बैठक में कई सड़कों और गलियों के पुराने नाम बहाल करने को मंजूरी दी गई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 20 मार्च को इसकी जानकारी भी सार्वजनिक की थी। योजना का मकसद बंटवारे से पहले के लाहौर की ऐतिहासिक विरासत को दोबारा सामने लाना था। लेकिन फैसले के सार्वजनिक होते ही कट्टरपंथी संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विरोध बढ़ने के बाद पंजाब सरकार अब अपने पुराने रुख से पीछे हटती दिखाई दे रही है। लाहौर के उपायुक्त ने कहा कि इस मामले में अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है और यह विषय विचाराधीन है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ चरमपंथी समूहों ने हिंदू और सिख नामों की बहाली को मजहबी मुद्दा बना दिया। इसके बाद सरकार ने टकराव से बचने के लिए फैसले को फिलहाल टाल दिया।

# ट्रंप ने पश्चिम एशिया में कवरेज पर उठाए सवाल

- कहा- ईरान की हार को भी जीत बताएगा मीडिया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पश्चिम एशिया संघर्ष की कवरेज को लेकर अमेरिकी मीडिया पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि कई बड़े मीडिया संस्थान उनकी सरकार और अमेरिका के खिलाफ पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईरान पूरी तरह आत्मसमर्पण भी कर दे, तब भी मीडिया उसे ईरान की जीत बताने की कोशिश करेगा। ट्रंप ने यह टिप्पणी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर की। उन्होंने अपने पोस्ट में द न्यूयॉर्क टाइम्स, द वॉल स्ट्रीट जर्नल और सीएनएन जैसे मीडिया संस्थानों पर निशाना साधा। ट्रंप ने कहा कि ये मीडिया संस्थान और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता पूरी तरह रास्ता भटक चुके हैं और पागल हो गए हैं।

**सीएनएन, न्यूयॉर्क टाइम्स और वाल स्ट्रीट जर्नल पर भड़के ट्रंप**

अपने लंबे पोस्ट में ट्रंप ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि अगर ईरान आत्मसमर्पण कर दे, उसकी सेना हथियार डाल दे और नेतृत्व हार मान ले, तब भी मीडिया यह दिखाएगा कि ईरान ने अमेरिका पर बड़ी जीत हासिल की है। हालांकि ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि किस खास रिपोर्ट या खबर से वह नाराज थे। लेकिन माना जा रहा है कि पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी स्थिति पर मीडिया कवरेज को लेकर उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी है।

# रिपोर्ट : बढ़ती इमारतों से बढ़ रहा गर्मी और प्रदूषण का संकट

**यूएनईपी ने विकास की इस रफ्तार पर चिंता जताई**

**वाशिंगटन।** दुनिया तेजी से आधुनिक शहर और ऊंची इमारतें बना रही है, लेकिन इसी विकास की रफ्तार ने पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा खड़ा कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर हफ्ते लगभग एक नया पेरिस खड़ा हो रहा है। हर दिन करीब 1.27 करोड़ वर्ग मीटर नए निर्माण हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ते कंक्रीट के जंगल अब जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, प्रदूषण और ऊर्जा संकट को और गंभीर बना रहे हैं। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देशों के बड़े शहर अब गर्म भट्ठियों में बदलते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और ग्लोबल एलायंस फॉर बिल्डिंग्स एंड कंस्ट्रक्शन की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माण क्षेत्र अब दुनिया के कुल कार्बन उत्सर्जन का 37 फीसदी हिस्सा बन चुका है। वहीं वैश्विक ऊर्जा खपत में इसकी हिस्सेदारी 28 फीसदी है। यानी जितनी तेजी से इमारतें बढ़ रही हैं, उतनी ही तेजी से ऊर्जा की खपत और प्रदूषण भी बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेड़ों की कटाई, कंक्रीट का विस्तार और तेजी से हो रहा शहरीकरण शहरों के तापमान को लगातार बढ़ा रहा है।




**भारत जैसे देशों पर सबसे ज्यादा असर क्यों?**

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में तेजी से बुनियादी ढांचा विकसित हो रहा है। नए शहर, हाईवे, मॉल, दफ्तर और बड़ी इमारतें लगातार बन रही हैं। इसी कारण पर्यावरण पर दबाव भी तेजी से बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शहरों में हरियाली कम होने और कंक्रीट बढ़ने से हीट आइलैंड इफेक्ट पैदा हो रहा है। इससे शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से ज्यादा हो जाता है। यही वजह है कि दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में गर्मी लगातार बढ़ रही है।

**2050 तक दुनिया के सामने कैसी चुनौती होगी?**

यूएनईपी की कार्यकारी निदेशक इंगर एंडरसन ने कहा कि 2050 तक दुनिया की आधी इमारतों का निर्माण या पुनर्निर्माण अभी बाकी है। यानी आने वाले वर्षों में निर्माण गतिविधियां और तेजी से बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि सरकारों के पास अभी मौका है कि वे नई इमारतों को पर्यावरण के अनुकूल बनाएं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि स्वच्छ और ऊर्जा दक्ष निर्माण तकनीकों के लिए 2030 तक करीब 5.9 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की जरूरत होगी।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089